सेंसेक्स 73,088.33 ▲ +599.34
डॉलर 83.370 ▼ -0.188

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	36.0	24.0	34.0
धनबाद	39.0	28.0	34.0
जमशेदपुर	41.0	28.0	36.0
पलामू	39.0	25.0	37.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, चैत्र शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत 2081 | रांची, सोमवार, 22 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-80, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | ईरान इजराइल युद्ध से धराशायी ... 08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | कांग्रेस ने परिवारवाद-भ्रष्टाचार का दीमक ...12 | देश-विदेश

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 69,650

चांदी (1 किलो) 90,000

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

आज के मैच

समय : 22 अप्रैल, 7:30 बजे से

स्थान : जयपुर

एक नजर

बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में लगी जेल अदालत, दो कैदी हुए रिहा

रांची। झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने रविवार को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत का आयोजन किया। यह आयोजन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्णकांत मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में बंद नौ बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था जिसमें दो बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए रिहा किया गया। रिहा किए गए कैदियों का नाम आनंद कच्छप और धनंजय तिर्की है।

आजकल

उलगुलान न्याय महारैली : राज्य के विभिन्न जिलों से जुटे भारी संख्या में कार्यकर्ता

इंडी गठबंधन का मोदी सरकार पर हमला

- जबसे मोदी सरकार बनी है तब से देश में केंद्रीय एजेंसियों का गलत उपयोग हो रहा है
- रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और लालू यादव स्वास्थ कारणों से शिरकत नहीं कर पाए
- भाजपा संविधान खत्म करना चाहती है, केंद्र विपक्ष मुक्त लोकतंत्र की साजिश कर रही
- टीएमसी नेता ने कहा पीएम मोदी खाने पीने की आजादी पर रोक लगाना चाहते हैं

भाजपा के लोग हमारी शक्ति को नहीं तोड़ सकते : खरगे

उपेंद्र गुप्ता। रांची

दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटान के बाद रविवार को रांची में इंडी गठबंधन के नेताओं का जमावड़ा लगा। कल्पना सोरेन की अगुवाई में जेएमएम की ओर से धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली में गठबंधन के कई बड़े नेता पहुंचे। रैली में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी से उत्साहित इंडी गठबंधन के लगभग सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। मुख्य मंच के ठीक नीचे दोनों ओर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जेल के सलाखों के बीच से झांकते बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए थे। इसे ही रैली का केंद्र बिंदू बनाते हुए सभी प्रमुख नेताओं ने केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों ईडी, सीबीआई और आईटी का गलत इस्तेमाल कर विपक्ष को परेशान करने का आरोप लगाया। महारैली में गठबंधन के कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्रियों व वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने झूठ बोलकर सत्ता हासिल की है और जनता ठगी महसूस कर रही है। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और लालू यादव स्वास्थ कारणों से शिरकत नहीं कर पाए, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे रैली में काफी विलंब से पहुंचे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे 500, 400 सीटें कहते रहते हैं, लेकिन इस बार गठबंधन की 'शक्ति' इतनी मजबूत है कि चाहे वह पीएम मोदी हों या कोई भी हो, भाजपा के लोग हमारी शक्ति को नहीं तोड़ सकते। वे हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं। भाकपा माले के दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है । केंद्र सरकार विपक्ष मुक्त लोकतंत्र की साजिश कर रही है और हम इस साजिश को नाकाम करेंगे। उन्होंने कहा कि देश में

बेरोजगारी और महंगाई मुद्दा है लेकिन उसपर कोई भी बात नहीं करता। उन्होंने कहा कि झारखंड से एचईसी को खत्म कर दिया गया।

शेर को गिरफ्तार किया है दहाड़ को नहीं : अखिलेश

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब इन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजा, उसी वक्त वे चुनाव हार गये। उन्होंने कहा कि मैदान में जब पहलवान हारने लगता है तब कई तरह के हथकंडे अपनाता है। भाजपा यह न भूले कि उसने शेर को गिरफ्तार किया है लेकिन उसकी दहाड़ अभी भी गिरफ्तार नहीं हुई हैं। टीएमसी नेता विवेक गुप्ता ने कहा पीएम मोदी खाने पीने की आजादी पर रोक लगाना चाहते हैं।

भाजपा की नजर राज्य के खनिज संपदा पर : चंपाई

झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि जिस जमीन को लेकर हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है वह भुंइयरी जमीन है, जिसे ना तो खरीदा जा सकता है और ना ही बेचा सकता है। उसके बाद यहां सीएनटी-एसपीटी एक्ट लागू है, जमीन खरीद-बिक्री का सवाल ही नहीं है, इसके बावजूद झामुमो के मुखिया को जेल भेजा गया। सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा की नजर राज्य के अकूत खिनज संपदा पर है, जिसे वह लूटना चाहती है और आदिवासियों के संसकृति, इतिहास और अस्तित्व को मिटाना चाहती है।

हेमंत और अरविंद की कुर्सी रही खाली

प्रभात तारा मैदान में सभा स्थल के मुख्य मंच में दो कुर्सियां खाली रखी गई थी, एक कुर्सी हेमंत सोरेन और दूसरी कुर्सी अरविंद केजरीवाल की थी । मंच के दोनों तरफ जेल में बंद हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के पोस्टर लगाए गए थे। रैली में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा के नारे बीच-बीच में लगाते रहे।

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का पत्र पत्नी कल्पना ने पढ़कर सुनाया

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने केंद्र और बीजेपी पर जमकर हमला बोलते हुए हेमंत सोरेन की ओर से जेल से भेजे गए पत्र को पढ़कर सुनाया। पत्र में हेमंत ने कहा कि षडयंत्र रच कर उन्हें जेल के अंदर रखा गया है। उनकी तरह अरविंद केजरीवाल को भी जेल में बंद किया गया है। जबसे केन्द्र में मोदी सरकार बनी है तब से देश में केंद्रीय एजेंसियों का गलत उपयोग किया जा रहा है। झारखंड में पलायन, विस्थापित और बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर बात नहीं की जा रही।

दोष साबित होने से पहले ही जेल में डाल दिया : सुनीता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनके पति अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को भी जेल में डाल दिया। कहते हैं जांच चल रही। यह कैसी जांच है। दोष साबित होने से पहले ही जेल में डाल दिया। अरविंद केजरीवाल ने जेल से कहा है कि यदि मौका देंगे तो हम सब मिलकर देश को महान बनाएंगे। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि जहां तक नजरें जा रहीं है वहां भीड़ ही भीड़ है। इसका मतलब भाजपा भागेगा देश बचेगा।

रैली में मारपीट, कांग्रेस व राजद कार्यकर्ता भिड़े

इंडी गठबंधन की रांची उलगुलान रैली में राष्ट्रीय जनता दल व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हुई है। इस दौरान कुछ लोग घायल हो गए। जब गठबंधन के नेता लोगों को संबोधित कर रहे थे तभी राजद व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं आपस में भिड़ गए। ोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी, डंडा आदि लेकर टूट पड़े। वहां मौजूद लोगों व सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक कुछ लोग चोटिल हो गए थे। इससे रैली में अफरातफरी मच गई, लोग भागने लगे। इस दौरान कई लोग जमीन पर गिर पड़े। बताया गया कि राजद के कार्यकर्ताओं की चतरा से इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के गुट से किसी बात पर भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी का सिर फट गया। गोपाल त्रिपाठी ने इसे लेकर धुर्वा थाने में मामला दर्ज कराया है। वहीं उन्होंने डीसी और एसपी से भी घटना को लेकर शिकायत की है।

संविधान की दुहाई देने वाले न्यायपालिका का कर रहे अपमान : डॉ गुरु प्रकाश पासवान

लालू व शिबू सोरेन को कांग्रेस ने भेजा था जेल, अब दोनों साथ-साथ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गुरु प्रकाश पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल का घोटाला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर यह दोनों जेल में है। संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियां न्यायपालिका का अपमान कर रही है। शिबू सोरेन और लालू यादव को जेल में कांग्रेस ने डाला था। मंच पर जुटी पार्टियां जेल में डालने वालों से गलबहियां कर रही है। इन पार्टियों में परिवारवाद और

तुष्टिकरण ही समानता है।

डॉक्टर पासवान ने कहा कि इस रैली में पार्टियों का चरित्र, चेहरा, संस्कार सब प्रदर्शित हो गया है। लोकतंत्र का महापर्व चुनाव होता है। रैली में शर्मसार करने वाला दृश्य सामने आया है। मर्यादित और असभ्य हरकत की गई। रैली चल रही थी और हिंसा हो रही थी। अपशब्द बोले जा रहे थे। ऐसे में इन लोगों को लोकतंत्र और संविधान पर बोलने का कोई अधिकार नहीं रहा जाता है। भाजपा प्रवक्ता हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में रविवार को संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

सीता सोरेन का हेमंत पर हमला

कदम-कदम बढ़ाए जा, झारखंड को नोच खाए जा

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर उनकी भाभी और दुमका लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी सीता सोरेन ने जोरदार हमला बोला है। उन्होंने रविवार को एक्स पर हेमंत सोरेन का कंधे पर गठरी ढोता हुआ पोस्टर शेयर किया, इस पर लिखा, कदम-कदम बढ़ाए जा, झारखंड को नोच खाए जा। पोस्टर में इस स्लोगन को इंडी एलायंस का एंथम बताया गया है। सीता सोरेन ने लिखा है, बाती में तेल नहीं, जनता से कोई मेल नहीं। भ्रष्टाचार और अत्याचार से गठबंधन को परहेज नहीं। जिस प्रकार दीया बुझने से पहले खूब तेजी से फड़फड़ाता है, ठीक उसी प्रकार अपना राजनीतिक अस्तित्व मिटने से पहले इंडी गठबंधन वाले आखिरी बार ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

कांग्रेस ने रांची से सुबोधकांत की पुत्री व गोड्डा से प्रदीप यादव को दिया टिकट

- विधायक दीपिका पांडेय सिंह का गोड्डा से टिकट कटा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांग्रेस पार्टी ने झारखंड के दो लोकसभा सीट के लिए रविवार रात दो उम्मीदवारों की घोषणा की है। रांची के पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय को रांची से टिकट दिया गया है। वहीं गोड्डा लोकसभा सीट से दीपिका पांडेय सिंह को बदलकर प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। प्रदीप फिलहाल पोडैयाहाट के विधायक हैं। कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

चमरा लिंडा कर सकते हैं लोहरदगा से नामांकन

इधर एक और राजनीतिक घटनाक्रम के गुमला के बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा द्वारा अपना नया जाति प्रमाण पत्र बनवाने की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि पहले के उनके जाति प्रमाण पत्र में कुछ त्रुटि थी। इसके बाद आनन-फानन में नया जाति प्रमाण पत्र बनवाया गया है। इससे चमरा लिंड के लोहरदगा से नामांकन करने की अटकलें तेज हो गई हैं। मालूम हो कि झामुमो पहले से कांग्रेस से लोहरदगा सीट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

इंडिया

उलगुलान रैली में उलगुलान और इसके मायने

सुनील बादल

रविवार को इंडी गठबंधन में शामिल दलों की संयुक्त रैली को 'उलगुलान' न्याय रैली का नाम दिया गया जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया। उलगुलान जनजातीय भाषा-संस्कृति का शब्द है। ऐतिहासिक संदर्भों में इसका उपयोग आदिवासी अस्मिता एवं जल, जंगल, जमीन पर होने वाले हमलों के खिलाफ विद्रोह या क्रांति के लिए किया जाता रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के महान आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा ने 1899-1900 में अंग्रेजी शासकों और उनके समर्थक साहूकारों-सूदखोरों के अत्याचारों को आदिवासियों के स्वशासन-स्वराज और पहचान पर हमला बताते हुए उलगुलान का ऐलान किया था। झामुमो ने इससे प्रेरणा लेकर अबुआ दिशुम अबुआ राज का नारा देकर झारखंड के लिए आंदोलन किया था। रैली के लिए उलगुलान शब्द का प्रयोग कर आयोजक झारखंड मुक्ति मोर्चा ने संदेश देने का प्रयास किया कि वह राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को आदिवासी अस्मिता पर हमले के तौर पर प्रचारित करे और लोकसभा चुनाव में भावनात्मक मुद्दे के रूप में इसे भुनाए। रैली के मुख्य मंच पर हेमंत सोरेन को जेल की सलाखों के भीतर दशार्ती एक बड़ी तस्वीर रखी गई और जगह-जगह पर मोटे अक्षरों में उलगुलान शब्द लिखा गया। हेमंत सोरेन की पत्नी और रैली की मुख्य आयोजनकर्ता कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता के लिए, अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में बंद जननेताओं की रिहाई के लिए, जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए झारखंड और झारखंडियत की रक्षा के सवालों के लिए उलगुलान है। उन्होने रैली के अपने संबोधन में हेमंत सोरेन का जेल से भेजा गया संदेश भी पढ़ा कि देश में आज लोकतंत्र खतरे में है। हम अपना हक मांगते है तो हमें जेल में डाल दिया जाता है। सोरेन परिवार की बड़ी बहू भाजपा नेता सीता सोरेन ने कहा कि उलगुलान अंग्रेजों के विरुद्ध हुआ था और झारखंड आंदोलन को बेचने वाले लोग उलगुलान की बात कर रहे हैं। भाजपा ने रैली के लिए उलगुलान शब्द के प्रयोग पर आपत्ति की है। झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, आदिवासी समाज की जमीनों और उनके संसाधनों को लूटने और तबाह करने वाले उलगुलान जैसे पवित्र शब्द का इस्तेमाल कैसे कर रहे हैं? इंडी गठबंधन के साथियों को इतिहास में झांककर उलगुलान विद्रोह के बारे में पढ़ना चाहिए। उन्होने कहा कि उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों, उनके अधिकारों को जमीदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोध स्वरूप उत्पन्न हुआ था। आज इंडी गठबंधन उन्हीं साहूकारों और जमीदारों की तरह आदिवासी समाज की जमीनों को हड़पकर उलगुलान जैसे शब्द का राजनीतिकरण कर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। उन्होने सोशल मीडिया पर लिखा, यह भ्रष्टाचारियों का भ्रष्टाचारियों के लिए भ्रष्टाचारियों द्वारा आयोजित किया जा रहा सम्मेलन है। आज उलगुलान रैली में ही उलगुलान हो गया और मारपीट में चतरा के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी को खून लगे कपड़ों में देखा गया जिनहोने धुर्वा थाने में मामला दर्ज कराया। कुर्सियों की फेंका फेंका फेंकी के दृश्य टीवी चैनलों के अलावा सोशल मीडिया पर चलते रहे। एक झारखंडी टीवी चैनल में तख्ती दिखाई दी जिसमें बाहरी भगाओ नीचे चास लिखा हुआ था पर बाद में जो उसी तरह की तख्ती दिखी उसमें चतरा के कांग्रेस उम्मीदवार को बाहरी बताया गया। झामुमो भीतरी-बाहरी के विवाद को हवा देती रही है 2016 में राजभवन के समीप महाधरना में झामुमो के तत्कालीन कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था यदि झारखंडी को खुश रहना है तो हर हाल में राज्य से बाहरियों को भगाना होगा। बाहरी सिर्फ शोषण करते हैं। जब तक झारखंड में बाहरी राज करेंगे, यहां के आदिवासी-मूलवासियों को किसी भी कीमत पर उनका हक अधिकार नहीं मिलेगा। चतरा में भाजपा के सांसद सुनील सिंह का भी विरोध हुआ था और अब पलामू के केएन त्रिपाठी का विरोध हुआ जबकि चतरा लोक सभा का कुछ क्षेत्र पलामू में भी आता है। घायल श्री त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि ये आरएसएस भाजपा के एजेन्टों ने मारपीट की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नवीन मेल से कहा कि सरकार उनकी है और फोटो सभी मारपीट करने वालों के आ ही गए हैं जांच कर गिरफ्तारी हो सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार ये मामला आरजेड़ी और कांग्रेस की आपसी लड़ाई का है और इसका चुनाव पर भी असर पड़ सकता है। इस मारपीट से भाजपा को लाभ मिल सकता है पर इस मारपीट के गहरे मायने यह भी हैं कि बाहरी भीतरी की राजनीति का असर अन्य लोक सभा क्षेत्रों पर भी पड़ेगा। गोड्डा में कांग्रेस ने दीपिका पांडे सिंह का टिकट काट कर प्रदीप यादव को दिया इसके पीछे भी यही विवाद बताया जाता है। धनबाद में झारखंड में भोजपुरी, मगही, अंगिका, मैथिली और बांग्ला भाषा का विवाद पुराना है जिस पर तीनों बड़ी पार्टियां कांग्रेस,भाजपा और झामुमो दो फाड़ रही हैं।

चतरा में एक करोड़ 40 लाख की अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

गिद्धौर थाना पुलिस ने एक करोड़ 40 लाख की अफीम के साथ तस्करी के आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 28 किलो 85 ग्राम अफीम और दो मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त किया है। दोनों बाहर से अफीम मंगवाकर और उसे तैयार कर पंजाब, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में भेजते थे। आरोपितों में गिद्धौर मेन चौक निवासी महेंद्र दांगी और उसके पुत्र दीपेंद्र दांगी शामिल हैं। यह जानकारी सिमरिया एसडीपीओ अजय कुमार केसरी ने रविवार को सिमरिया स्थित कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरली टोला स्थित महेंद्र दांगी के जानवर शेड में भारी मात्रा में अफीम रखा हुआ है, जिसे बाहर भेजने की तैयारी है। सूचना पर गठित छापेमारी टीम ने कार्रवाई करते हुए बरली टोला स्थित जानवर शेड पहुंचकर अफीम बरामद किया। साथ ही पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या 28/24 के तहत एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया।

एक नजर

समय का सदुपयोग कर पढ़ने-लिखने की आदत डालें कैदीः दिनेश बाउरी

खूंटी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकारा खूंटी में रविवार को जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी ने कहा कि सभी कैदियों का विचारण बड़ी तेजी से हो रहा है और कैदी अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वादों का जल्द से जल्द निपटारा कराएं। उन्होंने अनिवार्य बेल, जमानत एवं गैर जमानतीय वारंट्स तथा प्रोबेशन ऑफ ऑफेंडर्स एक्ट के बारे जानकारी देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया और निःशुल्क न्याय के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में चल रहे अपने-अपने सभी वादों की जानकारी रखना आपका हक है। आपको निःशुल्क न्याय पाने का हक है, बशर्ते आप लेने के लिए हमेशा आगे बढ़े और जागरूक रहें।

महावीर जयंती पर खूंटी में निकली शोभायात्रा, भगवान को कराया गया नगर भ्रमण

खूंटी। जैन समाज खूंटी द्वारा रविवार को पूरे भक्ति भाव के साथ महावीर जयंती मनाई गई। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म, दया की भावना हृदय में डालने ये पर्व हमें सीखता है। जैन समाज के लोगो द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ महावीर जयंती की शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजा की टीम के साथ निकाली गई शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष भजन कर रहे थे। जैन समाज के लोगों द्वारा भगवान महावीर को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के बाद वापस जैन मंदिर पहुंची जहां भगवान की अभिषेक के साथ पूजा की गई। शाम में सामूहिक महा आरती के साथ भगवान महावीर के संदेशों को बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शेखर चंद जैन, प्रकाश चंद जैन, अरविंद जैन, अशोक जैन, बंटी जैन का योगदान रहा।

रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान में पकड़े गए 1933 यात्री

रामगढ़ । धनबाद मंडल अंतर्गत बरकाकाना रेल जंक्शन पर मजिस्ट्रेट चेकिंग और टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। धनबाद मंडल के द्वारा टीम बनाकर गहन जांच की गई है। इस अभियान में मंडल के धनबाद-पहाड़पुर और गोमो-चंद्रपुर खंड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग के साथ- साथ मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि इस दौरान की गई चेकिंग में 194 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था।

दुमका में गलत इंजेक्शन से पर्शियन बिल्ली की मौत का आरोप

डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज

नवीन मेल संवाददाता। दुमका
रेफरल पशु अस्पताल में रविवार को सुई लगाने के बाद पर्शियन बिल्ली की मौत हो गई। स्वजन ने डॉक्टर और कंपाउंडर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए नगर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुधानी निवासी अब्दुल फिरोज के बेटे नदीम ने लगभग चार माह पूर्व कोलकाता से एक पर्शियन बिल्ली खरीदी। दो माह की इस बिल्ली को बड़े ही अरमान से घर लाकर पालपोश कर बड़ा किया। पालतू होने के कारण परिवार के एक सदस्य के रूप में उसकी परवरिश हुई। रविवार की सुबह बुखार होने की वजह से बिल्ली की तबीयत बिगड़ गई। अब्दुल नदीम उसे इलाज के लिए रेफरल पशु अस्पताल ले गया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. विद्या भूषण ने जांच करने के बाद चार सुई लिख दी। नदीम बाहर से सुई खरीदकर लाया। कंपाउंडर सुरेंद्र ने

सभी सुई बिल्ली को लगा दी। इंजेक्शन लगते ही बिल्ली की तबीयत और बिगड़ गई। बिल्ली के स्वामी का कहना है कि दस मिनट के अंदर बिल्ली के मुंह से झाग आने लगा। इसके बाद मुंह से खून आया और तड़पकर मर गई। आरोप लगाया कि डॉक्टर की लापरवाही और कंपाउंडर के गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने के कारण बिल्ली की मौत हो गयी। इसके बाद स्वजन बिल्ली को लेकर नगर थाना पहुंचे और अब्दुल नदीम ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए डॉक्टर और कंपाउंडर पर उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिला है।

आशुतोष तिवारी आजसू पार्टी के बने केंद्रीय सचिव, लोगों ने दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो
चान्हो प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी को आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव का पदभार दिया है। सांगठनिक कुशलता और राजनीतिक दूरदर्शिता को देखते हुए आशुतोष तिवारी को आजसू पार्टी ने इस पद पर नियुक्त किया है। केंद्रीय सचिव बनाए जाने के बाद आशुतोष तिवारी ने कहा कि पार्टी ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है उस पर मैं शत प्रतिशत खरा उतरूंगा। मैं जनता की सेवा शुरू से ही करते आ रहा हूं । अब केंद्रीय सचिव बन जाने के बाद मैं जनता की सेवा और मेहनत से करूंगा। उनके दुख दर्द में शामिल रहूंगा और दूर करने का प्रयास करूंगा । पार्टी और जनता का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह जनता का प्यार है कि वह हमसे कम से कदम मिलाकर चलते हैं। जिसका नतीजा आज आजसू पार्टी ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी से जुड़े

हुए महज डेढ़ महीना हुआ है और आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव के पद पर आशुतोष तिवारी को नियुक्त किया है। तैलिक विकास संघ चोरिया के अध्यक्ष अनिल कुमार साहु ने कहा कि केंद्रीय सचिव बनाए जाने पर आशुतोष तिवारी को हमारे समाज की तरफ से बहुत सारी बधाई। आगे उन्होंने कहा कि आशुतोष तिवारी शुरू से जनता के दिलों में राज करते आए हैं। उन्होंने जनता की समस्याओं को सुना। इसी का नतीजा रहा कि जनता ने उन्हें सर पर बिठाते हुए भारी मातों से जिला परिषद सदस्य के रूप में चुना और आज आंजसू पार्टी ने उन्हें केंद्रीय सचिव का पद दिया।

समाजसेवी की पुण्यतिथि पर पुत्र ने समर्पित किया गायत्री ज्ञान रथ

खूंटी। समाजसेवी नानाश्री रमन महतो की प्रथम पुण्यतिथि पर रविवार को गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बालमुकुंद कश्यप द्वारा सहायक ट्रस्टी सीमा सिंह को गायत्री ह्लज्ञान रथ की चाभी सौंपी गई। मौके पर कश्यप ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञान रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण का संदेश देंगे। दिवंगत नानाश्री रमन महतो के अधूरे कार्य को पूरा करने में यह ज्ञान रथ मील का पत्थर साबित होगा। गायत्री परिवार खूंटी के सदस्य मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं। मौके पर उनके आवास में 12 घंटे का अखंड जाप एवं हवन का कार्यक्रम हुआ। शाम में वृद्धाश्रम में वृद्धों को भोजन कराया गया। इस पूरे कार्यक्रम में गिरीश जायसवाल, पूर्णेन्दु जायसवाल, रांची के डॉक्टर सुखदेव साहू पवन कुमार दास गुमला के पंचू साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

दबाव डालकर रविवार को भी काम कराने का विरोध

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
आरसीएमएस इंटक तथा रैयत विस्थापित मोर्चा के दबाव में सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन को संडे ड्यूटी 3 अप्रैल के पूर्व की स्थिति में करना पड़ा। मालुम हो कि शनिवार को ही आरसीएमएस व प्रबंधन के साथ हुए वार्ता में एनके महाप्रबंधक ने आश्वस्त कर दिया था कि 3 अप्रैल के पूर्व की स्थिति के अनुसार ही सभी परियोजनाओं में सभी कामगारों को संडे ड्यूटी दिया जाएगा। यह बात इंटरनेट मीडिया पर आ गई। अन्य यूनियनों ने सीसीएल मुख्यालय स्तर पर प्रबंधन पर दबाव बनाया कि इतना बड़ा फैसला केवल एक यूनियन के साथ वार्ता कर कैसे लिया गया। इसके बाद आनन फानन में एरिया के स्टाफ आफिसर कार्मिक ने एक सूचना निकाली कि रविवारीय नियोजन संबंधी व्हाटसअप पर प्रचारित संदेश निराधार और भ्रामक है। रविवारीय

नियोजन 3 अप्रैल को जारी आदेश यथावत है, इसमें कोई संशोधन नहीं किया गया है। सूचना जारी होते ही आरसीएमएस यूनियन के नेता भड़क गए। आरसीएमएस तथा रैयत विस्थापित मोर्चा एक साथ प्रबंधन के खिलाफ खड़े हो गए और रविवार को केडीएच सहित अन्य परियोजनाओं में बंद की घोषणा कर दी गई। इसका असर हुआ और रविवार सुबह से ही केडीएच व पुरनाडीह में काम प्रभावित हो गया। सुबह दस बजे एनके महाप्रबंधक कार्यालय में आरसीएमएस व रैयत विस्थापित मोर्चा के नेताओं व प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। करीब दो घंटे तक वार्ता चला। रैविमोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने कहा कि परियोजना की स्थिति के लिए मजदूर जिम्मेवार नहीं है इसलिए मजदूरों के संडे ड्यूटी में कटौती का प्रबंधन का निर्णय उचित नहीं है। यहां के रैयत विस्थापित मजदूर अपनी जमीन देकर एवं पर्यावरण के विपरीत अपनी खून पसीना बहाकर देश की ऊर्जा बढ़ा रहे हैं।

सीआरपीएफ ने शहीद हवलदार एएम भेंगरा को दी श्रद्धांजलि, पत्नी को किया सम्मानित

खूंटी। लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले बलिदानी नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने की कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा रविवार को आरसी मध्य विद्यालय रोहने तपकरा में बलिदानी हवलदार जीडी एएम भेंगरा के बलिदानी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बलिदानी एएम भेंगरा टोपनो 30वीं बटालियन सीआरपीएफ में तैनाती के दौरान आज ही के दिन जम्मू कश्मीर के पुंछ जिला में आतंकवादियों से वीरता पूर्वक लड़ते हुए देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। बलिदानी दिवस पर उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल 94 बटालियन ने बलिदानी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी पत्नी अलिशा भेंगरा को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किया और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की। मौके पर तपकरा थाना प्रभारी श्यामल कुमकर, आरसी मध्य विद्यालय रोहने की प्राचार्या इमलिया गुड़िया सहित अन्य ग्रामवासी और सीआरपीएफ के जवान उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

मांडर में सड़क किनारे गढ़े में एक शव मिला

मांडर। पुलिस ने रविवार सुबह थाना के बूढ़ाखुखरा स्थित बिसाही मोड़ के समीप मुख्य पथ सड़क किनारे गढ्ढे से एक शव बरामद किया गया। शव की पहचाना मलटोटी निवासी (30 वर्षीय) दीपक पहान के रूप में की गई। उसी गढ्ढे में उसकी केटीएम बाइक भी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दीपक टेंट हाउस संचालक था। वह शनिवार को अपने टेंट हाउस का सामान की बुकिंग नारो गांव की थी वह इसी सिलसिले में अपने घर से बाइक में अकेले ही नारो गांव गया था। लोगों का कहना था कि हो सकता है कि नारो से वापस लौटने के क्रम में बिसाही मोड़ के निकट वह बाइक से असंतुलित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गढ्ढे में गिर गया होगा और वहीं पर उसकी मौत हो गयी होगी। रविवार की सुबह करीब पांच बजे किसी ने उसे बाइक सहित गढ्ढे में गिरा देखा और इसकी सूचना मांडर पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मृतक दीपक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चे को छोड़ गया।

जलमीरा से लोगों को नहीं मिल पा रहा है एक बूंद भी पानी, लोगों की परेशानी बढ़ी

सिल्ली। झारखंड में गर्मी का कहर लगातार जारी है और जैसे-जैसे भीषण गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे ही पानी की समस्या भी क्षेत्र में बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में सिल्ली प्रखंड के नागेडीह पंचायत के अंतर्गत जारागोड़ा के वनधार निवासी संतोष कुमार महतो ने पानी की समस्या की जानकारी देते हुए बताया की वनधार निवासियों को पीने के पानी के लिए बहुत परेशानी हो रही है। वर्तमान समय में सिंचाई कुप के पानी पीने को मजबूर हैं। इसकी सूचना जलदाय विभाग को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने दी है और अतिशीघ्र वनधार में लगी जलमीनार का अधूरा काम को पुरा करने की मांग की है। जिससे वहां के निवासियों को पीने का पानी का समस्या का समाधान हो सके।

इंडिया गठबंधन अनु जाति समाज को कर रहा है शोषण : उपेन्द्र

रांची। रविवार को भाजपा नेता एवं अनुसूचित जाति समन्वय समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जो वर्ग पहले शोषित थ आज वह वर्ग गरीब दलितों का शोषण कर रहें हैं बिहार में राजद यूपी में समाजवादी और झारखंड में झामुमो और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस इसी तरह से कई राज्यों क्षेत्रीय दल गरीब अनुसूचित जाति बहुजन समाज के लोगों का शोषण व प्रताड़ित कर रहे है यही वजह है कि आज बड़े पैमाने पर अनुसूचित जाति समाज के लोग भारतीय जनता पार्टी के नीति सिद्धांत कार्य योजना,विकास एवं बाबा साहेब के विचारों के आगे बढ़ाने व सम्मान को ध्यान में रख कर साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि इसमें से कई दल ऐसे हैं जो अनुसूचित जाति को खुलेआम गाली दे रहे हैं अनुसूचित जाति के आरक्षण, प्रोन्नति, आदि के विरोधी हैं लेकिन वह दिखावे के लिए बहुजन कॉन्सेप्ट अलापते रहते हैं और संविधान बदलने व आरक्षण खत्म करने के भ्रम फैलाते हैं जबकि सच कुछ और है उन्होंने कहा कि आज झारखंड सरकार भी अनुसूचित जाति की कई क्षेत्र में प्रताड़ित व संविधानिक अधिकार छिनने का काम किया है चाहे मेयर सीट हो अनुसूचित जाति छात्रावास हो स्थानीय नीति हो अनु जाति आयोग मंत्रीमंडल में एक भी अनु जाति का प्रतिनिधित्व नहीं आदि वहीं राष्ट्रीय सचिव सुरेन्द्र पासवान ना कहा कि राजद के नेता चिराग पसवान सहित अनु जाति समाज को गाली दे रहा जिसका जबाब समाज वोट से देगा

आग लगने से चार घर जले, लाखों का हुआ नुकसान

कोडरमा। जिले के मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गगरेसिंगा में रविवार देर शाम को आग लगने से घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते घरों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आग की खबर सुन कर गांव के ग्रामीण जमा हो गये। आग बुझाने का प्रयास करने लगे। आसपास में न तो चापानल था और न ही तालाब। घर के बगल कुआं था लेकिन सूखा था। ग्रामीण एकजुट होकर घर के पानी से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। चल रही पछुआ हवा के कारण आग भड़क गयी थी। विकराल रूप देख कर ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। अग्निशमन वाहन गांव तक पहुची परन्तु रास्ता संकीर्ण रहने के कारण वाहन घटनास्थल पर नही पहुंच पाई। ग्रामीणों ने कडी मशक्कतके बाद आग पर काबू पाया। वरना कई और घर जल कर राख हो जाता। घटना में चार परिवार केदार साव, गिरजा देवी, माया देवी, सकुन्तला देवी का घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिजनों ने बताया कि घर में रखे हजारों रुपये नकद समेत गहना, कपड़ा खाने पीने की सामग्री, बिस्तर, पुआल, पंखा, चावल दाल आदि सामान जलकर राख हो गया और लाखों रुपये की संपत्ति जल गयी।

अपनी परंपरा और पर्यावरण की हर हाल में रक्षा करें : कोचे मुंडा

खूंटी। अखिल भारतीय सरना समाज के तत्वावधान में मंगलवार को तोरपा में प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। पाहनों की देखरेख में शांति नगर स्थित सरना स्थल पर पूजा-अर्चना की। पूजा अनुष्ठान में भारी संख्या में सरना धर्मावलंबी शामिल हुए। सरहुल महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक कोचे मुंडा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने विभिन्न गांवों से पहुंचे पाहनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूजा अर्चना के बाद प्रखंड मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो मेन रोड होते हुए हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा तक गई, जहां प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोचे मुंडा ने कहा कि आज दुह्यख-विपत्ति क्यों आ रही है, क्योंकि हम अपनी परंपरा को छोड़ते जा रहे हैं और प्रकृति का संरक्षण नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज ऑक्सीजन देंने वाले पीपल, तुलसी आदि में हर दिन पानी डाला करते थे। इससे पेड़ों को संजीवनी मिलती है, पर हम इस तरक की कई परंपराओं का छोडते जा रहे है। विधायक ने कहा कि यदि हम अपनी परंपरा और प्रकृति का सरंक्षण संवर्द्धन नहीं करेंगे, तो पूरी दुनिया का विनाश तय है।

इंडी गठबंधन के पास ना कोई मोदी का विकल्प है और ना ही राष्ट्र के लिए संकल्प : सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता। रांची/जमशेदपुर
आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इंडी गठबंधन के पास ना कोई मोदी का विकल्प है और ना ही राष्ट्र के लिए संकल्प। सत्तारूढ़ जेएमएम और कांग्रेस का एक ही ध्येय है तुष्टीकरण की राजनीति करना। जेएमएम का तो सारा समय और ध्यान प्रदेश में अपने परिवार को स्थापित करने और लिए झारखंड को ही विस्थापित बनाने में लगा हुआ है। सुदेश कुमार महतो रविवार को डिमना लेक एरिया, जमशेदपुर में आयोजित जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पांच लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार 10 हजार नौकरियों का भी आंकड़ा नहीं पार कर पाई है। स्थानीय, विस्थापित और नियोजन नीति का वादा कर सत्ता में बैठने वाले लोगों ने अपने वादों को भुला दिया। राज्य की जनता को साढ़े चार साल न कोई नीति मिली न ही नियोजन मिला। महतो ने कहा कि राज्य के मूलवासियों और आदिवासियों की भलाई के लिए एक भी निर्णय इन्होंने नहीं लिया। अबुआ आवास को इन्होंने बबुआ आवास बना दिया है। किस जरूरतमंद को आवास मिले यह फैसला ग्राम सभा को करना चाहिए था लेकिन इनकी गलत नीतियों के चलते यह फैसला दफ्तर में बैठे बाबू ले रहे हैं। जो पैसा दे सकते हैं उन्हें आवास दिया जा रहा है। राज्यहित की बात करने वाले लोगों की सत्ता में आने के बाद प्राथमिकता ही बदल गई। नीति और नियोजन नहीं, यहां की खान संपदा का दोहन करना और जनता को छलना इनकी प्राथमिकता बन गई है। आजसू के इस सम्मेलन में जमशेदपुर लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार विधुत वरण महतो भी उपस्थित रहे।

बुनियादी सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

वोट बहिष्कार का किया ऐलान

नवीन मेल संवाददाता। गुमला
बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों के चार बूथ के लोगों ने सड़क नही बनने के कारण रविवार को बैठक कर वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। मौके पर हाडूप रिसापाठ उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप गांव के ग्राम प्रधान ननकू खरवार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जहां ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इस संबंध में कई बार ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड कार्यालय जिला कार्यालय एवं वन विभाग को ज्ञापन सौंप कर सड़क बनाएं जाने की मांग की गई है। लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है, जिस कारण लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सड़क नहीं होने के कारण जब कोई बीमार पड़ता है तो

लोग उसे खाट पर उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाते हैं। तब तक कई लोगों की जान भी चली जाती है। खासकर गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। इसके अलावा सड़क के अभाव में गांव के बच्चे भी स्कूल तक नहीं पहुंच पाते हैं और अधिकांश लोग गांव में अशिक्षित हैं। इन्हीं वजह से गांव के लोग इन दिनों काफी आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम कभी कांग्रेस को तो कभी बीजेपी को वोट देकर सरकार बनाने का काम करते आ रहे हैं। परंतु शायद हमारे द्वारा चुनी गई सरकार की नजरों में हम उनके जनता नहीं है ।इसीलिए आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। यही वजह है कि ग्रामीण एकजुट होकर सर्वसम्मति से वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिए हैं। इस मौके पर रामलाल उरांव, राजबली भगत, पुराण भगत, बसंत उरांव, मंगरु खेरवार, बुद्धेश्वर उरांव, मंजू देवी सहित कई लोग उपस्थित थे। ग्रामीणों ने राजनीतिक दल के नेताओं को गांव नहीं घुसने की चेतावनी देते हुए कहा गया है कि सिर्फ चुनाव के दरमियान नेता हमारे गांव आते हैं और चिकनी चुपड़ी बातें बनाकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लुभाने का काम करते हैं ।

महिला मजदूर से मिलने गए राजमिस्त्री की पीट-पीटकर हत्या

ईटाचिल्दरी में सड़क किनारे मिला शव, करांजी के ग्रामीणों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो थाना क्षेत्र के चरिमा गांव में एक महिला मजदूर के पास कथित रुप से रूपए पहुंचाने गए करांजी के राजमिस्त्री 27 वर्षीय सरवर अंसारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार करांजी के राजमिस्त्री शनिवार की रात 7:30 बजे चरिमा स्कूल के पास महिला मजदूर बिरसमुणी उराईन से मिलने गया था। तभी महिला मजदूर के देवर एवं अन्य लोगों के द्वारा सरवर अंसारी के साथ मारपीट किया गया। महिला मजदूर ने इसकी जानकारी उसके परिवार वालों को दी। मामले की जानकारी मिलने पर करांजी गांव के सरवर अंसारी के परिजन एवं अन्य लोग चरिमा गांव पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो के थाना प्रभारी नकुल शाह घटनास्थल पहुंचे । ईटाचिल्दरी गांव के पास बिजली के टावर के निकट खेत में सरवर का शव मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार संभवतः चरिमा के युवकों ने सरवर को पीट-पीट कर मार डाला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव का रात में ही पंचनामा किया और शव को उठाकर थाना ले आई। रविवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस उसके शव को उसके परिजनों को सौंप दी। मृतक सरवर अंसारी के बड़े भाई मुबारक अंसारी ने बेड़ो थाना में कांड संख्या 40/ 2024 के तहत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जांच के लिए फोरेंसिक जांच टीम घटना स्थल पहुंच कर साक्ष्य को इकट्ठा किया। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चला रही है। थाना प्रभारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि शादीशुदा सरवर अंसारी और शादीशुदा महिला मजदूर के बीच 1 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला मजदूर बिरसमुणी ने सरवर को मिलने के लिए सुनसान इलाके में स्थित सरकारी स्कूल में रात लगभग 7:30 बजे बुलाया था। इसी बीच कुछ लोगों ने विद्यालय के शौचालय में दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि कानून को हाथ में लेने का किसी को कोई अधिकार नहीं है।

मुरहू में 960 ग्राम अफीम और 65 किलोग्राम डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

खूंटी। मुरहू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को मुरहू के जाते मधुटोली गांव निवासी विलियम बोदरा के घर में छापामारी कर घर में छुपा कर रखी गई 960 ग्राम अवैध अफीम और 65 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया। मौके पर आरोपित विलियम बोदरा को गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी रविवार को खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध मुरहू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि इससे पूर्व शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुरहू थाना क्षेत्र में चलाई गई एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक के पास से लगभग 40 लीटर अवैध महुआ देसी शराब बरामद की गई। मौके पर बाइक सवार युवक मुरहू के पसराबेड़ा गांव निवासी पोगरो मुंडा (35) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

यात्री बस राजहंस व बाइक की सीधी भिड़ंत

दो बाइक सवार की मौत, एक घायल

- सभी मृतक ग्राम बिसाहा खटंगा थाना मांडर निवासी थे
- हेमंत टोप्पो की रिम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गई

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो थाना क्षेत्र के नगड़ी टोली मोड़ के निकट रांची गुमला मुख्य मार्ग पर शनिवार की रात लगभग ग्यारह बजे यात्री बस राजहंस व पल्सर बाइक सवार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिससे एक बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य बाइक सवार घायल हो गए। वहीं एक घायल की रिम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गई। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय सुमित लकड़ा पिता गोयो लकड़ा दूसरा मृतक 30 वर्षीय हेमंत टोप्पो पिता जक्रियस टोप्पो व घायल की पहचान 30 वर्षीय बसंत टोप्पो पिता स्व. रायमन टोप्पो के रूप में हुई है। सभी मृतक ग्राम बिसाहा खटंगा थाना मांडर निवासी के रूप में की गई। इनमें सुमित लकड़ा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी जबकि हेमंत टोप्पो की रिम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गई। वहीं बाइक सवार घायल बसंत टोप्पो का इलाज रिम्स में किया जा रहा है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नकुल शाह व पीसीआर की टीम घटनास्थल पहुंची और सभी घायलों को बेड़ो अस्पताल पहुंचाया। साथ ही रांची से अम्बिकापुर जा रही यात्री बस व दुर्घटना ग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया। वहीं मृतक सुमित को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक के परिजनों के अनुसार ये सभी लोग मसिया सरात पार्टी में भाग लेकर अपने गांव बिसहा खटंगा लौट रहे थे।

रांची प्रेस क्लब में बसंत हेतमसरिया की पुस्तक का हुआ विमोचन

इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते हैं : हरिवंश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आज दुनिया में सबसे बड़ी होड़ टेक्नोलॉजी को लेकर है। मॉडर्न टेक्नोलॉजी आज आपको कंट्रोल कर रही है। जब दुनिया तोप से लड़ रही थी, तब आपके हाथ में तलवार थी, नतीजतन आप युद्ध हार गए। इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते हैं। यह कहना था राज्यसभा के उप सभापति सह वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश का। वे शनिवार की शाम रांची प्रेस क्लब में बसंत हेतमसरिया की पुस्तक '1940 : विश्वयुद्ध और बढ़ते अलगाव के साये में स्वतंत्रता आंदोलन' पुस्तक का विमोचन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। पुस्तक की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुस्तक आपका साक्षात्कार इतिहास से करवाती है। यदि हम इतिहास से सबक नहीं लेते, तो हमारा भविष्य भी संकट में पड़ता है। श्री हरिवंश ने कहा कि रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन में शामिल बड़े नेताओं ने 1940 में जिन मुद्दों पर चिंता जताई थी, कालांतर में वह सब कुछ घटित हुआ और सभी लोग देखते रह गए। उन्होंने कहा कि गांधी जी चाहते थे कि वे एक अनुशासित कांग्रेस बनाएं, जो उसूलों पर चले, लेकिन वे बना नहीं पाए। उन्होंने कहा कि पहले नेताओं को अपनी बात सुनाने के लिए कार्यकर्ताओं को बुलाने की जरूरत नहीं पड़ती थी। लोग स्वतः अपने नेताओं को सुनने चले आते थे, लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं। पुस्तक विमोचन समारोह में आए अतिथियों का स्वागत करते हुए लेखक बसंत हेतमसरिया ने बताया कि रामगढ़ में पैदा होने के कारण 1940 का रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन उनको हमेशा रोमांचित करता था। लेकिन, उन्होंने पाया कि इस विषय पर बहुत कम लेखन हुआ था। इस कारण उन्होंने तत्कालीन समाचार पत्रों को पढ़कर और लगभग पांच दर्जन पुस्तकों को खंगालकर इस पुस्तक को तैयार किया है। इसमें 1940 के रामगढ़ कांग्रेस के महत्व और उस वर्ष स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा से आनेवाली पीढ़ी को रूबरु करने की कोशिश की गई है। पुस्तक चर्चा करते हुए विनोबाभावे विवि के डीन डॉ मिथिलेश सिंह ने कहा कि आज विश्वविद्यालयों में इतिहास बनाने की जगह बिगाड़ा जा रहा है। उन्होंने रामगढ़ अधिवेशन पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि हम इतिहास से सबक नहीं लेंगे, तो फिर इतिहास को दुबारा से भुगतने के लिए अभिशप्त होंगे। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक हालात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज हम मानसिक रूप से लूले-लंगड़े हो रहे हैं। बुद्धकाल के दौरान वृज्जि संघ का उदाहरण देकर उन्होंने राजनीति में 'संघे शक्ति' की ताकत बताई। डॉ कंजीव लोचन ने पुस्तक चर्चा करते हुए कहा कि हर पन्ने पर नई जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि इस किताब में मैटेरियल हिस्ट्री पर बहुत ध्यान दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि इतिहास की जानकारी रहने पर हम उन गलतियों को दुहराने से बच सकते हैं, जो पहले कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के साथ हमें खुद को अपडेट करना होगा, तभी हम सफल हो सकेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ संपादक विष्णु राजगढ़िया, विनय सरावगी, आरके चौधरी, एलआर सैनी, प्रदीप तुलस्यान, किशोर मंत्री, अरुण बुधिया, सुशील उरांव, प्रभाकर अग्रवाल, प्रकाश देवकुलिश, पंकज मित्र, मुकेश तनेजा, शरदेंदू नारायण, वीके गढयाण समेत रांची विवि, विनोबा भावे विवि और बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर, लेक्चरर सहित बड़ी संख्या में शहर के गण्यमान्य लोग मौजूद थे।



कहा- आनेवाले दो-तीन सालों में एआई हमारे जीवन को पूरी तरह से बदल देगा

न्यूज ब्रीफ

सुप्रभात रांची

गर्व करें कि हम रांची निवासी हैं। रांची में कोई भी काम हम आराम से करते हैं। चाहे फ्लाईओवर का काम हो या स्वर्णरेखा नदी के अस्तित्व की रक्षा का, या फिर कांके डैम को अतिक्रमण से बचाना हो, हम शीघ्रता नहीं करते। हम उतावलापन नहीं दिखाते। सरकारी काम को सरकारी तरह से ही करना हमारी गौरवशाली परंपरा रही है। हमें ऐसे शहर में रहने पर गर्व होता है, जहां पहले सड़क पर एक इंच अलकतरे का घोल पटाकर नया बनाया जाता है। फिर जल विभाग जग जाता है और जल आपूर्ति, मरम्मत आदि के काम से उसे खोदने का पवित्र कार्य आराम करता है। महीनों बाद उन गड्ढों के बीच नए गड्ढे नाली बनने के कारण पारंपरिक रूप से निर्मित हो जाते हैं। देखादेखी में दूर संचार विभाग, गैस वाले भी इन्हीं तथाकथित सड़कों पर अपनी छाप छोड़ जाते हैं। वर्षा के दिनों में किस दिन कितनी वर्षा हुई, यह जानने के लिए हम मौसम विभाग के भरोसे नहीं बैठते, महात्मा गांधी पथ पर हुए जल जमाव से हम सरलता से गणना कर बता देते हैं। तो, हम अपनी रांची पर क्यों न गर्व करें।

डॉ प्रशांत करण, सेवानिवृत्त डीआईजी।

मोबाइल टावर से आठ लाख का मोडेम चोरी करता एक व्यक्ति गिरफ्तार

रांची । रांची के मांडर थाने की पुलिस ने एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर पर लगने वाला 3जी और 4जी हाई स्पीड मोडेम की चोरी के मामले में गणेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिहार के पटना का रहने वाला है। इसके पास से आठ लाख कीमत का 3जी और 4जी का हाई स्पीड मोडेम एवं तीन पीस रिंच बरामद किया गया है। मांडर थाना प्रभारी राहुल ने रविवार को बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि रांची क्षेत्र में अज्ञात चोरों के जरिये एयरटेल और अन्य टावर से 4जी हाई स्पीड मोडम को चोरी कर लिया जा रहा है।

सूचना के बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अज्ञात चारों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया।

जगन्नाथपुर में मानसिक रूप से बीमार युवक ने भगवान की प्रतिमा खंडित की

रांची । जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के मौसीबाड़ी गोलचक्कर के पास शनिवार देर रात एक युवक ने भगवान हनुमान की प्रतिमा को सावल से खंडित कर दिया। हालांकि, इस दौरान स्थानीय लोगों को इसकी सूचना मिल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहयोग से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले को लेकर मंदिर के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने जगन्नाथपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। साथ ही, आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। थाना प्रभारी हरदेव प्रसाद ने बताया कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। उसे पकड़ लिया गया है। उसे पहले रिनपास भेजा जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आर्थिक रूप से कमजोर दो कन्याओं का दुर्गा मंदिर में कराया विवाह

रांची । समाजसेवी तुषार कांति शीट व उनके अन्य सहयोगी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आर्थिक रूप से कमजोर दो अभिभावकों की पुत्रियों का विवाह रविवार को मोरहाबादी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में संपन्न कराया। दोनों कन्याओं के वैवाहिक कार्यक्रम में वर-कन्या पक्ष के लगभग ढाई सौ रिश्तेदार, परिजन व शुभचिंतक सामूहिक प्रतिभोज में शामिल हुए और वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने वर-वधू को दैनिक उपयोग की सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की। तुषार कांति ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर कन्या के अभिभावकों ने अपनी पुत्री के विवाह में आ रही बाधाओं के संबंध में चर्चा करते हुए अपनी समस्याएं रखी थीं। इसपर उन्होंने अपने सहयोगियों से विचार-विमर्श कर दोनों कन्याओं का विवाह संपन्न कराने का निर्णय लिया। विवाह के बाद वर-वधू पक्ष के लोगों ने समाजसेवियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विवाह समारोह में आलोक मजूमदार, तनय शीट, डॉ स्मिता डे, अमिताभ दास, अंजन घोष, आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इमा कराटे स्टूडियो 22 स्वर्ण पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन

रांची। सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वावधान में तथा बिशप स्कूल की मेजबानी में आयोजित 11वीं इमा कप सिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप रविवार को संपन्न हो गई। इमा कराटे स्टूडियो ने 22 स्वर्ण, 18 रजत व 11 कांस्य पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीत लिया। वहीं, टाटासिलवे क्लब 11 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर और बरियातू क्लब तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान टीम बिशप स्कूल को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। अनुशासित टीम का खिताब बिशप स्कूल बहुबाजार को मिला। लड़कों के वर्ग में चैंपियन का खिताब इमा कराटे स्टूडियो के प्रीत सोनी ने जीता। वहीं, लड़कियों के वर्ग में चैंपियन का खिताब बरियातू क्लब की मारिया लवलीन खेस को प्राप्त हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक, इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी इमा के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा एवं शिहान साधन चंद्र लोहार ने सफल खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया।

1300 श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद

रांची। गुरु महाराज की जनसेवा को समर्पित जीवन के 52 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण में रविवार को 146वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर लगभग 1300 श्रद्धालुओं, जरूरतमंद ग्रामीणों में पूड़ी, आलू-टमाटर मिश्रित सब्जी, वेजिटेबल पुलाव एवं ड्राई फ्रुट युक्त केसरिया खीर, मिक्सचर पैकेट, बोतल बंद जलजीरा का वितरण किया गया। अन्नपूर्णा प्रसाद भंडारे की सेवा में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी,आदि उपस्थित थे।

एक नजर

विश्व पृथ्वी दिवस पर फेस पेंटिंग प्रतियोगिता

रांची। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक अद्वितीय और रोचक पहल के रूप में रविवार को साबिर हुसैन द्वारा फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम पुरस्कार शर्मिष्ठा लोहार को मिला। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जागरूक करना था। इसमें युवा और बच्चों ने फेस पेंट करवा कर पृथ्वी के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया।

महिला उत्थान संगठन ने 135 जोड़े का कराया विवाह

रांची। जगन्नाथपुर के लटमा में रविवार को महिला उत्थान संगठन ने 135 कन्याओं का विवाह करवाया। ये कन्याएं वे हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं। विवाह समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सभी 135 कन्याओं को उपहार स्वरूप एक-एक वस्त्र और जेवर प्रदान किए। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि वे भी स्वयं कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं का विवाह अपने खुद के खर्चे पर करवा चुके हैं। ऐसे सामाजिक कार्यों में आम लोगों को भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

एलएडीसी का प्रथम राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ

रांची। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के तत्वावधान में रविवार को झारखंड के एलएडीसी का प्रथम राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर झालसा ने पहल करते हुए वृद्धाश्रम के कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए छह सप्ताह लंबा अभियान और झारखंड की जेलों में बंद गर्भवती महिला कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने की कार्य योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन ने कहा कि एलएडीसी पर पहली राज्य स्तरीय बैठक का हिस्सा बनना बहुत अच्छा है। प्रत्येक जिले के एलएडीसी और डीएलएसए न्याय पाने और वंचितों के बीच के अंतर को पाट सकते हैं।

चैंबर की कार्यकारिणी समिति की बैठक 27 को नेतरहाट में

राज्यस्तर पर चैंबर को सशक्त बनाने व क्षेत्रीय सहभागिता पर बल

चैंबर भवन के रख-रखाव के लिए कमिटी का हुआ गठन

एफजेसीसीआई की कस्टोडियन कमिटी की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की कस्टोडियन कमिटी की बैठक रविवार को होटल कैपिटल हिल में संपन्न हुई। पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने एफजेसीसीआई की वर्तमान गतिविधियों पर चर्चा करते हुए अपनी भावी योजनाओं से अवगत कराया। राज्यस्तर पर चैंबर को सशक्त बनाने के साथ ही क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की सहभागिता से जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स और संबद्ध संस्थाओं को चैंबर के कार्यकलापों में सहभागी बनाने पर भी बैठक में सदस्यों ने बल दिया। कहा गया कि जिला स्तर पर दौरों के आयोजन के माध्यम से फेडरेशन की उपस्थिति से व्यापारियों का मनोबल बढ़ता है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी फेडरेशन द्वारा राज्यस्तर पर गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में चैंबर की कार्यकारिणी समिति की आगामी बैठक 27 अप्रैल को नेतरहाट में आयोजित की गई है। इसमें रांची के अलावा पलामू, गुमला, लोहरदगा के व्यापारी शामिल होंगे। चैंबर भवन के रख-रखाव, अव्यवस्थित जनरेटर को सुव्यवस्थित बनाने तथा पूरे पैसेज को साफ-सुथरा रखने में कार्रवाई के लिए पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया के नेतृत्व में कमिटी का गठन किया गया। भवन में नया लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके लिए पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा को अधिकृत किया गया। इसी प्रकार, चैंबर भवन के आधारतल एवं कार्यालय तल के सौंदर्यीकरण करने के साथ ही प्रथम तल पर 12 केबिन बनाने का निर्णय लिया गया। इसका प्रारूप बनाकर अपने संबद्ध संस्थाओं के बीच में प्रचारित करने और जब तय हो उसके बाद बनाने की सहमति समिति द्वारा दी गई। चैंबर को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में वर्तमान टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई की समिति के सदस्यों ने सराहना की। साथ ही, इस दिशा में और अधिक बेहतरी के अपने सुझाव भी दिए। महासचिव परेश गट्टानी ने चैंबर की बेहतरी के लिए कस्टोडियन कमिटी की बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी पूर्व अध्यक्ष का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कमिटी के निर्देश पर हमारी कार्यकारिणी समिति हरसंभव कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी, केके साबू, ललित केडिया, महेश पोद्दार, गिरीश मल्होत्रा, मनोज नरेडी, रंजीत टिबड़ेवाल, विकास सिंह, पवन शर्मा, रंजीत गाड़ोदिया, कुणाल अजमानी, चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी उपस्थित थे।

स्वस्थ रहने के लिए सुबह में व्यायाम जरूरी : डॉ उपाध्याय

रांची। जेसीआई रांची यूथ और शल्बी डिवाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मोरहाबादी मैदान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मेडिकल टीम में आए जनरल फिजीशियन डॉ आरके उपाध्याय ने शिविर में उपस्थित लोगों को बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से सुबह में एक घंटे का व्यायाम बहुत जरूरी है। इसमें चलना, दौड़ना, खेलना, व्यायाम करना, साइकिलिंग इत्यादि शामिल हैं। संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया कि शिविर में लगभग 150 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में डॉ आरके उपाध्याय ने बीपी, शुगर, हृदय, उच्च रक्तचाप, टॉयफायड, शुगर रोग तथा अन्य बीमारियों के मरीजों की निःशुल्क जांच की। रक्तचाप, मधुमेह की जांच अधिक हुई और निःशुल्क दवाओं का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोनिका गोयनका, सज्जन अग्रवाल, प्रवीण कुमार आदि सदस्य उपस्थित थे।

झारखंड में 32,165 निजी भवनों, मॉल और बैंक्वेट हॉल ने नहीं ली है पर्यावरण विभाग से एनओसी

स्टेट इंवायरमेंट इंपैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी तैयार कर रहा है ऐसे भवनों की सूची

सरकारी भवनों को मिल चुकी है पर्यावरणीय स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जिसने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से आवास की पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं ली है, उनके विरुद्ध विभाग बड़ी कार्रवाई करने जा रहा है। शहर में बिना पर्यावण एनओसी के निर्माण करानेवाले निजी भवनों, मॉल और बैंक्वेट हॉल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। झारखंड में अब तक 32,165 निजी भवन (अपार्टमेंट), मॉल और बैंक्वेट हॉल ने अब तक पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं ली है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने आदेश दिया है कि जितने भी निजी भवन, मॉल सहित बैंक्वेट हॉल के निर्माण में पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन किया गया है, उनसे पेनाल्टी वसूल की जाए। राज्य में विधानसभा, हाईकोर्ट सहित सभी सरकारी भवनों को पर्यावरणीय स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं, स्मार्ट सिटी, अटल वेंडर मार्केट, नगर निगम ऑफिस, कलेक्टेरियट सहित जिलों के सभी सरकारी भवनों को भी पर्यावरण विभाग से स्वीकृति मिल चुकी है। रांची के कांके रोड स्थित चांदनी चौक के इलाके में 12 भवनों सहित लालपुर में पांच भवनों को अब तक पर्यावरण विभाग की स्वीकृति नहीं मिली है। नियमतः शिया से प्रपोजल एप्रुव होने के बाद झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ही 'कंसेंट टू ऑपरेट' और 'कंसेंट टू एस्टैबलिसमेंट' का सर्टिफिकेट देना है।

एनजीटी ने पूछा, कितने निजी भवनों को मिली है स्वीकृति

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने राज्य के सभी जिलों के नगर निगम और संबंधित नक्शा पास करने वाले अथॉरिटी से पूछा है कि कितने निजी भवनों को अब तक पर्यावरण विभाग की स्वीकृति मिली है। रांची नगर निगम और आरआरडीए ने पर्यावरण स्वीकृति नहीं लेने वाले भवनों की लिस्ट भी एनजीटी को सौंपा था, लेकिन इस पर अब तक किसी ने भी पर्यावरण स्वीकृति नहीं ली है। शिया के मुताबिक पर्यावरण स्वीकृति नहीं लेने वाले राज्यभर के भवनों पर 50 करोड़ से अधिक का पेनाल्टी लगाया जा सकता है। इसका भी असेसमेंट किया जा रहा है।

क्या है नियम

नियम के अनुसार 20 हजार वर्गमीटर (सभी फ्लोर को मिलाकर) में निर्माण कार्य हुआ है, तो पर्यावरण विभाग की स्वीकृति लेना अनिवार्य है। निर्माण कार्य से पहले प्रोजेक्ट की रूप रेखा, नक्शा के साथ पूरा प्लान स्टेट इंवायरमेंट इंपैक्ट असेसमेंट ऑथिरिटी (शिया) में आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। इसके बाद इसका असेसमेंट करने के बाद ही पर्यावरण स्वीकृति दी जाएगी।

मतदान करने जरूर जाएं : रवि कुमार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत रविवार को 'रन फॉर डेमोक्रेसी' का आयोजन किया गया। रांची के मोरहाबादी मैदान से मिनी मैराथन की शुरुआत हुई। रन फॉर डेमोक्रेसी के बाद मोरहाबादी मैदान में डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया। इसमें मतदाता जागरूकता से संबंधित गीतों एवं धुनों पर युवा जमकर झूमे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर मिनी मैराथन की शुरुआत की। मिनी मैराथन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के साथ उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने भी दौड़ लगाई। उन्होंने मैराथन के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि मतदान करने जरूर जाएं। मतदान करने से देश मजबूत होता है और लोकतंत्र के इस महापर्व में हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित होती है। रवि कुमार ने कहा कि हम सभी एक दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करें। पूरे परिवार के साथ लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सरकारी तथा निजी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश भी रहेगा। इसका सार्थक उपयोग करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। मैराथन में शामिल युवाओं ने मोरहाबादी मैदान के चारों ओर तीन चक्कर लगाए। पुरुष वर्ग में पवन सिंह ने प्रथम, विकेश कुमार ने द्वितीय तथा अनूप उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मतदाता जागरूकता के लिए मोरहाबादी मैदान में 'रन फॉर डेमोक्रेसी' का हुआ आयोजन

मतदाताओं को मतदान के प्रति करें प्रेरित

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पूरे राज्य में वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम जारी है। मतदान के उपरांत सभी वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान से जुड़े मतदाताओं की प्रतिक्रिया से आयोग को अवगत कराएंगे। इसके लिए गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित है। इनका काम अपने संस्थान से जुड़े मतदाताओं को उनके परिवार सहित मतदान के लिए प्रेरित करना है। वह रविवार को निर्वाचन सदन में लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित जानकारी मीडिया के प्रतिनिधियों को दे रहे थे।

पशुपतिनाथ मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान में हुई रामकथा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के दूसरे दिन रविवार को संध्या बेला में भजन संध्या और श्री राम कथा का आयोजन किया गया। श्री पशुपतिनाथ महादेव और माता दुर्गा की आरती की गई। इसके बाद प्रसिद्ध रामकथा वाचिका संगीता किशोरी जी ने संगीतमय राम कथा की प्रस्तुति की। आओ मेरे राम जी, पधारो मेरे राम जी, श्री जानकी वल्लभ राम जी, श्री दशरथ नंदन राम जी भजन पर भक्त झूम उठे। इसके बाद उन्होंने बताया कि जब भाग्य का उदय होता है, तभी भगवान की कथा श्रवण का सौभाग्य मिलता है। कहा कि श्री राम जी के चरित्र के करोड़ों गुणों में से किसी एक भी गुण को हम यदि अपने जीवन में उतार लें, तो हमारा उद्धार हो जाएगा। कहा कि अस्वस्थ होने पर यदि आप सशरीर प्रभु की कथा में सम्मिलित नहीं हो पाते हैं, तो केवल उसका अनुमोदन करने मात्र से ही हम लोग गोपद पार करने की तरह सहजता से भवसागर को पार कर जाते हैं। उनके साथ भजन टोली में निर्मला कुमारी, राजकिशोर महतो, बुधन स्वांसी, डमरूधर कुंभकार, भोला कालिंदी, भूषण मिश्रा शामिल थे।

■ रामकथा वाचिका संगीता किशोरी जी ने संगीतमय श्री राम कथा की प्रस्तुति दी

नरेंद्र मोदी सरकार आदिवासियों को डराने का कर रही प्रयास : खरगे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी के प्रभात तारा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली लोगों की भागेदारी के हिसाब से सफल रही लेकिन राहुल गांधी और लालू यादव के नहीं आने से माहौल कुछ फीका पड़ गया।

रैली को इंडी गठबंधन के सभी घटक दलों का पूर्ण समर्थन था, इसलिए इंडी गठबंधन के लगभग सभी दलों के बड़े नेता शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी रैली में काफी देर से पहुंचे। महारैली राज्य के सभी जिलों से लाखों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। जितनी भीड़ पंडाल थी, उससे कई गुणा भीड़ सड़कों पर थी। रैली में झामुमो कार्यकर्ता अधिक थे, जो पारंपरिक वेशभूषा, वाद्य यंत्रों, बैनर-पोस्टर,झंडे और हेमंत के मुखौटों के साथ पहुंचे थे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और लालू स्वास्थ कारणों से रैली में नहीं हुए शामिल, खरगे देर से पहुंचे

रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देर से आने के लिए पहले जनता से माफी मांगते हुए केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जम कर हमला बोला। कहा कि मोदी सरकार आदिवासियों को डराने का प्रयास कर रही है, लेकिन वह खुद खत्म हो जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन की गलती नहीं थी, इसके बावजूद मोदी सरकार ने जेल भेजा, इसी तरह दिल्ली के सीएम को भी जेल भेजा। खरगे ने कहा कि हेमंत सोरेन की गलती सिर्फ यहीं थी कि उन्होंने भाजपा में शामिल होने का आग्रह ठुकरा दिया था, हेमंत सोरेन ने जेल जाना स्वीकार किया, लेकिन अपने सिद्धांत से समझौता नहीं किया। हेमंत वास्तव में हिम्मत वाले व्यक्ति हैं। पीएम मोदी के बारे में कांग्रेस नेता ने कहा कि ये लोग झूठ बोलकर जनता को बरगलाते हैं और वोट लेते हैं। इससे हमसभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए क फिल्मी गाना गाते कहा कि तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा वाले संविधान और लोकतंत्र खत्म करने की साजिश कर रहे हैं। लेकिन वे किसी भी तरह संविधान को खत्म नहीं होने देंगे। इनको वोट का चोट देना है। तेजस्वी ने कहा कि कहा कि दिल्ली और झारखंड में अच्छा काम हो रहा था,लेकिन पीएम मोदी को यह सब हजम नहीं हुआ। उन्होंने मीडिया पर गोदी मीडिया होने का आरोप लगाया और कहा कि देश में मंहगाई, नौकरी और अन्य समस्याओं को नहीं दिखाया जा रहा है।

समाज की सेवा कर रहे मेरे पति को भेजा जेल : सुनीता

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को मरवाना चाहती है। सुनीता ने शादी के समय अरविंद केजरीवाल के एक बात का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने मुझसे कहा था कि वे जीवन भर समाजसेवा करना चाहते हैं, इसलिए आईआरएस की नौकरी छोड़ दी,ऐसे व्यक्ति को भाजपा ने जेल में डाल दिया है। उनका और हेमंत जी का यहीं कसूर था कि उनलोगों ने अच्छे स्कूल बनवाए, अस्पताल बनवाए, मोहल्ला क्लिनिक बनवाए।दो विरांगना के साथ है पूरा देश : संजय सिंह आप पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने उन्हें 6 माह तक जेल में बंद रखा, अब अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में बंद रखा है। आप सांसद ने कहा कि बिरसा मुंडा के अनुयायी को भाजपा वाले डरा रहे हैं, लेकिन अभी मंच पर दो विरांगना बैठी है, जिसके साथ पूरा देश है और इस बार पूरा देश भाजपा की सभी जगह जमानत जब्त करेगा।

राजनीति झलकियां

हेमंत की गिरफ्तारी के खिलाफ एक हुआ विपक्ष : स्टीफन मरांडी

मंच पर मौजूद नेताओं का स्वागत अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर किया गया। जेएमएम के नेता स्टीफन मरांडी ने कहा, मुझे खुशी है कि हम इतनी संख्या में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ एकत्रित हुए हैं। मैं यहां मौजूद सभी नेताओं का स्वागत करता हूं।

शिबू सोरेन के साथ मंच पर पहुंची कल्पना

झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, बसंत सोरेन और कल्पना सोरेन के साथ मंच पर पहुंचे। वहीं, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप नेता संजय सिंह और शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी मंच पर मौजूद थे।

चेहरे पर हेमंत सोरेन का मास्क लगाकर महारैली में पहुंच लोग

रांची। धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में राज्यभर से कार्यकर्ताओं का जुटान रविवार सुबह से ही शुरू हो गया था। राज्य के अलावा दूसरे राज्यों से भी गठबंधन के लोग महारैली में पहुंचे। रैली में शामिल होने आ रहे अधिकतर लोग केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते देखे गए जबकि कई लोग चेहरे पर हेमंत सोरेन का मास्क लगाकर पहुंचे। धुर्वा एचईसी परिसर से लेकर रैली में पहुंचने वाले लोगों की बसें, कार और बाइक का हुजूम देखा गया।

28 पार्टियों के समर्थन का दावा

गठबंधन के नेताओं का दावा है कि 28 पार्टियों ने रैली का समर्थन किया है। पांच लाख से अधिक लोग इसमें भाग लेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी नेता मंच पर मौजूद रहे।

उलगुलान महारैली में केंद्रीय सरना समिति ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

रांची। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में शुरू हुई न्याय यात्रा के समापन के लिए रांची में रविवार को उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय सरना समिति के लोगों ने हजारों की संख्या में भाग लिया। हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी को गलत बताते हुए लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की जा रही है। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि मोदी सरकार अब तानाशाही पर उतर आई है। झारखंड का आदिवासी समुदाय जान गया है कि किस तरह से प्रधानमंत्री के इशारे पर ईडी ने झूठा अरोप लगा झारखंड के चहेते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनाव के दौरान गांव-गांव जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को उजागर किया जाएगा।

गठबंधन के पास नेता नहीं, जनता भाजपा पर करेगी भरोसा : पीएन सिंह

धनबाद। धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने रविवार को इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली पर जमकर हमला बोला। उन्होंने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी का जन्म झारखंड आंदोलन से हुआ वो यदि चाहती तो 1990 के दशक में झारखंड बनवाने का उन्हें मौका मिला था। दरअसल, नरसिम्हा राव सरकार को समर्थन के बदले जेएमएम राज्य के निर्माण के लिए दबाव बना सकती थी लेकिन झामुमो ने सौदा कर लिया। उन्होंने झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए इसे आदिवासी, किसान, महिला और दलित विरोधी बताया। साथ ही कहा कि अभी भी इंडी गठबंधन में इनका कोई नेता नहीं है। यदि ये लोकसभा चुनाव जीत भी जाएं तो इनका प्रधानमंत्री का उम्मीदवार कौन होगा किसी को नहीं पता जबकि भाजपा के पास पीएम मोदी का नेतृत्व है और यही कारण है कि आने वाले समय में जनता बीजेपी के नेतृत्व पर ही भरोसा करेगी। धनबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी ढुल्लू महतो 50 अलग-अलग मामलों में आरोपित रहे हैं इस सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी एक मामले में उन्हें दो साल की सजा नहीं हुई है। ऐसे में चुनाव लड़ने को लेकर कोई अवरोध नहीं है और बाकी अन्य जो भी मामले हैं वो सभी कोर्ट में विचाराधीन हैं।

झारखंड की निमार्ता नहीं, क्रेता और विक्रेता हैं कांग्रेस-झामुमो

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गुरु प्रकाश पासवान ने कहा कि झामुमो के पास लोगों को बताने के लिए कुछ नहीं था। यही कारण है कि नकारात्मकता के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। झारखंड की निमार्ता नहीं, क्रेता और विक्रेता है कांग्रेस-झामुमो राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि रैली में मंच साझा करने वाली पार्टियां का भी यही हाल है। उन्होंने कहा कि मंच साझा करने वाली पार्टियां झारखंड की निमार्ता नहीं क्रेता और विक्रेता रही हैं। आदिवासी हित की बात इनके मुंह शोभा नहीं देती है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी बेटी के बैठने के पर भी उनके नेताओं द्वारा लगातार अपशब्द कहा गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आदिवासी बेटी को दिया गया सम्मान सहन नहीं हुआ। डॉ पासवान ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला सामाजिक न्याय और संविधान की बात करते हैं। कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद ही वहां आदिवासी, दलित और महिलाओं को सम्मान और हक मिला है। आरक्षण लागू हुआ है। उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए।

- **झामुमो के पास लोगों को बताने के लिए कुछ नहीं इसलिए नकारात्मकता राजनीति कर रहे हैं**
- **कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटा वहां आदिवासी, दलित और महिलाओं को सम्मान हमने दिलाया**

बिहार के तेजस्वी यादव सामाजिक न्याय की बात करते हैं आम जनता इस बात को नहीं भूली है कि लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि उनकी लाश पर झारखंड बनेगा। उन्होंने कहा कि यहां ड्यूटी सभी पार्टियों में सिर्फ परिवारवाद है। बिहार में मुख्यमंत्री लालू बनेंगे। अवसर मिलने पर पत्नी राबड़ी देवी नेता प्रतिपक्ष बनेगी। दोनों बेटा उपमुख्यमंत्री बनेंगे। बेटी राज्यसभा जाएगी। इस बार मौका मिला तो फिर बेटी को ही लोकसभा चुनाव लड़ा रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा को देख लें। स्थापना के बाद से अब तक यह पार्टी परिवार से बाहर नहीं निकली है। आम आदमी पार्टी की भी यही स्थिति है। अरविंद केजरीवाल ही शुरू से अब तक उसके मुख्य संयोजक बने हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी वादे के अनुरूप हर वर्ग का विकास किया है। मोदी जी के सरकार में आने के बाद डॉक्टर अंबेडकर को भारत रत्न दिया गया। उनसे जुड़े हर स्थान को तीर्थ का दर्जा दिया है। सामाजिक न्याय की बात करने वाली कांग्रेस जगजीवन राम, सीता राम केसरी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी अपमान कर रही है। डॉ अंबेडकर को सत्ता में रहते भारत रत्न नहीं दिया। कांग्रेस शुरू से सनातन विरोधी रही है। तुष्टिकरण है इनका ध्येय रहा है। आतंकियों के मारे जाने पर उसे शहीद का दर्जा दे रहे हैं। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज और चुनाव प्रबंधन समिति के मीडिया सह प्रमुख तारिक इमरान भी मौजूद थे।

पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा : सुदेश

स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम में युवाओं से संवाद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत देश के अलग-अलग राज्यों से होकर रांची पहुंचे युवाओं ने हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। इस दौरान सुदेश महतो ने राज्य को विकसित बनाने को लेकर रोडमैप और झारखंड के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत चर्चा की। भारत के 18 राज्यों से आए विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े युवा प्रोफेशनल्स से बातचीत के इस सत्र में युवाओं ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य, पार्टी के गठन के साथ साथ राजनीति और झारखंड आंदोलन से जुड़े विषयों पर सुदेश महतो से सवाल पूछे, जिसका उन्होंने बारी-बारी से जवाब दिया। सुदेश महतो ने अपने राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्तित्व, भाषा, विचार, कला व संस्कृति की हिफाजत के लिए अलग राज्य की लड़ाई में शामिल हुआ। फिर जनता के विश्वास के साथ चुनाव में जीत हासिल की। इसके साथ उन्होंने अपने राजनीतिक सफर और संघर्ष के विभिन्न पहलुओं से युवाओं को अवगत कराते हुए इस बात पर जोर दिया कि इसके केंद्र में रहा जनसेवा। महतो ने कहा कि राजनीति को एक दिन में नहीं समझा जा सकता है। यह सभी चीजों का केंद्र है। जिज्ञासा से राजनीतिक स्तर में अंतर लाना संभव है। विकास के मानकों पर झारखंड को देश में टॉप फाइव में शुमार करने की दिशा में काम करना है। राज्य में चिमनी के धुएं से ही सिर्फ रोजगार मिलेगा यह जरूरी नहीं है। यहां पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं है। अपने लोगों के पलायन को रोकना, रोजगार के अन्य विकल्प तैयार करना, एक मौसम नहीं साल भार खेती हो ऐसी हमारी तैयारी है। राज्य को उसकी हैसियत पर खड़ा करना हमारा लक्ष्य। पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में स्टूडेंट एक्सप्रेस, उड़ान कोचिंग, स्मार्ट स्कूल, सिल्ली स्टेडियम, आधारभूत संरचनाओं की मजबूती जैसी अन्य कई विकास कार्यों की जानकारी इलेक्शन ऑन व्हील्स के सभी प्रतिभागियों को दी गई। सिल्ली के विकास को देखने के लिए सुदेश महतो ने सभी युवाओं को सिल्ली आने का निमंत्रण दिया।

संजय सिंह ने पीएम मोदी को घेरा



इस दौरान 'आप' सांसद संजय सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन भारत के लिए काम करेगा और पीएम मोदी अदाणी के लिए काम करेंगे। भाजपा ने बंगाल में '400 पार', '200 पार', दिल्ली में '35 पार', झारखंड में '65 पार' जैसे नारे देकर लोगों को गुमराह किया।

मतदान से बीजेपी वाले हिल गए है : भगवंत मान

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। जबकि, उनका कसूर कुछ भी नहीं है। ये लोकप्रिय नेता है, जहां भी जाते है बीजेपी का सूपड़ा साफ हो जाता है। पहले फेज के मतदान से बीजेपी वाले हिल गए है। इंडी गठबंधन को अधिक सीटें मिल रही है। मोदी जी, चाय बनाना भी नहीं जानते होंगे, ये भी जुमला ही होगा।

अरविंद को जेल में मारने की साजिश

दिल्ली के सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे अरविंद जी को मारना चाहते हैं, उन्हें जेल में सही दवा नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। ये तानाशाही को दशार्ता है।

पीएम मोदी ने देश में गरीबी-महंगाई बढ़ाई,

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, पीएम मोदी ने केवल देश में गरीबी बढ़ाई, महंगाई बढ़ाई, जुमलेबाजी की। 2014 में उन्होंने कहा था कि हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी, वो नौकरी कहां गई? कालाधन वापस आएगा और सभी के खाते में 15 लाख रुपए डाले जाएंगे। आप लोग के खाते में पैसा नहीं आया, लेकिन बीजेपी के खाते में चंदा चुनावी बॉन्ड के जरिए हजारों-करोड़ों रुपए आ गए हैं।

ईडी-सीबीआई-आईटी विपक्ष का गला घोंटने

'उलगुलान न्याय महारैली' में शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, उद्धव ठाकरे ने मुझसे कहा कि प्रियंका तूम झारखंड जाओ और हमारी दो बहनें एक दिल्ली में और एक झारखंड में जो लड़ाई लड़ रही हैं उनके साथ उनकी आवाज उठाओ। देश की जनता को बताओ कि किस प्रकार ईडी-सीबीआई-आईटी विपक्ष का गला घोंट ने का काम कर रही है।

आदिवासियों को जेल में डाला : दीपांकर भट्टाचार्य

भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड को झुकाने की साजिश नई नहीं है। ये झारखंड का नाम बिगाड़ना चाहते थे, वनांचल रखना चाहते थे। नाम नहीं बिगाड़ पाए तो अब काम बिगाड़ने में लगे हैं। जब राज्य में डबल इंजन की सरकार थी तो पत्थलगड़ी आंदोलन दबाने की कोशिश हुई। आदिवासियों को जेल में डाला गया।

बीजेपी ने सबसे ज्यादा चंदा वसूला : अखिलेश

उलगुलान न्याय महारैली में यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जब से इन्होंने झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजा है वे चुनाव हार चुके हैं। मैदान में जब पहलवान हारने लगता है, तब कई तरह के हथकंडे अपनाता है। भाजपा यह न भूले कि शेर को गिरफ्तार किया है, लेकिन उनकी दहाड़ को गिरफ्तार नहीं कर पाए हैं।

इंडी गठबंधन को वोट दें : फारूक अब्दुल्ला

नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने इंडी गठबंधन को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि अगर बीजेपी 2024 का चुनाव जीत जाती है तो हम सबके लिए मुश्किल होगी। लोकतंत्र और संविधान खतरे में पड़ जाएगी।

एक नजर

बड़की डुंडी रुद्र महायज्ञ तीसरे दिन हुआ

कुजू। छोटकी डुंडी पंचायत के बड़की डुंडी में आयोजित श्री-श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ में तीसरे दिन विद्वान ब्रहमणों ने विभिन्न प्रकार के पूजन संपन्न कराया। वेदी पूजन, मंडप पूजन, पंचाग पूजन, आरती भोग प्रसाद वितरण संपन्न कराया। यहां यज्ञाचार्य अमरनाथकांत दुबे, लव शास्त्री, मदन तिवारी, विनोद पांडेय, जनार्दन तिवारी, राहुल तिवारी, सत्यम पांडेय व अंकित तिवारी ने पूरे विधि विधान से यजमान बने झुबर महतो, गिरधारी महतो, हीरालाल महतो, अमेरिका प्रसाद, विशुनदेव महतो, बासदेव महतो, फूलचंद महतो, छेदी महतो, चोरहन महतो, खिलेश्वर महतो, पुलेश्वर महतो, संतोष महतो, लालधारी महतो, नागेश्वर साव व अशोक महतो सपत्नीक के हाथों आवाहित देवी देवताओं का पूजन संपन्न कराया।

कूड़े के ढेर पर लगी आग की चिंगारी ने घर को जलाकर किया राख

लिट्टीपाड़ा। थाना क्षेत्र के तिलकामांझी चौक पर स्थित सृजल टुडू के घर में रविवार को अचानक आग लगने से हजारों की संपत्ति जल कर राख हो गयी. आग सबसे पहले घर के बाहर बगल में कूड़े के ढेर पर लगी. इसके बाद आग ने पूरे घर को अपनी आगोश में ले लिया. ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया. जानकारी के अनुसार सृजल टुडू व उसका परिवार रविवार होने के कारण चर्च गया हुआ था. अगलगी की घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था. लोगों की मानें तो कूड़े की ढेर पर किसी तरह से आग लगी थी, जिसकी चिंगारी घर के चारों ओर लगी बांस की टटिया में लग गयी. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आग पूरे घर में लग गयी. अगलगी की सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ पहुंची. साथ ही ग्रामीणों व पुलिस ने आपसी सहयोग से घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया. हालांकि तबतक पूरा घर जलकर राख हो गया था. घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित परिवार भी घर पहुंच गये. सृजल के पुत्र लियुस टुडू ने बताया कि घर में काफी मात्रा में धान व चावल था, जो आग की चपेट में आने से जल गया.

हिट वेव का असर कोडरमा में भी, पारा पहुंचा 40 के पार

झुमरी तिलैया। हिट वेव का असर कोडरमा में भी देखने को मिल रहा है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से पार हो गया। गरमी का आलम यह है सड़कों पर सुबह 8 बजते हीं तेज धूप हो जाती, जिससे बाहर निकलना हीं मुश्किल हो जाता है और देखते हीं देखते दोपहर 12 बजे से लू के रूप में तेज गर्म हवाएं चलने लगती है, जिससे पूरा शरीर जलने का एहसास होने लगता है। दुपहिया वाहन चालक माथे हेल्मेट, गमछा व महिलाएं पूरे चेहरे को ढककर चल रही है। दोपहर 12 बजते-बजते सड़कों पर सन्नाटा सा छा जाता है। लोगों का मानना है कि इस बार की गरमी सभी रिकार्ड को तोड़ देगी।

यूथ विंग ने किया महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा का स्वागत

भगवान महावीर की जय जयकारों से गुंजयमान रहा शहर

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग महावीर जयंती के पावन पर्व पर जैन समुदाय द्वारा रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसका स्वागत हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा बड़ा बाजार चौक के समीप जैन समुदाय के महामंत्री पवन जैन अजमेरा, सयुक्त महामंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य टोनी जैन एवं स्वरूप चंद्र सहित कई बड़े पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात जुलूस में शामिल तमाम महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों के बीच जूस एवं पानी के बोतल का वितरण किया गया। जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल महावीर स्वामी की तस्वीर का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात जैन समाज के बड़े पदाधिकारियों के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान जैन समुदाय के सभी सदस्य रहा शहर और लोग शोभा यात्रा का आनंद ले रहे थे। शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए और शोभायात्रा का भरपूर आनंद लिया।वहीं बच्चे भी शोभायात्रा में आनंदित होकर घूम रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हजारीबाग यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप सुरेंद्र खंडेलवाल, संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केशरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, अभिषेक पांडे,प्रणीत जैन, हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक की सुपुत्री वर्षा जैन,अजय यादव सहित कई लोगों का अहम योगदान रहा। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय का उपदेश एक खुली किताब की तरह है।

चिलचिलाती धूप में एनडीए प्रत्याशी ने दर्जनों पंचायतों का किया दौरा, मांगा समर्थन

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ने लगा है वहीं मौसम में गर्मी में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है। ऐसे में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने शनिवार को 44 डिग्री तापमान में बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण में जनसंपर्क अभियान चलाया और रविवार की सुबह से ही रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी में जंगलों और पहाड़ों से घिरे पुरुलिया और बोकारो जिले के सिमाना क्षेत्र के गांव- गली-डगर में देर शाम तक पसीना बहाते हुए जनसंपर्क और जनसंवाद करते रहे। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने अपने जनसंपर्क और जन संवाद के दौरान आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर वोट देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का अपील किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का गोला चौक पहुंचने पर भाजपा और राज्य के कार्यकताओं ने फूल माला पहनकर गर्मजोशी से स्वागत किया। जिसके बाद गोला प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत स्थित ग्राम चक्रवाली से अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। तत्पश्चात खाखरा, ऊपर खाखरा, चोकाद, पतरातु, प्रखंड डुंडी गाछी, बरियातू सहित अन्य गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया।

श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट ने शोभायात्रा का किया स्वागत

रामगढ़। भगवान महावीर जयंती के मौके पर श्री दिगंबर जैन समाज की ओर से श्री महावीर स्वामी भगवान के जन्म कल्याण महोत्सव (महावीर जयंती) पर रविवार को शहर में शोभायात्रा निकाली गई। प्रभात फेरी का स्वागत श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट की ओर से लोहार टोला में श्री बालाजी हार्डवेयर के समीप फूलों की वर्षा, ठंडा पेयजल एवं शर्बत के साथ किया गया। श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट की ओर से श्री दिगंबर जैन समाज के सभी पदाधिकारी को भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी एवं दादी का दुपट्टा पहना कर सभी को सम्मानित किया गया। जिसके पश्चात जैन समाज की ओर से श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के सभी कार्यकताओं को दुपट्टा पहना कर सम्मान दिया गया। शोभायात्रा का स्वागत करने वालों में बजरंग लाल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, इंद्र अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, प्रदीप बैरलिया, नरेश अग्रवाल, प्रमोद मोदी आदि सदस्य शामिल थे।

तापमान बढ़ने से पतरातू डैम का जलस्तर भागा नीचे

औद्योगिक क्षेत्र पतरातू में तापमान 41 डिग्री पार

नवीन मेल संवाददाता। पतरातू पतरातू और आसपास के क्षेत्रों में पारा 41 डिग्री पार पहुंचने लगा है। तापमान बढ़ने से पतरातू डैम का जलस्तर 1321 रेडियस लेवल तक पहुंच गया है। हवा की रफ्तार धीमी होने के साथ ही धूप की तपिश और गर्मी बढ़ गई है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चे बेहाल हो रहे हैं। बढ़ते गर्मी से लोग बेहाल है। स्कूल से लौटने के बाद स्कूली बच्चों को लू लगने का डर सताने लगा है। वहीं माह अप्रैल में ही सुख गया पतरातू डैम का जीवन रेखा कही जाने वाली नलकारी नदी। कई गांव के कुआं और तालाब सुख चुके हैं। क्षेत्र के चापानल हांफने लगे हैं। गर्मी के मारे तापमान जिससे पतरातू डैम का जलजमाव क्षमता भी धीरे-धीरे घटने लगा है। वर्तमान समय में डैम का जल जमाव क्षमता 1321 रेडियस लेवल से भी कम हो गया है। मालूम हो कि तीन तरफ पहाड़ियों से घिरा हुआ पतरातू डैम का जीवन रेखा नलकारी नदी है। जो रांची पिठौरिया और पतरातू तालाटांड़ के पहाड़ियों से घिरा हुआ है। पतरातू डैम का जीवन रेखा नलकारी नदी पूर्ण रूप से पहाड़ी नदी है। जो रांची पिठौरिया और पतरातू तालाटांड़ पहाड़ियों से निकलकर पतरातू डैम पहुंचती है। जिसका उद्गम स्थान रांची जिला के बेंती, मुरैठा और राडहा का पहाड़ी क्षेत्र माना जाता है। इन्हीं पहाड़ी क्षेत्रों का पानी इस नदी का जल स्रोत माना जाता है। इसके अलावा पतरातू डैम में एक और नदी घाघरा नदी आकर मिलती है।

टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिविजन में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरूआत

रामगढ़। अग्नि सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने के अपने प्रयासों में, टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन ने महाप्रबंधक कार्यालय परिसर से राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरूआत की है। इस अवसर पर टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के जीएम अनुराग दीक्षित ने राकोमयू के अध्यक्ष महेश प्रसाद, सचिव पीके सिंह की उपस्थिती में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर अनुराग दीक्षित ने अतिथियों की उपस्थिती में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत की और इसके बाद फायर टेंडर सह जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके उपरांत वेस्ट बोकारो डिवीजन के माइनिंग ऑफिस से टाटा मेन हॉस्पिटल, ड्राइवर हाट, सीबी क्षेत्र, मुकुंदाबेड़ा कॉलोनी, न्यू वे ब्रिज, हाउसिंग कॉलोनी, सीएमसी, डीएमसी, क्वेरी एसईबी माइंस, पटेल चौक, बैंक मोड़, क्वायरी एबी सहित आस-पास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली गई।

दि आर्ट ऑफ लिविंग ने किया भगवान महावीर की रथ का स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग दि आर्ट ऑफ लिविंग की जिला इकाई ने महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज द्वारा निकाले गये जुलूस का स्वागत स्थानीय बंगाली दुर्गा स्थान चौक पर किया। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत शर्बत एवं पानी से किया गया। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान संदेश को प्रसारित-प्रचारित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तुषार सेठी,दीपक पसरीचा, साहेब सोनी, डॉ अविनाश कुमार मिश्रा, सरिता अग्रवाल, शांति लाल अग्रवाल, मुन्ना तिवारी, शाहनवाज हुसैन, तन्मय सोनी, ओम सोनी,भोला गुप्ता, राकेश ठाकुर जदय,संजय गुप्ता जेएमएम, सरफराज हैदर बीजेपी, पीयुष सोनी,कविता ठाकुर, शैलेश पाण्डेय, अपील, मोनु सोनी, विक्की सोनी, प्रेम कुमार एवं अन्य स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संयोजन दि आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक तारकेश्वर सोनी के द्वारा किया गया।

एबीसी आईडी कार्ड विद्यार्थियों के अंकों का रखेगा रिकॉर्ड

नामांकन या स्थानांतरण में होगा सहायक

नवीन मेल संवाददाता। बरही न्यू नेशनल एजुकेशनल पॉलिसी के तहत अब विद्यार्थियों को एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट (एबीसी) कार्ड बनवाना अनिवार्य होगा. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस बाबत यूजीसी ने भी सूचना जारी कर दिया है. हालांकि कई कई विश्वविद्यालयों ने अब तक इस संबंध में गंभीरता नहीं दिखाई है. शीघ्र ही यह सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होनेवाला है. राजस्थान में इसे अनिवार्य किया जा चुका है.

क्या है एबीसी कार्ड : यह अंकों वाला एक विशेष कार्ड है. जो विद्यार्थियों का स्कोर कार्ड होगा. इसमें विद्यार्थियों के शैक्षणिक योग्यता के अंक ऑनलाइन जमा होंगे. जो किसी भी संस्थान ने नामांकन के पूर्व देखा जायेगा. इसके आधार पर ही आगे की कक्षाओं मे प्रवेश मिलेगा. यह मार्क्स कार्ड की तरह होगा.

कब बनेगा एबीसी कार्ड

एबीसी कार्ड दो फेज में बनाए जायेंगे. पहले फेज में नामांकन के दौरान ही कार्ड के लिए विद्यार्थियों का पंजीकरण होगा. दूसरे फेज में विद्यार्थियों के स्कोर अंकित किए जायेंगे. एनईपी ने इसे डिप्लोमा/ व्यवसायिक या ट्रेडिशनल सभी कोर्स के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य बनाया है।

एबीसी कार्ड के लाभ : नई शिक्षा नीति के आधार पर अब कोई भी विद्यार्थी इंटर या गेजुएशन की शिक्षा छोड़कर भी कर सकता है. इसके लिए जरूरी अब यह विद्यार्थी को फिर से पढ़ाई चालू करने के लिए उसी संस्थान या यूनिवर्सिटी से पढ़ाई जारी करने की बाध्यता नहीं होगी. इसके लिए पढ़ाई छोड़ने के समय प्रत्येक संस्थान या अथवा यूनिवर्सिटी विद्यार्थी को उसके सेमेस्टर या कक्षा के आधार पर निश्चित अंक (स्कोर) एबीसी कार्ड में अंकित करेगा. यह स्कोर कार्ड ही उस विद्यार्थी के योग्यता का प्रूफ होगा. इसी अंक के आधार पर विद्यार्थी देश के किसी भी संस्थान यूनिवर्सिटी में नामांकन ले सकेगा.

कहां बनेगा एबीसी कार्ड : नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यूजीसी ने सभी विद्यार्थियों के लिए एबीसी आईडी कार्ड को अनिवार्य बनाया है. आने वाले समय में देश के सभी विश्वविद्यालयों को इसे लागू करना ही होगा. ऐसे में सभी विद्यार्थियों को इसे बनाना अनिवार्य होगा. इच्छुक विद्यार्थी इस कार्ड के लिए रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय स्थित एसआरसी सेंटर या हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजूकेशन से संपर्क कर सकते है. इसे बनाने के लिए आधार नंबर और आधार से जुड़ा मोबाईल होना अनिवार्य है.

दिगंबर जैन समाज ने भगवान महावीर का जन्म महोत्सव मनाया

अहिंसा धर्म का संदेश दिया गया

- भगवान महावीर स्वामी के दिव्या संदेश जीयो और जीने दो का सभी को कराया गया अवगत
- स्वर्ण कलश से जलभिषेक करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललीत चूड़िवाल, विद्याप्रकाश पदमचंद छाबड़ा, राजेंद्र राजेश चूड़ीवाल को प्राप्त हुआ

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ शहर के श्री दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव भव्य रूप से विधि पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर भगवान महावीर स्वामी की मूलनायाक प्रतिमा, प्राचीन प्रतिमा, पांडुशीला पर विराजवान अष्ट धातु की प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से जलभिषेक करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललीत चूड़िवाल, विद्याप्रकाश पदमचंद छाबड़ा, राजेंद्र राजेश चूड़ीवाल को प्राप्त हुआ। वहीं भगवान आदिनाथ स्वामी पर जलभिषेक करने का सौभाग्य हीरामणि देवी चूड़ीवाल, सुशील चूड़ीवाल परिवार को मिला। भगवान पारसनाथ स्वामी पर जलभिषेक करने का सौभाग्य मांगीलाल अशोक चूड़ीवाल को मिला। जबकि शांतिधारा का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललित चूड़ीवाल, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार चूड़ीवाल को मिला। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक मोहत्सव को लेकर रविवार को सुबह 7:30 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा थाना चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक होते हुए श्री दिगंबर जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में लोगों के आकर्षण का केंद्र श्रीजी की झांकी थी । झांकी को देखकर लग रहा थी की श्रीजी साक्षात विराजमन हों। शोभा यात्रा के क्रम में भगवान महावीर स्वामी का दिव्य सन्देश पूरे शहर में दिया गया। लोगों को बताया गया कि अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है अतः हमें 'जियो और जीने दो' के संदेश पर कायम रहते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। लोगों को भगवान महावीर स्वामी के 5 सिद्धांतों कि जानकारी दी गई। जिन्हें पंचशील सिद्धांत कहा जाता है। ये पांच सिद्धांत हैं- अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह। कहा गया कि भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। उनका कहना था कि हम दूसरों के प्रति भी वही व्यवहार व विचार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हों। यही उनका ' जीयो और जीने दो ' का सिद्धांत है। उन्होंने न केवल इस जगत को मुक्ति का सन्देश दिया, अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई। इस मौके पर श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा राहगीरों के लिए शीतल जल का व्यवस्था किया गया।

शासन प्रशासन सुस्त, यात्री व जनता पस्त

एनएच के साथ सर्विस रोड भी होने लगे हैं जाम, अब तो पैदल चलना भी हुआ दूभर

नवीन मेल संवाददाता। बरही बीते दिन निवर्तमान सांसद जयंत सिन्हा की उपस्थिति में जिला में संपन्न हुए दिशा की बैठक में बरही की ट्रैफिक जाम मामले को डीसी व एसपी ने संज्ञान में लिया था. साथ ही दो एसडीओ और एसडीपीओ को तत्काल निदान करने का निर्देश भी दिया था. मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ ने स्थानीय पदाधिकारी व बुद्धिजीवियों के साथ बैठक कर विचार विमर्श भी किया था. जिसके तहत सरकारी बस पड़ाव चालू करने, बाजार और ऑटो पड़ाव व्यवस्थित करने, पार्किंग निर्धारित करने आदि संबंधित कई विन्दुओं पर चचाएं भी हुई थी. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने भी सक्रियता दिखाई और प्रति दिन लगातार माइकिंग कर ट्रैफिक बाधित करने वालो को चेताया. जिससे कुछ हद तक ट्रैफिक समस्या से निजात तो अवश्य मिला पर स्थाई निराकरण नहीं हुआ. स्थानीय शासन व प्रशासन भी मामले को लेकर सुस्त हो गया. सारी योजनाएं कागजों में ही दबी रही.

न्यूज बॉक्स

हल्के तूफान से नल जल योजना का सोलर प्लेट उड़ा, करकट सीट टूटा, जल बाधित

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम लेम्बुआ में भारत सरकार की महत्व कांक्षी योजना के तहत नल जल योजना का पानी टंकी लगाया गया है। वहीं टंकी के ऊपर सोलर सिस्टम लगी है। गत शनिवार को आई हल्के तूफान से सोलर हवा में उड़ गया और इंदर ठाकुर के घर के ऊपर करकट पर जा गिरा जिससे सीट टूट गया। वहीं सोलर प्लेट उड़ जाने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। जिस तरह से गर्मी का पारा धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे पानी का जलस्तर भी नीचे की ओर भागता जा रहा है। दिन प्रतिदिन लोगों की परेशानी बढ़ती जा रह है। गृह स्वामी इंदर ठाकुर ने कहा कि हम लोग गरीब हैं और सोलर प्लेट गिरने के कारण घर का छप्पर टूट गया। फिलहाल रहने में हमलोगों को दिक्कत हो रही है। बहरहाल हल्के तूफान में सोलर प्लेट का गिर जाना कहीं ना कहीं काम के गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

सी विजिल एप पर मतदाता कर सकते हैं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

हजारीबाग। लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। चुनाव आयोग ने सी विजिल मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है। इसके माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

मृतक के परिजनों से मिले समाजसेवी मुन्ना सिंह

हजारीबाग। कटकमदाग प्रखंड के खपरियावा पंचायत के वार्ड 02 के अजय कुमार साव पिता पटी साव का पिछले दिनों रामनवमी जुलूस से लौटने के क्रम में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी।सूचना मिलते ही समाजसेवी मुन्ना सिंह उनके निवास स्थान खपरियंवा पहुंच कर उनके परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। श्री सिंह ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में हम सभी आप के साथ है।मुलाकात के क्रम में टोनी मिश्र, किशोर सावंत,बबलू मिश्रा, राज कुमार साव, सुनील कुमार,अशोक कुमार एवं सुरज कुमार उपस्थित थे।

बेगूसराय की टीम को हराकर हजारीबाग बना वॉलीबाल टूर्नामेंट का विजेता

रामगढ़। स्व. रामप्रसाद मेमोरियल वॉलीबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार रात्रि खेला गया। आखरी मुकाबले में एसएसटीसी वॉलीबाल एकेडमी हजारीबाग ने बेगूसराय स्पोर्टी क्लब को हराकर इस राज्य स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीता। इस दौरान रेफरी की निर्णायक भूमिका मो. तस्लीम, राकेश और श्रीकेश ने निभाई। मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार फाउंडरी एंड कास्टिंग लिमिटेड के आनंद सेठ और वृंदावन पॉलीडॉक हॉस्पिटल के समर सिंह ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार राशि और ट्रॉफी देकर उनका हौसला बढ़ाया। टूनामेंट को सफल बनाने में शिव नंदन सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, रंजीत कुमार, जुगनू प्रसाद, छोटे लाल साहू, हरी किशोर दत्ता, अजय यादव, हरी किशोर, अवधेश राम, आशीष दास, हरी दत्ता, अविनाश उपाध्याय, पंकज पासवान आदि का योगदान रहा।

पतरातू क्षेत्र से झामुमो और कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता उलगुलान न्याय महारैली में हुए शामिल

पतरातू। पतरातू क्षेत्र से झामुमो और कांग्रेस इंडी गठबंधन के हजारों कार्यकर्ता उलगुलान न्याय महारैली में शामिल हुए। जिसका नेतृत्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव जिला सचिव मुमताज अंसारी और कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने की। इसमें पतरातू और आसपास क्षेत्र के झामुमो, कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल के हजारों कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ रविवार को रवाना हुए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, संजय वर्मा, वीरेंद्र यादव, शौकत अंसारी, गणेश बेदिया, नकुल सिंह, इस्लाम अंसारी, लक्ष्मी राम, कालेश्वर राय, सतीश मांझी, कमलेश प्रजापति, वासुदेव उरांव, हरिलाल बेदिया, मनौवर अंसारी, आजाद राय, सनी मुंडा, हरि पांडेय, जितेंद्र यादव, ईश्वर, गुलचंद, कुणाल, मनोज, रूपेश, सुभाष, सौरभ, गणेश करमाली, रुस्तम, तस्लीम, रफीक, रवि, तौफिक आदि शामिल थे। जबकि कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, नईम अंसारी, कमलेश राम, संतोष साव, अब्बास अंसारी आदि शामिल थे।

शहीद जयमंगल पांडे के वंशज को हरियाणा के मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

हजारीबाग। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज सचिदानंद पांडेय को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने आवास पर पुष्प गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कहा कि आजादी इन्ही क्रांति वीरों की वजह से मिल पाई है ,आज पूरा देश इनका ऋणी है।आज हम आजादी की खुली सांस ले पा रहे है इसमें शहीद जयमंगल पांडेय जैसे क्रांति वीरों का बलिदान ही है।मुख्यमंत्री ने मौके पर कहा कि आज शहीद जय मंगल पांडेय के परिवार को सम्मानित कर मैं गौरवान्वित हूं। उन्होंने यह भी कहा की सिर्फ मैं ही नही पूरे हरियाणा ने आपको सम्मानित किया है। झारखंड और हजारीबाग की धरती को नमन जहां इन जैसे वीर जन्म लेकर देश के लिए लड़े,इन वीरों को सलाम।

एक नजर

अखंड हरिकीर्तन का आयोजन कल से

बानो। कोलेबिरा प्रखंड के बरसलोया में 23 अप्रैल से चार दिवसीय अखंड हरी कीर्तन सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 23 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी वहीं 24 अप्रैल को अधिवास और नामकरण कार्यक्रम के साथ अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 25 अप्रैल को रात्रि में रंगारंग नागपुरी संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है एवं 26 अप्रैल को नगर भ्रमण व पूणार्हुति व भंडारा कार्यक्रम के साथ अखंड हरि कीर्तन कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।

हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर जिलेभर में होगी सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

सिमडेगा। देश भर में 9 अप्रैल क्षेत्र प्रतिपदा विक्रम संवत हिंदू नव वर्ष के दिन से लेकर 23 मार्च तक रामोत्सव चल रही है। जिसके निमित्त अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम संपन्न हुए, वहीं विश्व हिंदू परिषद प्रांत के निर्देश अनुसार हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर जिले के सभी मठ मंदिर एवं धार्मिक स्थलों पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने बताया कि पवन पुत्र हनुमान कलयुग में निवास करने वाले देव ने और जिनके जन्मोत्सव को जिले भर में भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें कई जगहों पर धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजन किया जा रहे हैं ,विहिप द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करने के निर्णय लिए गए, इसके अलावा जिले में कई जगहों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजन होंगे।

फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

कोलेबिरा। थाना क्षेत्र के श्री कोंडेकेरा गांव में रविवार के सुबह एक युवती ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ज्योति की पहचान श्रीकोंडेकेरा गांव निवासी जयलाल प्रसाद की सुपुत्री बिंदिया कुमारी के रूप में हुई। बताया गया कि यूपी की शादी हाल ही में किशनपुर गांव के युवक से सगाई की गई थी, और मई महीने में शादी होने वाले थे अचानक घर में फांसी लगा लेने से परिवार में कोलाहल मच गया और सभी लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और युवती के शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए जगह सदर अस्पताल भेज दिया। इधर पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लग रही है।

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

बानो। प्रखण्ड के महाबुआंग थाना के वीरता झिरंगाटोली अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया । छापामारी अभियान में 30 केजी अवैध महुआ जावा को जब्त करते हुए नष्ट किया गया । महाबुआंग थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया।

सपनों की उड़ान को लगे पंख

बोर्ड की परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा
मैट्रिक की परीक्षा में इस बार प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर प्रखण्ड का मान बढ़ाया है। प्रखण्ड में टॉप टेन की सूची में दो छात्र और आठ छात्राएं शामिल हैं। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार छात्राओं ने भी अच्छी सफलता हासिल की है। जंयती हाई स्कूल गांगूटोली की छात्रा रेशमा कुमारी 91 प्रतिशत 455 अंक प्राप्त कर प्रखण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त कर अव्वल रही हैं। इस विद्यालय ने बाजी मारते हुए प्रखंड भर में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस विद्यालय के विकेश महतो ने 86.4 प्रतिशत 432 अंक और राधिका कुमारी ने 84 प्रतिशत 420 अंक प्राप्त कर प्रखण्ड में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस बार के रिजल्ट का पुरा श्रेय जयंती हाई स्कुल के खाते में आया है। राधिका कुमारी

84 प्रतिशत 420 अंक प्राप्त कर चौथे स्थान प्राप्त की है। एवं शहीद हेरमन रास्कर्ट उच्च विद्यालय कुटुंगिया की आरती कुमारी 83.40 प्रतिशत 417 अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त की है वहीं उपन कन्डुलना 82 प्रतिशत 410 अंक प्राप्त कर छठा स्थान प्राप्त किया है। सुजा कुमारी 82 प्रतिशत 410 अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त की है। एवं धनुर्जय सिंह उच्च विद्यालय लम्बोई की प्रभा समद 79 प्रतिशत 395 अंक प्राप्त आठवां स्थान प्राप्त की है। स्मिता बागे 79 प्रतिशत 395 अंक प्राप्त कर नौवां स्थान प्राप्त की है तथा हिलमा होरो 79 प्रतिशत 395 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त की है। हालांकि प्रखण्ड में शहीद हेरमन रास्कर्ट उच्च विद्यालय कुटुंगिया पांचवां स्थान एवं धनुर्जय सिंह उच्च विद्यालय लम्बोई आठवां स्थान प्राप्त कर अपनी जगह बनाने में सफल रहा है।

प्रखंड टॉपर ने कहा इंजिनयर बनकर देश की सेवा करूंगी

टॉपर रेशमा कुमारी प्रखंड की कोनमेरला गांव की रहने वाली है। इनके माता सिलाई का काम करती है तो पिता किराना दुकान लगाते हैं। बिषम परिस्थितियों का सामना कर पढ़ाई करती थी। रेशमा ने साबित कर दिया कि लगन और हौसले होने से अभाव विहीन और छोटे से जगह से भी बुलंदी की इबारत लिखी जा सकती है। रेशमा आगे की पढ़ाई कर इंजिनियरिंग लाईन में जाकर करना चाहती है। उन्होंने अपने परीक्षा परिणाम पर खुशी जताते हुए कहा कि वह आगे की पढ़ाई कर इंजिनियर बनना चाहती है। उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक दिन आठ से दस घंटा पढ़ाई करती थी। अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता के अलावे विद्यालय स्कूल के शिक्षकों को दिया है।

मैट्रिक में सफल परीक्षार्थियों को बीडीओ ने दी बधाई

मैट्रिक के परीक्षा परिणाम पर बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई दिया है। बीडीओ ने कहा कि सभी सफल विद्यार्थी और शिक्षक बधाई के पात्र हैं। जिनके मेहनत का परिणाम है कि जलडेगा के शत प्रतिशत बच्चे सफल हुए हैं।

शार्ट सर्किट से आगजनी में कई हरे- भरे पेड़

सतगावां। थाना क्षेत्र के सिहास में अपराह्न तीन बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे कई हरे पेड़, लकड़ी, पशुचारा सहित ट्रांसफार्मर, तार जलकर स्वाहा हो गया। आग की चपेट में आने से बाल-बाल ग्रामीण और मवेशी बच गए। अचानक आग की लपटें पकडने पर ग्रामीणों की नजर पड़ी, तब आसपास के लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। हरे- भरे वृक्षों को भी आग की चपेट में आने से लगभग 50- 60 हरे भरे पेड़,पशुचारा दर्जनों लकड़ी की सिल्ली सहित गांव में लगे ट्रांसफार्मर,तार को भी अपने चपेट में ले लिया। ग्रामीण अश्विन कुमार,उदय पांडेय,रामावतार प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, बाबूलाल प्रसाद, रामनंदन प्रसाद, रूपेश कुमार,केदार प्रसाद, दिनेश प्रसाद के अनुसार शॉर्ट सर्किट से अचानक आग के साथ धुंआ निकलने पर नजर पड़ी। पूरे गांव में आग की घटना की खबर फैल गई। इससे सैकडों ग्रामीण जुट गए। ग्रामीणों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में सिहास में पूर्व से पानी की समस्या थी।

सिमडेगा में गर्मी आते ही बढ़ गई देशी फ्रिज की मांग

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
गर्मी के दिनों में ठंडी पानी की चाहत मन के साथ ही मस्तिष्क को भी काफी सुखद अहसास कराता है, किन्तु बिजली से चलनी वाली फ्रिज खरीदना प्रत्येक परिवार के लिए एक सपना ही है। ऐसे में देसी फ्रिज अथवा मिट्टी के बने घड़े की निर्मल और शीतल जल लोगों के लिए बेहतर विकल्प बन जाता है। इधर गर्मी के दस्तक के साथ ही जिले में माटी से बने घड़ा-सुराही एवं अन्य पात्रों की बिक्री में अचानक ही वृद्धि देखने को मिल रही है। हाट बाजारों में मिट्टी के बरतन पहुंचने लगे हैं। विशेषकर कुम्हार समुदाय के लोग मिट्टी के बरतन लेकर बाजार पहुंचने लगे हैं। वे अपने परिवार के साथ मिलकर मिट्टी के सामग्री बनाने में भी जुटे गए हैं। इधर आधुनिक परिवेश मे भी प्राकृतिक रूप से शीतल जल प्राप्त करने के लिए लोग मिट्टी के

घड़े व सुराही खरीदते हैं। जिसका जल ठंडा होने के साथ-साथ उसमें मिट्टी की सौंधी खुशबू भी घुली होती है ।यही वजह है आज के दौर में भी घरों से लेकर कार्य स्थल तक में फ्रिज का स्थान मिट्टी के घड़े एवं सुराही लेते हैं। वैसे समय के साथ अब मिट्टी के बर्तनों की कीमत में भी काफी उछाल आया है। पिछले वर्ष जहां एक घड़ा का कीमत 30 रुपये से लेकर लगभग 150 रुपए तक था। वहीं इस वर्ष 40 रुपए से लेकर 200 रुपए तक में मिट्टी के घड़े बिक रहे हैं।

उलगुलान रैली में सिमडेगा के हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
रांची में आयोजित उलगुलान रेली में शामिल होने के लिए सिमडेगा से रविवार को हजारों झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में न्याय उलगुलान रैली में सभी शामिल हुए। इस रैली में शामिल होने के लिए सिमडेगा से 110 बड़े बसों में और डेढ़ सौ से अधिक छोटी वाहनों में हजारों झामुमो कार्यकर्ता रांची के रैली में शामिल हुए। रैली में जाने से पूर्व झामुमो के कार्यकर्ताओं ने झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कण्डुलना एवं सचिव शफीक खान की अगुवाई में सिमडेगा नगर भवन के पास इकट्ठे होकर केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी की एवं रांची के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि हमें हेमंत की गिरफ्तारी के खिलाफ किया जा रहा है।

सिमडेगा जेल में लगी जेल अदालत 1 बन्दी रिहा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
झालसा रांची के निर्दशानुसर जिला विधिक सेवा प्रकार सिमडेगा के तत्वाधान मे मण्डल कारा सिमडेगा में जेल अदालत का आयोजन किया गया ।जिसमे मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार सिंह के द्वारा एक बंदी को रिहा किया गया गया। मौके पर असिस्टेंट एलएडीसीएस अधिवक्ता सुकोमल, सहायक अभियोजन पदाधिकारी न्यायालय के पेशकार, जेल मंडल कारा सिमडेगा, पीएलवी तेलेसफोर लुगुन, जेल के पुलिसकर्मी एवं बंदी उपस्थित थे।

जंगली हाथी ने महुआ चुनने गयी महिला को कुचल कर मारा डाला, क्षेत्रों में फैला दहशत

बानो। बानो प्रखंड के गिरदा थाना क्षेत्र के चांदसाय में जंगली हाथी ने महुआ चुनने गयी महिला को कुचल कर मार डाला। घटना गत शनिवार सुबह सात बजे की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विरसी जोजो उम्र की 81 वर्ष गांव के लोगों के साथ महुआ चुनने गयी थी। इसी क्रम में जंगली हाथी अचानक आ गया तथा महिला को पटक कर मार डाला। इस घटना से लोगों में दशहत फैला हुआ है। इस घटना की जानकारी वन विभाग वनपाल विवेक कुमार व वनरक्षी लखिंद्र सिंह दी गयी वह घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली तथा पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता राशि के रूप में ?10,000 उपलब्ध कराया ।पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए अंत्यपरिक्षण हेतु सिमडेगा भेज दिया।

एफपीईसीजीकॉन वेब कॉन्क्लेव का हुआ आयोजन

लोगों को बिमारियों की त्वरित जांच कराकर चिकित्सकों से सलाह लेनी चाहिए : डॉ जगनाणी

नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा
फैमिली फिजिशियन्स एशोसियेशन (एफ पीए) रांची के तत्वावधान में फेडरेशन ऑफ फैमिली फिजिशियन एशोसियेशन्स ऑफ इण्डिया का जोनल कान्फ्रेंस एफपीईसीजीकॉन 2024 का वेब कॉन्क्लेव का आयोजन रविवार को किया गया। नॉर्मल ईसीजी पर झुमरीतिलैया से डॉ सुनील यादव ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसकी अध्यक्षता अहमदाबाद से डॉ संजय शाह, रांची से डॉ राकेश कुमार, दिल्ली से डॉ कपिल खन्ना एवं बिलासपुर से डॉ कमलाकान्त तिवारी ने किया। एफपीईसीजीकॉन के अध्यक्ष तथा संचालक एवं एफपीए राँची के संस्थापक अध्यक्ष, सुप्रसिद्ध हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ वीके जगनाणी ने वैल्वूर डिजीज में ईसीजी की उपयोगिता पर



व्याख्यान प्रस्तुत किया । इसकी अध्यक्षता वड़ोदरा से डॉ रिकूल शाह, जमशेदपुर से डॉ पंकज, टडोंग से डॉ प्रेरणा चेत्री एवं दिल्ली से डॉ दीपक जैन ने किया। डॉ. जगनाणी ने कहा कि लोगों को बिमारियों की त्वरित जांच कराकर चिकित्सकों से सलाह लेनी चाहिए ताकि समय से पहले काबू पाया जा सके। रोग समझने के लिए नॉर्मल ईसीजी का ज्ञान आवश्यक है। मुम्बई से डॉ मनोज गरेला ने ईसीजी दैट वार्न द क्लिनिशियन्स पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसकी अध्यक्षता बैंगलोर से डॉ अनुराधा, रांची से डॉ अमर, लुधियाना से डॉ मानव वधेरा एवं चंडीगढ़ से डॉ चित्राली सिंह ने किया।

कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय बैठक आयोजित

कार्यकर्ताओं के दम पर देश में बनेगी इंडी गठबंधन की सरकार : विधायक

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
कुरडेग प्रखंड के गोहरीटांड़ स्थित 20सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो के आवास में कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मुख्य रुप से विधायक भूषण बाड़ा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। मौके पर ट्रेनिंग देने दिल्ली से आए रघुवंश जी ने कार्यकर्ताओं को लोस चुनाव को लेकर कई जानकारी दी। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि लोस चुनाव में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का अहम रोल होगा। कार्यकर्ताओं के दम पर जनता के आशिर्वाद से देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। खूंटी लोस में कांग्रेस प्रत्यशी कालचरण मुंडा की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा सरकार से उब चुकी है और इंडिया गठबंधन को ही विकल्प के रुप में देख रही है। बैठक को जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, कुरडेग प्रभारी सह यूथ जिलाध्यक्ष आकाश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो,20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का,विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की,विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, विधायक प्रतिनिधि रॉवेल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि बिनोद दास,नगर प्रभारी शशि गुड़िया, लखन सिंह, डा. इम्तियाज हुसैन, चंदन सिंह, दीपक जयसवाल, मो अरमान, नीलिमा खाखा,विजय बेक आदि और सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष और मुखिया उप मुखिया आदि उपस्थित थे।

गरीबों की मदद के लिए डालसा हमेशा तत्पर : सीजेएम

कोडरमा । जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकार के प्रभारी सचिव सह सीजेएम प्रताप चंद्रा ने कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि गरीबों, असहायों की मदद के लिए डालसा हमेशा तत्पर है। एलएडीसी अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। यहां से निकलने के बाद सामान्य नागरिक जीवन जीने का प्रयास करें। अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि निर्धन, असहाय बंदियों की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता एलएडीसीएस पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहा है। बंदियों की ओर से वाद निष्पादन को लेकर आवेदन नहीं आने से एक भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका। इस दौरान बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी अधिवक्ता अश्विनी शरण ने दी।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष हर्ष बरला ने थामा झापा का दामन

नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग
प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष हर्ष बरला ने थामा झापा का दामन। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने माला पहना कर पार्टी में किया स्वागत। मौके पर हर्ष बरला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी नीति सिद्धांत भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले में झारखंड पार्टी और एनोस एक्का ही क्षेत्र का विकास कर सकती है। हर्ष बारला के झापा में शामिल होने के पश्चात कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी परांगत खलखो ने हर्ष बारला को पार्टी विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि हर्ष बारला काफी दिनों से पार्टी विरोधी काम कर रहे थे। इसकी शिकायत पूर्व में भी की जा चुकी है। साथ ही संगठन से उसे कुछ दिन बाद ही निष्कासित किये जाने की योजना थी। उन्होंने कहा कि जो संगठन विरोधी काम करेगा, उसे संगठन में रहने का अधिकार नहीं है। जो कार्यकर्ता संगठन के हित मे काम करेगा उसे कांग्रेस पार्टी पूरा सम्मान देती है। कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिन्होंने हर कार्यकताओं को पूरा सम्मान दिया है।

न्यूज बॉक्स

कोचेडेगा शिव मंदिर वार्षिक महोत्सव पर निकली भव्य कलश यात्रा

सिमडेगा। सिमडेगा के कोचेडेगा स्थित शिव मंदिर में रविवार को शिव मंदिर की वार्षिक महोत्सव के मौके पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा शंख नदी से शुरू हुई जहां से जल लेकर पैदल महिला एवं यूवतियों के द्वारा जय श्री राम,हर हर महादेव की जय घोष के साथ मंदिर पहूचे जहां पर कलश का स्थापना किया गया। जानकारी देते हुए समिति के सुधीर साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है इसके तहत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसके बाद अखंड हरी कीर्तन की शुरूआत होगी जहां पर आसपास गांव के कई कीर्तन मंडली शामिल होंगे, वहीं कीर्तन की पूणार्हुति के मौके पर हवन पूजन एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

बानो पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

बानो। बानो थाना क्षेत्र के जराकेल अंडर पास के समीप बानो पुलिस के द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया ।इस दौरान दुपहिये वाहन के कागजात डिक्की ,हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी. एएसआइ वीरेंद्र मुर्मू के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया । गया. उन्होंने वाहन चालकों को गाड़ी चलाते समय आवश्यक कागजात साथ लेकर चलने का निर्देश दिया तथा सड़क सुरक्षा का पालन करने का भी निर्देश दिया ।अभियान को सफल बनाने में पुलिस बल के जवानों में अहम भूमिका निभायी।

बिना भय व लालच के वोट देने के लिए प्रेरित किया गया

सिमडेगा। एसडीओ सुमंत तिर्की और एसडीपीओ पवन कुमार द्वारा मुफ्फसिल थाना अंतर्गत टैंसरा बूथ का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में इमली चुनकर उसे संवर्धित रूप देकर अपनी मेहनत से व्यापार करने वाले वहां के ग्रामीणों से घर- घर जाकर बातचीत की गई और उन्हें बिना भय व लालच के वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। सभी ग्रामीणों ने प्रशासन को सपोर्ट करने की बात कही। एसडीपीओ पवन कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत कर उस क्षेत्र में शराब बेचने वालों,वोट प्रभावित करने वालों व सामाजिक शांति को नुकसान पहुंचाने वालों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही जवानों के साथ फ्लैग मार्च भी किया गया।

सिंदरीटोला में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का

सिमडेगा। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने रविवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया। मौके पर सिंदरीटोला में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुए। महोत्सव में ग्रामीणों के द्वारा नगाड़ा बजाते देख वे खुद को रोक नहीं पाए और ग्रामीणों के बीच जाकर अपने गले में नगाड़ा टांग कर बजाने लगे और झूमने लगे। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि आदिवासी संस्कृति में चलना ही नृत्य है और बोलना ही गीत है। उन्होंने सभी लोगों को सरहुल की शुभकामना दी और अपने पुरातन संस्कृति, संस्कार वेशभूषा, खान-पान, रहन-सहन को बचाए रखने की अपील की। मौके पर अशोक कुमार भगत, आतिश सिंह आदि उपस्थित थे।

जिला में कबड्डी को बढ़ावा देने के लिए लोगों को आगे आने की जरूरत : गोडवीन तोपनो

सिमडेगा। जिला कबड्डी संघ सिमडेगा के तत्वावधान में सरना स्थल सिमडेगा में बैठक रखा गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष हरिश्चंद्र भगत सचिन मनंद नाग तथा गोडवीन तोपनो की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में सीनियर बालिका राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता होने वाली है अतः सभी जिलों से प्रतिभागी शामिल होने को लेकर चर्चा की गई ।कहा कि सिमडेगा जिला कबड्डी संघ से भी सीनियर बालिका राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होना है जिसके लिए टीम का गठन किया जा रहा है जिसमें सीनियर बालिका प्रतिभागी भाग ले सकते हैं' वहीं गोडविन तोपनो के द्वारा बताया गया कि जिला में कबड्डी को बढ़ावा देने के लिए लोगों को आगे आने को कहा और यहां के खिलाड़ियों को एक अच्छा अवसर प्रदान कराया जा रहा है जिससे यहां के खिलाडी लाभ ले सके ।जिला में कबड्डी खेल के लिए डे बोर्डिंग सेंटर का भी व्यवस्था किया जाएगा अतः खिलाड़ी संघ से जुड़ सकते हैं' कार्यक्रम में निम्न लोग उपस्थित थे जिनका सहभागिता रहा लोचन सिंह, अनिता कुमारी, बिलकन समद विजय उरांव, संजीत कुमार तिर्की अंजू उराव तथा मणि कुमारी उपस्थित थे।

एक नजर

सीतारामडेरा में युवक ने की आत्महत्या

जमशेदपुर। जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत ओल्ड सीतारामडेरा निवासी 19 वर्षीय साधु दुकरिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। साधु का शव कमरे में फंदे से लटकता पाया गया। रविवार सुबह जब परिजन उसके कमरे में गए तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। इधर, सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि साधु के माता-पिता नहीं है। वह अपने मामा के घर रहता है। वह मानसिक रुप से बिमार भी है। शनिवार रात सभी ने खाना खाया और अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। रविवार सुबह घटना की जानकारी हुई। इधर, पुलिस ने परिजनों के बयान पर आस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है।

साकची में बाइक सवार बदमाशों ने महिला से की पर्स छिनतई

जमशेदपुर। जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत रामलीला मैदान के पास रविवार दोपहर बाइक सवार दो बदमाशों ने काशीडीह निवासी अर्चना साहू के पर्स की छिनतई कर ली। जब तक अर्चना लोगों से मदद की गुहार लगाती तब तक बदमाश मौके से फरार हो गए। इधर, घटना की सूचना साकची पुलिस को दी गई। सूचना पाकर साकची पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच की जिसमें बदमाशों की गतिविधि दर्ज की गई है। सीसीटीवी में बदमाश साफ-साफ दिखाई दे रहे है।

पांच किलो वाट तक के कनेक्शन पर अब नहीं लगेगी सिक्योरिटी मनी

धनबाद। एक किलो वाट से पांच किलो वाट तक के बिजली कनेक्शन लेने पर सिक्योरिटी मनी अब नहीं लगेगी। विद्युत विभाग की ओर से नई स्कीम लागू की गई है। एक किलोवाट कनेक्शन लेने पर विभाग को चार्ज के रूप में सिर्फ 956 रुपये भुगतान करना होगा, जबकि पूर्व में एक किलोवाट कनेक्शन लेने पर 4066 रुपये भुगतान करना पड़ता था। वहीं पांच किलोवाट तक कनेक्शन लेने पर अब 2956 रुपये लगेंगे, जबकि पूर्व में 20,330 रुपये लिए जा रहे थे। राशि कम होने से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। अधिकारियों का कहना है कि नए नियम में स्मार्ट मीटर लगाने का चार्ज प्रति किलोवाट 500 रुपये, 100 रुपये मीटर टेस्टिंग फीस, एस्टीमेट चार्ज 256 व कनेक्शन के आवेदन करने पर 100 रुपये भुगतान करना होगा। दो किलो वाट लेने पर 1456 रुपये भुगतान करना होगा।

सड़क दुर्घटना में घायल महेंद्र की इलाज के दौरान मौत

धनबाद। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महेन्द्र चौहान की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजन व ग्रामीण शव को लेकर थाना पहुंचे और तत्काल मुआवजा की मांग करने लगे। थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी के काफी समझाने-बुझाने और उचित कार्रवाई व मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद लोग शव को लेकर अंतिम संस्कार करने के लिए चले गए। मृतक का 14 वर्ष का एक बेटा और 10 वर्ष एक बेटी है। पत्नी मुनी देवी तेतुलमारी के एक प्राइवेट विद्यालय में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है।

जयप्रकाश नारायण सामुदायिक भवन में लगा स्वास्थ्य शिविर

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा अवस्थित जयप्रकाश नारायण सामुदायिक भवन में रविवार को रेड क्रॉस सोसाइटी व फिजियोथैरेपी सेंटर के संयुक्त सहयोग से एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सह फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी ने दीप प्रज्वलित कर तथा सामुदायिक भवन परिसर में अवस्थित जयप्रकाश नारायण की मूर्ति पर मल्लारपर्ण तथा पुष्प अर्पित कर के शुभारंभ किया।

बंदियों की विधिक सहायता के लिए चलाए जाते हैं कई कार्यक्रम : फैयाज अहमद

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में केंद्रीय कारा, गिरिडीह में काराधीन बंदियों के बीच जेल अदालत - सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम में सचिव (प्रभार), जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, के मार्गदर्शन में कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह, फैयाज अहमद, रविकांत शर्मा, पुरुषोत्तम कुमार, रंजीव कुमार रंजीव, सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह फैयाज अहमद , रविकांत शर्मा, पुरुषोत्तम कुमार, रंजीव कुमार रंजीव, सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के द्वारा काराधीन बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है।

इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कारा में संसीमित बंदियों को निरंतर विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बंदियों के बीच से ही पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति की गई है। जो निरंतर बंदियों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं को कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचाते हैं जहां जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने की दिशा में कार्य किया जाता है।

वैसे बंदीगण जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं। उनके लिए सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। बंदियों के मामलों की निरंतर मॉनिटरिंग भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के माध्यम से की जाती है। कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह में जितने मुकदमा आये है संबंधित मुदालय को उसके मुकदमा के बारे में विस्तृत विवरण दिया गया क जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के द्वारा जेल में प्रतिनियुक्त पारा लीगल वालंटियर्स को भी इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आम बंदियों के बीच निरंतर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश दिया। साथ ही जेल पीएलबी को यह निर्देश भी दिया गया कि इस कारा में कोई भी बंदी अपने कानूनी अधिकारों से वंचित नहीं रहे, इसके लिए वे सभी निरंतर आम बंदियों से संपर्क में रहें, यदि किन्हीं को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो उसका आवेदन तुरंत कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के ईमेल आईडी तथा कार्यालय में भेजें। उन बंदियों को तत्काल विधिक सहायता के तौर पर निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाएगा।

छेड़खानी का विरोध करने पर ईंट पत्थर से किया हमला

तीन जख्मी, एक गंभीर, शादी समारोह से लौट रहे थे सभी

पुलिस ने घटनास्थल से दो बाइक को किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गिरिडीह गावां प्रखंड के भेलवा में कुछ मनचलों की दबंगई सामने आई है। यहां एक शादी समारोह से लौट रहे परिवार को बीच सड़क पर मारपीट कर गंभीर कर दिया गया है। मनचलों ने ऑटो पर सवार महिलाओं और बच्चियों के ऊपर जमकर पत्थर और ईंट बरसाया है। इस घटना में 3 महिला गंभीर रूप से जख्मी है। जिसमें 1 महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जिसे बेहतर इलाज के लिए परिजन नवादा ले गए हैं। घटना के समय एक आर्मी के जवान ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों की जान बचाई व अस्पताल पहुँचाया।



क्या है मामला

नवादा जिला स्थित अकबरपुर प्रखंड के एक गांव से एक परिवार के लोग विवाह समारोह में भाग लेने बिरनी थाना क्षेत्र के बरमसिया गये थे। शनिवार को विवाह कार्य सम्पन्न होने के बाद पटना बल्हारा पथ के द्वारा टेम्पु से लौट रहे थे। बादीडीह गांव के पास दो बाईक पर सवार तीन युवक टेम्पु पर बैठे महिलाओं व युवतियों के साथ अश्लिल हरकते करने लगे। बार बार वे टेम्पु को ओवरटेक करके वाहन पर सवार युवतियों व महिलाओं पर कंकड़ आदि फेंकने लगे। वाहन पर बैठी महिलाएं व एक युवक ने जब युवकों का विरोध किया तो तीनों युवक अपने अन्य तीन चार साथियों को बुला लिए व भेलवा गांव के पास वाहन में सवार महिलाओं व युवतियों पर ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। हमले में तीन महिलाएं जख्मी हो गई है। एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया। परिजन महिला को लेकर नवादा अस्पताल गये हैं ।

कई घरों में दौड़ा करंट, बड़ा हादसा टला

गोदाम के ऊपर गिरा 11 हजार वोल्ट का तार

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गावां बाइपास रोड़ में संचालित एक टाइल्स गोदाम में रविवार को 11 हजार वोल्ट बिजली का तार गिर गया। इस घटना में गोदाम के अंदर रखे खाली डीप-फ्रिज और कुर्सी में आग लग गई, जिससे फ्रिज का एक हिस्सा जल गया।

वहीं कुर्सी और खाली रखे कुछ बोतले जल गई। बताया जाता है कि इस दौरान तार गिरने के कारण कई घरों में करंट दौड़ गया। जिस कारण कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

गोदाम मालिक बबलू साहा ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह घटना हुई है। कई बार बिजली विभाग को घर के ऊपर से गुजरे तार को हटाने के लिए आग्रह किया गया। लेकिन कोई पहल नहीं हुआ। जिस कारण आज यह घटना हुई है। कहा कि अगर गोदाम के अंदर कोई रहता तो आज उसकी जान भी जा सकता थी। उन्होंने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है।

भगवान महावीर की जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

महावीर के जयकारे से गूंजा शहर

अहिंसा परमो धर्म का दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
अहिंसा परमो धर्म का संदेश देने वाले भगवान महावीर की 2652वीं जयंती को लेकर रविवार की सुबह जैन समाज के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शहर के बड़ा चौक स्थित जैन मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा में काफी संख्या में जैन समाज के युवाओं के साथ-साथ महिलाएं व युवतियों के साथ बच्चे शामिल हुए। भगवान महावीर की जयंती को लेकर निकले भव्य शोभा यात्रा में भक्तों की ओर से जयकारे भी लगाए जा रहे थे, बड़ा चौक के जैन मंदिर से निकले शोभा यात्रा में युवाओं की टोली एक चांदी के पालने में भगवान महावीर के अस्टधातु की मूर्ति के लिए साथ चल रहे थे।

भाजपा नेताओं ने एनडीए के घटक दलों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर
रविवार को आदित्यपुर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एक संयुक्त बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी दल के नेताओं ने निर्णय लिया कि सिंहभूम लोकसभा संसदीय सीट से राजग प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी मतों से जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो को मजबूत करेंगे। आज की बैठक में शामिल नेताओ ने यह भी निर्णय किया कि संयुक्त प्रचार अभियान चलाया जायेगा और जनसमर्थन मांगा जायेगा। दल के नेताओं ने कहा भाजपा प्रत्याशी की जीत निश्चित है, फिर भी हमे अपने प्रयास में कही कमी नहीं छोड़ना है। साथ ही निर्णय लिया गया की कल भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के होने वाले नामांकन कार्यक्रम में सभी दलों के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होंगे।बैठक में सिंहभूम लोकसभा के प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोश्वामी, आदित्यपुर के पूर्व मेयर बिनोद श्रीवास्तव, भाजपा नेता गणेश महाली, पूर्व डिप्टी मेयर बॉबी सिंह, आजसू नेता सचिन महतो, माकुड़ महतो, जदयू के कौशलेन्द्र कुमार, लोजपा के रंजीत तिवारी और मनोज पासवान शामिल थे।

बबलू पाठक की पुण्यतिथि पर गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
रविवार को गांडेय प्रखंड के दासडीह पंचायत के जोराआम में स्थित समाजसेवी स्वर्गीय चंन्द्रशेखर पाठक उर्फ बबलू पाठक की तीसरी पुण्यतिथि उनके प्रतिमा स्थल में मनाई गई । इस क्रम में स्वर्गीय पाठक के परिजनों ने सबसे पहले उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । पुनः गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक , यदुनंदन पाठक सहित अन्य लोगों ने भी उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दिया ।

इस दौरान यदुनंदन पाठक ने कहा कि वे इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे,वे हर समुदाय को साथ लेकर चला करते थे। गांडेय के लोगो को सुख दुख में हमेशा साथ रहते थे आज इनकी कमी हर समुदाय को खल रही है।

उनके विचारों को हमेशा याद रखने कि जरूरत है। मौके पर गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक, भाजपा नेता मो शाकिर, राजकुमार पाठक, मुखिया अमृतलाल पाठक, श्याम पाठक, गौतम पाठक, मो साकिर, सुरेंद्र रजक, टुनटुन रवानी, नंदू रवानी, संदीप राम, इन्द्रदेव पाठक, एन्थोनी स्वामी, गणेश वर्मा समेत दर्जनों लोगों ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया।

उलगुलान रैली में समर्थको संग शामिल हुए कांग्रेसी नेता फुलकांत

आदित्यरपुर। कांग्रेस पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फुलकांत झा रविवार को उलगुलान रैली में शामिल होने अपने सैंकड़ों समर्थकों संग प्रभात तारा मैदान रांची में शामिल हुए और उन्होंने बताया कि रैली सर्वाधिक सफल रहा है. उन्होंने बताया कि रैली में 14 दलों के नेता शामिल हुए जिन्होंने इंडिया गठबंधन दलों के कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी गठबंधन दल के प्रत्याशियों को देने की अपील की है. फुलकांत झा ने कहा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे ने अपने संबोधन से कांग्रेस के कार्यकताओं को एकजुटता दिखाने को कहा है ।

न्यूज बॉक्स

जयप्रकाश नारायण सामुदायिक भवन में लगा स्वास्थ्य शिविर

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा अवस्थित जयप्रकाश नारायण सामुदायिक भवन में रविवार को रेड क्रॉस सोसाइटी व फिजियोथैरेपी सेंटर के संयुक्त सहयोग से एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सह फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन किया गया. इस शिविर का उद्घाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी ने दीप प्रज्वलित कर तथा सामुदायिक भवन परिसर में अवस्थित जयप्रकाश नारायण की मूर्ति पर मल्लारपर्ण तथा पुष्प अर्पित कर के शुभारंभ किया गया. इस उपलक्ष पर डॉक्टर षाड़ंगी ने कहा कि इस प्रकार का फिजियोथैरेपी सेंटर ग्रामीण क्षेत्र में होने की जरूरत है तभी जाकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकती है. वहीं इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सिविर आसपास से आए हुए सैकड़ो लोगों की डॉ पीयूष जैन, डॉक्टर नियति कुमारी व डॉक्टर माला कुमारी ने स्वास्थ्य जांच कर सलाह तथा निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया.इस मौके पर बहरागोड़ा महाविद्यालय के प्राचार्य बालकृष्ण बेहरा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर उत्पल मुर्मू , डॉक्टर बिनी षाड़ंगी, डॉक्टर श्रद्धा सुमन षाड़ंगी, डॉ सूरॉय माण्डी, डॉ गोपीनाथ महाली, जन्मानजय करण, चंडी चरण साहू, रंजीत बाला, सुदीप पटनायक, हुकुम महतो, जितवाहन राउत, जगन्नाथ नायक आदि उपस्थित थे।

केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के समय-सारणी में हुआ बदलाव

किरीबुरु । झारखण्ड राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए झारखण्ड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों के स्कूलों का समय में परिवर्तन संबंधित जारी आदेश के बाद केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु स्कूल प्रबंधन ने स्कूल का समय में बदलाव किया है। केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के प्राचार्य डा0 आशीष कुमार ने बताया की 22 अप्रैल से हमारा स्कूल में छात्र-छात्राओं का रिपोर्टिंग समय सुबह 6.50 बजे रखा गया है। कक्षाएं सुबह 7 बजे से शुरू होंगी। वर्ग 1 से 8 के छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल 11:30 बजे समाप्त हो जाएगा। स्कूल बस के बच्चों को 11:40 बजे छोड़ा जाएगा। कक्षा 9-12 के छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल 11:50 बजे समाप्त हो जाएगा। उसके बाद सभी बच्चों को छोड़ा जाएगा। इस दौरान एसेम्बली व खेल क्लास को बंद रखने का फैसला अगले आदेश तक किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे बच्चों को समय पर छोड़ें और ले जाएं तथा गर्मी से बचने के लिए उन्हें पानी की बोतलें उपलब्ध कराएं। दूसरी तरफ उन्होंने बताया की 22 अप्रैल को दोपहर 11.30 बजे से वर्ग एक के बच्चों का नामांकन से संबंधित मामले को लेकर ऑनलाइन लॉटरी की जायेगी। नामांकन हेतु जिन बच्चों का आवेदन विद्यालय को दिया गया है उनके अभिभावक इस दौरान उपस्थित होकर इसमें भाग ले सकते हैं।

पंचपाहिया-डोमलोई के बीच भाकपा माओवादियों ने पोस्टर चिपकाया

चाईबासा । पश्चिमी सिंहभूम जिला के मनोहरपुर प्रखंड क्षेत्र के मनोहरपुर प्रखंड के जराइकेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले पंचपाहिया-डोमलोई के बीच भाकपा मावादियों ने पेड़ो व स्थानीय दूकानदारों के दीवारों पर पोस्टर चिपका कर वोट का बहिष्कार करने को कहा है। मालूम हो की चाईबासा पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में नक्सलियों पर नकेल कशने के लिए सर्च अभियान चला रखा है। सर्च अभियान में लगातार पुलिस को सफलता भी मिल रही है, जिससे नक्सली संगठन बैकफुट पर जाने को मजबूर है।

टाटा स्टील को सीआईआई कौशल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान का पुरस्कार

आदित्यपुर। टाटा स्टील लिमिटेड को 34वीं राष्ट्रीय सीआईआई कौशल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान का पुरस्कार मिला है। यह आयोजन 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक दिल्ली में हुआ था। टाटा स्टील से 52 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें से टाटा स्टील को कुल 38 पुरस्कार मिले। इसमें भाग लेने वाली अन्य कंपनियां सेल, गोदरेज, टाटा मोटर्स लिमिटेड, टाटा स्टील लिमिटेड, कैटरपिलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अंजलि फाउंडेशन, ब्लू स्टार, अमरा राजा मोबिलिटी एंड एनर्जी, क्यूमी, डेमेलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड, गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग, डेंसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड, एल्गी इक्विपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, इसुजु मोटर इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, सुब्रोस लिमिटेड, रॉकमैन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा मेटालिक लिमिटेड, टाटा फाउंडेशन लिमिटेड, सेंट गोबेन इंडिया, श्विंग स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,टाटा हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी, टाटा यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड शामिल थे।

AFFIDAVIT

I, TILASO DEVI, W/o Late Sukar Mahto, R/o Village- Kanki, PO Dari, P.S. Giddi, -A, Dist. Hazaribag, (Jharkhand)829109 due to mistake my name has been mentioned as Tileshwari Devi in my Account of B.O.I. (Gidi Branch) A/c No. 482310100100668 Vide Affidavit No. 1038, Dated 20/ 03/2024. TILASO DEVI and TILESHWARI DEVI are same person.

कुछ लोग सफलता के केवल सपने देखते हैं जबकि अन्य व्यक्ति जागते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं : महात्मा गांधी

विज्ञापन और भ्रम की सीमारेखा

बाबा रामदेव के कथित भ्रामक विज्ञापन मामले को बहुराष्ट्रीय कंपनियां बहुत प्रचारित कर रहीं हैं पर उनके स्वयं का इतिहास इससे भी खराब है । वैसे पूरी दुनिया विज्ञापनों पर आधारित हो गई है ।एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में वैश्विक विज्ञापन बाजार का आकार 615.2 अरब अमेरिकी डॉलर था, जिसके आगामी कुछ वर्षों में 800 अरब डॉलर होने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार, औसत व्यक्ति प्रतिदिन 200 से 300 विज्ञापन तक देखता है। विज्ञापन लोगों को सूचना देने और उत्पादों आदि के बारे में जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम है। लेकिन वर्तमान समय में जिस प्रकार से भ्रामक विज्ञापनों की बाढ़-सी आई है, यह समाज के लिए समाधान कम, समस्या ज्यादा बनते जा रहे हैं।विज्ञापनदाता का इरादा मनोवैज्ञानिक रूप से आपको प्रभावित करते हुए आपके विचारों और निर्णयों को प्रभावित करना होता है। सिर्फ पांच दिनों में काले से गोरा करने, या मात्र एक खुशबू वाले डियोड्रेंट के स्प्रे मात्र से महिलाओं को आपके प्रति आकर्षित करने का दावा करने वाले विज्ञापन आपने खूब देखे होंगे। अभी कुछ दिन पहले साइंस जर्नल 'मेडिसिन' ने भारत में बेचे जाने वाले और उपभोग किए जाने वाले सबसे लोकप्रिय प्रोटीन पाउडर के 36 विभिन्न ब्रांडों पर किए गए विश्लेषण के निष्कर्ष प्रकाशित किए थे। विश्लेषण से पता चला कि 36 पूरकों में से लगभग 70 प्रतिशत में प्रोटीन की गलत जानकारी थी, कुछ ब्रांड अपने दावे का केवल आधा हिस्सा ही पेश कर रहे थे। इसके अलावा, लगभग 14 प्रतिशत नमूनों में हानिकारक फंगस थे, जबकि 8 प्रतिशत में कीटनाशकों के अवशेष दिखाई दिए। ये नतीजे भ्रामक जानकारी, पारदर्शिता की कमी और ऐसे उत्पादों से उत्पन्न संभावित स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में बढ़ती चिंता को दशार्ते हैं।पर्यावरणीय स्थिरता और सचेत उपभोग के बारे में चिंतित दुनिया में ग्रीनवाशिंग एक बढ़ती हुई चिंता बन गई है। ग्रीनवॉशिंग, जिसे उत्पादों या सेवाओं के बारे में भ्रामक पर्यावरणीय दावे के रूप में परिभाषित किया गया है, ने नियामकों, उपभोक्ताओं और वकालत समूहों का समान रूप से ध्यान आकर्षित किया है। हाल ही में, यूरोपीय संसद और भारतीय न्यायपालिका, दोनों ने इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए निर्णायक कदम उठाए, जो सख्त नियमों और विपणन प्रथाओं में अधिक जवाबदेही की ओर वैश्विक बदलाव का संकेत है। इसी तरह, भारतीय न्यायपालिका द्वारा उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में भ्रामक और निराधार दावे करने के लिए पतंजलि समूह की निंदा करना कंपनियों को उनकी मार्केटिंग के प्रति जवाबदेह बनाने के महत्व को रेखांकित करता है। न्यायपालिका का निर्णय उपभोक्ताओं को गलत जानकारी के आधार पर विकल्प चुनने से बचाता है और यह सुनिश्चित करता है कि कंपनियां अपने विपणन संचार में नैतिक मानकों का पालन करें। ग्रीनवाशिंग या भ्रामक विज्ञापन न केवल उपभोक्ताओं को गुमराह करते हैं, बल्कि टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के प्रयासों को भी कमजोर करते हैं। भ्रामक विज्ञापनों पर नकेल कस कर नियामक कंपनियों को अधिक जिम्मेदार और पारदर्शी विपणन रणनीति अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।भ्रामक विज्ञापनों को संबोधित करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें नियामकों, उद्योग हितधारकों, उपभोक्ता वकालत समूहों और जनता के बीच सहयोग शामिल होता है। नियामक यह सुनिश्चित करते हुए कि कंपनियां विज्ञापन में सच्चाई का पालन करती हैं, पर्यावरणीय दावों के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश और मानक स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। व्यवसायों और व्यापार संघों सहित उद्योग हितधारकों की नैतिक विपणन प्रथाओं को बनाए रखने और उपभोक्ताओं को सटीक जानकारी देने की जिम्मेदारी है। उपभोक्ता वकालत समूह भ्रामक प्रचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और भ्रामक विपणन रणनीति के लिए कंपनियों को जिम्मेदार ठहराने में भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा, उपभोक्ता स्वयं टिकाऊ उपभोग प्रथाओं के बारे में खुद को शिक्षित करके और पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने वाले ब्रांडों का समर्थन करके ग्रीनवॉशिंग के खिलाफ लड़ाई में योगदान दे सकते हैं। नियमों को मजबूत बनाने, जागरूकता बढ़ाने और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है, केवल तभी हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उपभोक्ताओं के पास सटीक जानकारी पहुंच रही है, ताकि वे अपनी प्राथमिकताओं और मूल्यों के अनुरूप विकल्प चुन सकें।

इन दिनों

ईरान इजराइल युद्ध से धराशायी शेयर मार्केट

शशांक भारद्वाज

पिछले सप्ताह शुक्रवार को भारतीय शेयर मार्केट में रक्त स्नान, काला शुक्रवार अवश्यंभावी लग रहा था। ईरान ने इजराइल पर सैकड़ों मिसाइलों तथा ड्रोन से आक्रमण कर दिया था। पूरे विश्व के प्रमुख शेयर मार्केट धराशाई हो गए थे। डाउ फ्यूचर में प्रातः गिरावट थी तो गिफ्ट निफ्टी 350 अंको से भी नीचे ट्रेड कर चुका था। भारत में भी निफ्टी 134 अंक नीचे खुला। फिर एक बिकवाली आई तथा एक समय निफ्टी 218 अंक गिर गया।बड़ी मंदी की आशंका सच होती दिख रही थी। पर तभी मार्केट ने एक मोड़ लिया। निफ्टी में तेजी प्रारंभ हो गई तथा दिन के निचले स्तरों से निफ्टी में 402 अंकों की अविश्वसनीय पुनर्वापसी दिखी। निफ्टी 21777 का स्तर छू 22147 पर बंद हुआ जो गुरुवार की तुलना में 152 अंक तेज था। ईरान इजराइल युद्ध की पृष्ठभूमि में ,शनिवार तथा रविवार को शेयर मार्केट में छुट्टी को देखते हुए यह तेजी बहुत ही उल्लेखनीय थी।सप्ताह के अंतिम दो दिनों में युद्ध और भी भड़क सकता था। क्रूड के मूल्यों में बड़ी तेजी आ सकती थी जो भारत के लिए अच्छी नहीं होती। अनेक आशंकाएं थी फिर भी भारतीय शेयर मार्केट तेज बंद हुआ। चूंकि शुक्रवार को भारत में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान भी हो रहा था,इसलिए लगता है भारतीय निवेशकों ने अधिक महत्व चुनावों को दिया तथा मोदी विजय की घड़ी अधिक निकट आते देख जम कर खरीदारी की। मार्केट की अंतर्धारणा तो मोदी सरकार की पुनर्वापसी की है तथा इस स्थिति में भारतीय शेयर मार्केट मे तीव्र उछाल की बातें की जा रही हैं। अच्छी गुणवत्ता के उचित मूल्य पर मिल रहे शेयरों में बहुत अच्छा लाभ हो सकता है। अतः निवेशकों ने ईरान इजराइल युद्ध को परे कर दिया।मोदी लहर तथा युद्ध में मोदी लहर जीत गई। निफ्टी प्लस हो गया। युद्ध के मोर्चे पर यदि स्थितियां अधिक नहीं बिगड़ती हैं तो फिर एक अच्छी तेजी देखी जा सकती है। वैसे भी निफ्टी अपनी सर्वकालिक ऊंचाई 22726 से पिछले सप्ताह में 949 अंक गिर 21777 का स्तर छू लिया था। यह लगभग 5 प्रतिशत की गिरावट थी।साप्ताहिक बंदी 22147 रही । यह उच्चतम स्तरों से 579 अंको की गिरावट थी। साप्ताहिक आधार पर विगत सप्ताह निफ्टी में 372 अंकों की मंदी रही। निफ्टी इन स्तरों में उचित मूल्यांकन पर ही है। वित्त वर्ष 24 -25 में निफ्टी का ईपीएस 1150 होने का अनुमान है। ऐसे में अभी निफ्टी की फॉरवर्ड पीई मल्टीपल 20 माना जाए तो निफ्टी 22300 होता है। मोदी सरकार की सत्ता में वापसी,बड़ी संख्या में खुदरा निवेशकों का भारत में प्रवेश, विश्व की सबसे तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था,तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना आदि से भारत को 5 से 10 प्रतिशत का अधिक मूल्यांकन मिल सकता है।ऐसे स्थिति में निफ्टी का उचित मूल्यांकन 23500 हो सकता है। निफ्टी तो एक बेचमार्क है।मध्यम तथा लघु श्रेणी के अच्छे शेयरों में तो बहुत बड़ा प्रतिफल संभव है। पिछले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में 11867 करोड़ रुपए के शेयर बेचे परंतु संतोष की बात यह है कि शुक्रवार को जब ईरान इजराइल युद्ध के कारण शेयर मार्केट में बड़ी घबराहट थी, एफआईआई ने 129 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। खरीद छोटी है परंतु जहां पिछले सप्ताह में प्रतिदिन वो लगभग 4000 करोड़ रूपए के शेयर बेच रहे थे,वहां शुक्रवार को 129 करोड़ रुपए के शेयर खरीदना बड़ी बात है। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने पिछले सप्ताह 9035 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे परंतु यह खरीदारी एफआईआई की बिक्री से 2832 करोड़ रुपए कम थी। ऐसा प्रतीत होता है कि डीआईआई 22000 निफ्टी के ऊपर बहुत आक्रामक खरीदार नहीं हैं। वित्त वर्ष 23 -24 की अंतिम तिमाही के वित्तीय परिणाम का सत्र प्रारंभ हो चुका है। टीसीएस, इंफोसिस तथा एचडीएफसी बैंक ने अपने वित्तीय परिणाम घोषित कर दिए हैं जो संतोषजनक ही हैं। इस सप्ताह भी बहुत सी कंपनियों के परिणाम आएंगे।इस कारण शेयर विशेष में बड़ी गतिविधि रहेगी। इन परिणामों के आधार पर शेयर विशेष में निवेश का निर्णय लें। अप्रैल माह में अभी तक एफआईआई ने 22229 करोड़ रूपए के शेयर बेचें हैं। इसका एक प्रमुख कारण यूएस में ब्याज दरों के कमी को लेकर आशंका है क्योंकि वहां अर्थव्यवस्था धीमी नहीं पड़ रही है ,मुद्रास्फीति भी शक्तिशाली बनी हुई है।इससे उनकी बिकवाली आ रही है। भारत में अवश्य खुदरा मुद्रास्फीति की दर में कमी आई है तथा मार्च में यह फरवरी के 5.09 प्रतिशत की तुलना में घटकर 4.85 प्रतिशत रही। क्रूड के मूल्यों में तेजी से भारत में ब्याज दरों में कमी में थोड़ा विलंब हो सकता है। वैसे पिछले सप्ताह के अंत में ब्रेंट क्रूड 3.5 प्रतिशत कमी के साथ 87.29 डॉलर प्रति बैरल आ गया। ये भारत के लिए अच्छा है। आईएमएफ ने भी वित्त वर्ष 24 -25 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। यहां यह भी ध्यान रखें कि आईएमएफ अपनी भविष्यवाणी में बहुत रूढ़िवादी होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे समाचारों का क्रम बना हुआ है। वित्त वर्ष 23 -24 में 776.68 अरब डॉलर का निर्यात हुआ जो अब तक का सर्वाधिक है। फरवरी में ईपीएफओ से 15.48 लाख कर्मचारी जुड़े। यह जीविका के मोर्चे पर अच्छा संकेत है। जीविका के अच्छे आंकड़े अच्छी आर्थिक स्थिति का संकेत देते है तथा इससे खपत एवं निवेश दोनो में वृद्धि होती है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक लगातार तीसरे माह खरीदार रहे हैं।अप्रैल के पहले दो सप्ताह में उन्होंने 13347 करोड़ रुपए का शेयर क्रय किया है। वर्ष 2024 में अब तक वो शेयरों में 24240 करोड़ रुपए का निवेश कर चुके हैं। 48 प्रतिशत वैश्विक निवेशकों को प्रथम प्रिय निवेश स्थल भारत है। इस सप्ताह अप्रैल माह के फ्यूचर तथा ऑप्शन सौदों का मासिक कटान भी है।यह मार्केट में तीव्र उतार चढ़ाव भी ला सकता है। अतः सट्टा के सौदे ऑप्शन के माध्यम से करना अधिक उचित लगता है डॉलर इंडेक्स उछाल कर 105.960 तथा यूएस बॉन्ड यील्ड 4.623 है। यह शेयर मार्केट के लिए अच्छा नही है। भारतीय शेयर मार्केट के लिए अभी सर्वाधिक महत्वपूर्ण लोकसभा चुनाव परिणाम है।अभी चुनाव प्रक्रिया चल रही है। आकलन आते रहेंगे ,उनके आधार पर मार्केट में उतार चढ़ाव दिखेगा। गिरावट पर क्रय करें,बड़ी गिरावट पर आक्रामक क्रय करें। चुनाव के पश्चात एक अच्छी रैली दिख सकती है। भारत के आर्थिक कारक अच्छे बनें हुए हैं परंतु युद्ध जैसी परिस्थितियों का विस्तार होता रहेगा तो लघु अवधि में तो भारतीय शेयर बाजार पर भी प्रभाव पड़ सकता है। पिछले सप्ताह रविवार को ईरान ने इजराइल पर आक्रमण कर दिया। युद्धों से व्यापार प्रभावित होता है,अरब क्षेत्र में युद्ध से कच्चे तेल के मूल्यों में तेजी आ जाती है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होता है।अर्थव्यवस्था की हानि शेयर मार्केट को भी हानि पहुंचाते हैं। वैसे अर्थव्यवस्थाएं युद्धों को पचा पा रही हैं पर इसकी भी एक सीमा है। फिर भी ईरान इजराइल युद्ध की भी पचा गई,शेयर मार्केट में तेजी बनी रही तो तो फिर यह शेयर मार्केट के बहुत ही शक्तिशाली होने का संकेत होगा। ईरान इजराइल युद्ध में यह भी देखना होगा कि इसका विस्तार होता है कि नही,वैश्विक राष्ट्रों की भूमिका कैसी रहती है? यूएस ,यूरोपियन राष्ट्र तथा रूस कितने सम्मिलित होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात

सुखद आलेख

प्राण रंजन प्रसाद
कैप्टन (से नि)

विश्व दाय दिवस (18 अप्रैल) पर आपके दैनिक में छपे लेख को पढ़कर अत्यंत सुख का आभास हुआ। स्मारक तथा प्रसिद्ध प्राचीन स्थल हमें उस सदी के चौमुखी विकास की जानकारी से परिचित कराते हैं, जो अत्यंत ज्ञानवर्धक होते हैं। आधुनिक प्रगति के साथ ही साथ प्राचीन सभ्यता से भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। वास्तुकला का तो कोई जोड़ ही नहीं है, जिसे अनेकों महलों एवं स्मारकों में देखा जा सकता है। इन अद्भुत चौंकाने वाले वास्तुकला के बारे में आज भी विश्व अनभिज्ञ है। आशा करता हूँ कि आपके सम्मानित पत्रिका में साप्ताहिक कॉलम इन्ही विषयों पर समर्पित रहेंगी जहां कोई भी दिलचस्प जगहों के बारे जानकारी तथा फोटो छापा जा सकता है।

- दिल्ली

काव्य कोना

मर्यादा पुरुषोत्तम

राम,
राम, तुम मर्यादा पुरुषोत्तम हो
कारण यह नहीं कि,
दशरथ पुत्र थे तुम
विश्वामित्र के शिष्य थे तुम
वशिष्ठ कुलगुरु थे तुम्हारे
अहिल्या का उद्धार किया था तुमने
सीता स्वयंवर में शिव धनुष तोड़ा था तुमने
भार्गव का कोप शान्त किया था तुमने
हँसते-हँसते वनवास स्वीकार किया था तुमने
निषाद राज ने पग पखारे थे तुम्हारे
तारका वध किया था तुमने
शबरी के जूठे बैर खाये थे तुमने
ना ही क्योंकि ,
बाली वध किया था तुमने।
था तुम्हें ज्ञान का ज्ञान
ज्ञान, तप, सक्षमता का घमंड नहीं था तुम्हें
रावण वध किया था तुमने
दशानन को था, ज्ञान का घमंड
तुम्हें था , घमंड का ज्ञान
राम, राम, तुम मर्यादा पुरुषोत्तम हो।

- नाग मणि

राजनीति

शिवराज की जीत का कीर्तिमान बनाएंगी लाडली बहनें

प्रमोद भार्गव

मध्य प्रदेश लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लाडली बहनों का साथ मिल गया तो वे मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा मतों से जीतने वाले प्रत्याशी हो सकते हैं। वैसे भी मतदान में इस आधी आबादी की लगभग बराबर की हिस्सेदारी है। प्रदेश में 2,73,87,122 महिला मतदाता हैं, जो कुल मतदाताओं की 47.75 फीसदी हैं। इनमें से एक करोड़ 29 लाख से अधिक लाडली बहनों को 1250 रुपए प्रतिमाह मिल रहे हैं। उज्ज्वला योजना की 80 लाख और पात्र लाडली बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर मिल रहा है। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान मुख्यमंत्री शिवराज के कार्यकाल में ही हुआ है। महिला स्व-सहायता समूह की 62 लाख सदस्यों में से 15 लाख लखपति दीदी हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की 2 लाख 33 हजार महिलाओं को पोषाहार भत्ता का प्रावधान शिवराज के समय ही हुआ था। इसीलिए हम देख रहे हैं कि विदिशा संसदीय क्षेत्र से शिवराज के प्रत्याशी घोषित होने के बाद शिवराज भैया को चुनाव लड़ने के लिए धन दे रही हैं। विदिशा को शिवराज का गढ़ माना जाता है। 19 साल बाद शिवराज इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जनता ने उनसे भाई और मामा का रिश्ता बना हुआ है। भांजे-भांजी उनके लिए गुल्लक में पैसे इकट्ठे करके दे रहे हैं। एक मोची ने शिवराज को 10 रुपए का चंदा दिया। यहां धनराशि को छोटी या बड़ी राशि के रूप में देखने की बजाय उसे शिवराज की लोकप्रियता के रूप में देखने की जरूरत है। 2018 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 2023 में 1.52 प्रतिशत मतदान अधिक हुआ था। इसे लाडली बहनों का करिश्मा बताया गया है। शहर से कहीं ज्यादा ग्रामीण मतदाता की मतदान के प्रति जागरूकता दिखी है। इसीलिए ग्रामों में महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखने में आईं थीं। साफ है, जिस उत्साह से मतदाता घर से बाहर निकला उससे उसका लोकतंत्र के प्रति दायित्व बोध झलका ही, शिवराज के प्रति विश्वास भी नजर आया था।

19 साल बाद शिवराज इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जनता ने उनसे भाई और मामा का रिश्ता बना हुआ है। भांजे-भांजी उनके लिए गुल्लक में पैसे इकट्ठे करके दे रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

फेसबुक वॉल से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी

योगेश कुमार गोयल

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है। हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

बोधि वृक्ष

मां लक्ष्मी का प्रसिद्ध तथा अनूठे मंदिर

शास्त्रो की बात, जानें धर्म के साथ भारत के हर हिस्से में मां लक्ष्मी के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर हैं। माता लक्ष्मी को धन और वैभव की देवी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता लक्ष्मी के मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना करने से सभी आर्थिक संकट समाप्त हो जाते हैं। मां लक्ष्मी अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उन्हें सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार विशेषकर शुक्रवार को मां लक्ष्मी के मंदिर में जाना शुभ होता है। यहां आपको देश में मां लक्ष्मी के कुछ प्रसिद्ध तथा अनूठे मंदिरों के बारे में बता रहे हैं।

अष्टलक्ष्मी मंदिर, चेन्नई

अष्टलक्ष्मी मंदिर, चेन्नई में बंगाल की खाड़ी के भव्य तट पर बेसेंट समुद्र तट से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित है। धन और ज्ञान की देवी अष्टलक्ष्मी यहां निवास करती हैं और मंदिर में आने वाले सभी लोगों को एक स्वच्छ आत्मा के साथ प्रार्थना करने का आशीर्वाद देती हैं। समुद्र की लहरों की निरंतर ध्वनि मंदिर परिसर में गूंजती है और तुरंत शांति की आभा पैदा करती है। इस जगह की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मंदिर के जीर्णोद्धार पर करीब 70 लाख रुपए खर्च किए गए थे और धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण हिन्दू समारोह, जीर्णोद्धार अष्ट बंधन महाकुंभ अभिषेकम के आयोजन पर 16 लाख रुपए से अधिक खर्च किए गए थे। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

गूगल मैप की मदद से सीएनजी पंप का पता लगाएं

सबसे पहले, आपको अपने डिवाइस पर गूगल मैप्स एप्लिकेशन ओपन करना होगा। आप इसे अपने स्मार्टफोन, टैबलेट, या कंप्यूटर पर उपयोग कर सकते हैं। आपको गूगल मैप्स के मुख्य स्क्रीन पर एक सर्च बार दिखाई देगा। वहां, आपको सीएनजी पंप लिखकर एंटर करना होगा। गूगल मैप्स ने हमें हमारे दैनिक जीवन को सुविधाजनक बनाने में काफी मदद की है। जिस तरह से यह हमें नए स्थानों के लिए नेविगेट करता है, समय और भाग्य की बचत करता है, वैसे ही यह हमें अपने पसंदीदा स्थानों जैसे कि सीएनजी रेस्तरां, अस्पताल, आदि को भी ढूंढने में मदद करता है। आइए जानते हैं कि गूगल मैप्स पर सीएनजी पंप जैसे स्थानों को कैसे ढूंढा जा सकता है और इस प्रोसेस के क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।



गूगल मैप्स पर सीएनजी पंप कैसे ढूंढें:

1.गूगल मैप्स एप्लिकेशन ओपन करें: सबसे पहले, आपको अपने डिवाइस पर गूगल मैप्स एप्लिकेशन ओपन करना होगा। आप इसे अपने स्मार्टफोन, टैबलेट, या कंप्यूटर पर उपयोग कर सकते हैं।

2. Search Bar में सीएनजी पंप' टाइप करें: आपको गूगल मैप्स के मुख्य स्क्रीन पर एक सर्च बार दिखाई देगा। वहां, आपको सीएनजी पंप लिखकर एंटर करना होगा।

3. सभी सीएनजी पंप की सूची देखें: एंटर करने के बाद, गूगल मैप्स आपको आपके वर्तमान स्थान के निकटतम उठऋ पंपों की एक सूची प्रदर्शित करेगा। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

अनुकृति गुसाईं पर कांग्रेस का तंज, 'देखना है कितना मिलता है भाजपा में सम्मान'

एजेंसी। देहरादून

लोकसभा के चुनाव समर में कांग्रेस नेताओं का पार्टी छोड़ बीजेपी का दामन थामने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। अनुकृति गुसाईं के भाजपा ज्वॉइन करने को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से बड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने तंज कसते हुए इसे घर वापसी

करार दिया है। उन्होंने कहा कि अनुकृति गुसाईं का राजनीतिक सफर भाजपा से शुरू हुआ है। जब वह कांग्रेस में आईं थीं, तो उनका स्वागत विधानसभा टिकट देकर किया गया था। कांग्रेस ने अनुकृति गुसाईं के मान-सम्मान में कोई कमी नहीं रखी। अब आने वाले दिनों में देखना होगा कि भाजपा में उन्हें कितना सम्मान मिलता है। उत्तराखंड बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कई नेताओं को बीजेपी में शामिल कराया। कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक सुरेश गंगवार, उधमसिंहनगर की जिला पंचायत अध्यक्ष रेणु गंगवार भाजपा में शामिल हुईं। कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने वाले नेताओं ने कहा कि वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर वे बीजेपी में शामिल हुए हैं।

भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो यह लोकतंत्र व संविधान कर देंगे खत्म: मल्लिकार्जुन

एजेंसी। भोपाल

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को सतना में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि यदि भाजपा अब फिर सत्ता में आई तो यह संविधान और लोकतंत्र को खत्म कर देंगे। खड़गे ने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि 102 सीटों पर वोटिंग हो गई है, उसमें इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत मिलेगा। आज लोगों के प्रमुख मुद्दे महंगाई और बेरोजगारी हैं, जिससे सब पीड़ित हैं। केवल एक आदमी उससे पीड़ित नहीं और वो हैं मोदी। भाजपा केवल कांग्रेस को गाली एवं संविधान का सत्यनाश करने का काम कर रही है।

भाजपा के सांसद का कहना है कि हम संविधान बदलना चाहते हैं, इसलिए 400 सीटें चाहिए। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री बहुत झूठ बोलते हैं। जैसे उन्होंने कहा था कि विदेशों से काला धन लाऊंगा, सबके खाते में 15 लाख आएंगे, हर साल 2 करोड़ नौकरियां दूंगा, किसानों की आय दोगुनी करूंगा के वादे किए थे परंतु लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला लेकिन हम जो वादे करते हैं। उन्हें पूरा कर दिखाते हैं। कांग्रेस ने मनरेगा, खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कानून बनाए और गरीबों के हितों की रक्षा की। वहीं नरेन्द्र मोदी बोलते हैं कि मैं गरीबों को मुफ्त राशन दे रहा हूं लेकिन भूल जाते हैं कि ये तो कांग्रेस का बनाया कानून है, जिसमें हम गरीबों को राशन देते आ रहे हैं। खड़गे ने कहा कि अगर इस सरकार को आप फिर वापस ले आए तो ये लोकतंत्र को खत्म कर देंगे तथा बाबा साहब के बनाए गए संविधान को खत्म कर देंगे।

तमिलनाडु सरकार ने सीमावर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ाई

चेन्नई। केरल में बर्ड फ्लू की जानकारी मिलने के बाद तमिलनाडु सरकार ने सीमावर्ती इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने बताया कि अनैकट्टी, गोपालपुरम और वालयार इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है। इन क्षेत्रों में प्रत्येक चेकपोस्ट पर 12 पुलिस अधिकारी तैनात हैं। तमिलनाडु पहुंचने वाले किसी भी वाहन की गहन तलाशी ली जा रही है। तमिलनाडु के पशुपालन अधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि जब भी पड़ोसी राज्यों से बर्ड फ्लू के मामले सामने आते हैं, तो विभाग सतर्कता बढ़ा देता है।

बंगाल के रायगंज में सीएपीएफ की होगी तैनाती

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिले के रायगंज लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों की सबसे अधिक तैनाती होगी, जहां 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा। उत्तरी दिनाजपुर जिले के तीन निर्वाचन क्षेत्र रायगंज, दार्जिलिंग और बालुरघाट हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने कहा, इस समय सीएपीएफ की 303 कंपनियां पश्चिम बंगाल में हैं। इनमें से 272 कंपनियां तीन लोकसभा क्षेत्रों में तैनात की जाएंगी। रिपोर्ट के अनुसार, तीन लोकसभा क्षेत्रों में से एक रायगंज में सबसे ज्यादा 111 कंपनियां तैनात की जाएंगी। दार्जिलिंग में 88 और बालुरघाट में 73 कंपनियां तैनात की जाएंगी। रायगंज के लिए तैनात की जाने वाली 111 कंपनियों में से, अधिकतम तैनाती इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए होगी।

सूत्रों ने कहा, रायगंज को विशेष जांच के दायरे में रखने के कई कारण हैं, जैसा कि चुनाव आयोग (ईसीआई) ने 19 अप्रैल को पहले चरण में कूच बिहार के मामले में किया था।₹ पता चला है कि रायगंज के 1,730 मतदान केंद्रों में से 418 बूथ (24 प्रतिशत) अत्यधिक संवेदनशील हैं। यह आंकड़ा दार्जिलिंग की तुलना में अधिक है, जहां 20 प्रतिशत बूथ अतिरिक्त संवेदनशील हैं। बालुरघाट के मामले में यह आंकड़ा 19 प्रतिशत है।

पहले चरण के कम मतदान ने राजनीतिक दलों की बढ़ाई चिंता

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। इस बार के चुनाव में पिछले चुनाव से मतदान का प्रतिशत कम रहा। इससे प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है। मतदान का कम प्रतिशत उनके लिए अबूझ पहेली बना हुआ है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं और यहां चार चरणों में मतदान होना है। पहले चरण में मतदान छह संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, जबलपुर, शहडोल और सीधी में हुआ है। यहां मतदान का प्रतिशत जो सामने आया है वह वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कम है। राज्य की सबसे चर्चित सीट छिंदवाड़ा में इस बार मतदान 79.83 प्रतिशत हुआ।

अगर हम वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव पर गौर करें तो यहां 82.39 और वर्ष 2014 में 79.05 प्रतिशत हुआ था। वहीं सीधी संसदीय क्षेत्र में इस बार मतदान का प्रतिशत 56.50 रहा है जबकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 69.50 प्रतिशत था। इसके अलावा वर्ष 2014 के यहां मतदान 56.86 प्रतिशत हुआ था। पहले चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र में हुए मतदान का प्रतिशत 64.68 रहा, जबकि वर्ष 2019 में यहां 74.73 प्रतिशत मतदान हुआ था। जबकि यहां वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में 62.20 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था। जबलपुर संसदीय क्षेत्र में इस बार 61 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतदान का उपयोग किया, वहीं 2019 में यहां 69.43 प्रतिशत हुआ था। जबकि 2014 में 58.53 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था।

मंडला संसदीय क्षेत्र में 72.84 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि वर्ष 2019 में 77.76 प्रतिशत मतदान हुआ था। यहां वर्ष 2014 में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ था। बालाघाट संसदीय क्षेत्र में इस बार 73.45 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि वर्ष 2019 में यहां 77.61 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले थे। वहीं यहां वर्ष 2014 में 68.21 प्रतिशत मतदान हुआ था। राज्य में पहले चरण में छह संसदीय क्षेत्र में हुए मतदान में मतदान का प्रतिशत बीते चुनाव के मुकाबले कम रहने पर राजनीतिक दल चिंतित हैं।

विकसित भारत के लिए मतदाता मोदी को दोबारा सत्ता में लाएंगे : नड्डा

एजेंसी। मुंबई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को बुलढाणा जिले में कहा कि विकसित भारत के लिए मतदाता मोदी सरकार को वापस सत्ता में लाएंगे। मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने गरीबों और वंचितों के जीवन को बदल दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों गरीबों का अपने घर का सपना पूरा हुआ है। बुलडाणा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा नीत एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 4 करोड़ लोगों को घर मिल चुका है। मोदी सरकार ने इस योजना के तहत अन्य 3 करोड़ लोगों को घर मुहैया कराने का संकल्प लिया है। दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में

महिलाओं को पानी लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी लेकिन मोदी सरकार की हर घर जल योजना से 11 करोड़ घरों में नल से पीने का पानी पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से 55 करोड़ कामकाजी, गरीब, वंचित लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलना शुरू हो गया है। अपने 10 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने हर योजना गरीब, वंचित और शोषित वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई है। कांग्रेस ने अब तक गरीबों को केवल वादे ही दिये हैं लेकिन मोदी सरकार ने विकास योजनाओं का लाभ सीधे शोषित, वंचित और गरीब वर्ग तक पहुंचाया है। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से बढ़कर 5वें स्थान पर पहुंच गयी है।

लालू यादव के स्वास्थ्य की चिंता : राजीव प्रताप रूडी

एजेंसी। सारण

बिहार की सारण लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट बनती जा रही है। गुजरते वक्त के साथ चुनावी सरगर्मी दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। भाजपा ने सारण से मौजूदा सांसद राजीव प्रताप रूडी को

चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, महागठबंधन की ओर से राजद कोटे से रोहिणी आचार्य को टिकट मिला है। राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि उन्हें लालू यादव के स्वास्थ्य की चिंता सता रही है। बच्चे बुढ़ापे में मां-बाप की सेवा के लिए होते है। यहां तो सब उल्टा ही दिख रहा है।

सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द

एजेंसी। सूरत

सूरत लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार व कांग्रेस नेता निलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द कर दिया गया है। भाजपा की ओर से कुंभाणी के तीन समर्थकों के हस्ताक्षर पर सवाल उठाया गया था। इसके बाद कलक्टर ने तीनों समर्थकों को हाजिर होने को

कहा था लेकिन तीनों के हाजिर न होने पर कुंभाणी का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया है।

न्यूज बॉक्स

गुजरात के आदिवासी बहुल दाहोद सीट पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

दाहोद। गुजरात का एक प्रमुख लोकसभा क्षेत्र दाहोद भाजपा और कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण युद्ध क्षेत्र बना हुआ है। मौजूदा सांसद भाजपा उम्मीदवार जसवंतसिंह भाभोर का जन्म 1966 में दासा गांव में एक आदिवासी परिवार में हुआ था। उनका करियर कृषि, शिक्षा और सामाजिक कार्यों तक फैला हुआ है। उन्होंने पहली बार 1995 में गुजरात विधानसभा के लिए निर्वाचित होकर राजनीति में प्रवेश किया। तब से उन्होंने जनजातीय मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया है। यह निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। वह 16वीं (2014) और 17वीं (2019) लोकसभा में दाहोद लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। विधायक भाभोर ने विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1999 से 2001 तक खाद्य और नागरिक आपूर्ति उप मंत्री और 2001 से 2002 तक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें 1998 में गुजरात राज्य जनजातीय विकास निगम का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया था।

शिवसेना यूबीटी के प्रचार गीत पर चुनाव आयोग को ऐतराज, भेजा नोटिस

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के प्रचार गीत में जय भवानी और हिंदू हा तूजा धर्म शब्द प्रयोग करने पर चुनाव आयोग ने ऐतराज जताते हुए पार्टी अध्यक्ष उद्धव बालासाहेब ठाकरे को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे को प्रचार गीत से इन दोनों शब्दों को तत्काल हटाने का भी आदेश दिया है। उद्धव ठाकरे ने रविवार को बताया कि वे इन शब्दों को प्रचार गीत से नहीं हटाएंगे, चाहे भले चुनाव आयोग उन पर कार्रवाई करे। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने प्रचार गीत में इन शब्दों का प्रयोग मतदाताओं को जागृत करने के लिए किया है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने जय भवानी का उद्घोष करते हुए हिंदवी साम्राज्य की स्थापना की थी। अब चुनाव आयोग को जय भवानी शब्द पर ऐतराज होने लगा है। अपने देश में हम अपने देवी-देवताओं का नाम नहीं ले सकते। उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग के पास प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के भाषण की क्लिप सहित शिकायती पत्र भेजा था, जिसमें इन लोगों ने धार्मिक प्रचार किया था लेकिन अभी तक चुनाव आयोग ने इसका जवाब नहीं दिया है। धार्मिक प्रचार करने पर चुनाव आयोग मोदी-शाह पर कार्यवाही नहीं कर रहा है लेकिन पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करते हुए उन्हें नोटिस जारी किया गया है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम चुनाव आयोग के नोटिस को नहीं मानेंगे और जय भवानी प्रचार गीत से नहीं निकालेंगे।



बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर प्रियंका ने केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार को निशाने पर लिया

रायपुर। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में बालोद जिले के हथौद और राजनांदगाव के ग्राम मोहड़ में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। सभाओं को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि चुनाव के मौके पर दो बहुत जरूरी मुद्दों को अपने मन में रखें। देश का भविष्य क्या होगा और आपकी मेहनत और संघर्ष की सुनवाई हो रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि इस समय शादियों का मौसम है, गर्मी भी बहुत है, फिर भी आप मुझे सुनने आए हैं। उन्होंने कहा कि 45 सालों में यहां पर बेरोजगारी चरम पर है, आज हम अपने जीवन से संघर्ष कर रहे हैं, पैसे कमाते है लेकिन बचत नहीं होती, क्योंकि महंगाई बहुत है। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज बेरोजगारी कितनी बढ़ गई है।

केसरिया रंग त्याग का प्रतीक, कांग्रेस का विरोध गलत : मोहन

एजेंसी। भोपाल

कांग्रेस ने दूरदर्शन के लोगो का सफेद से केसरिया रंग किए जाने पर आपत्ति जताई। कांग्रेस की इस आपत्ति पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीएम यादव कहा कि यदि कांग्रेस को केसरिया (भगवा) रंग से इतनी ही आपत्ति है, तो वह अपने झंडे से ही इस रंग को हटा दे। कांग्रेस और वामपंथी सोच पर शर्म भी

आती है और हंसी भी आती है। सीएम ने कहा कि अब केसरिया रंग पर कांग्रेस को आपत्ति है। वामपंथी और विरोधी दल को ये समझ नहीं आता है कि केसरिया रंग त्याग-वैराग्य का प्रतीक है।

यूपी के इस गांव को 76 साल बाद मिला नल का पानी

मिजार्पुर । उत्तर प्रदेश के एक गांव में पिछले साल अगस्त में गर्मियों में छह वर्षीय शिवांश ने पहली बार पानी में उछल-कूद की और खुशी का अनुभव किया। आजादी के लगभग 76 साल बाद उत्तर प्रदेश में मिजार्पुर की पहाड़ियों पर स्थित लहुरिया दाह गांव के लोगों को पहली बार पाइप से पानी की सप्लाई की गई। तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने पाइपलाइन से पानी की सप्लाई शुरू कराई। अब तक गांव के 1,200 लोग पानी के लिए पास के झरने पर निर्भर थे। ऐसे में गांव में पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए टैंकर ही एकमात्र साधन थे। गांव के निवासी कौशलेंद्र गुप्ता ने कहा, हम पूरे साल भर का बजट पानी पर खर्च कर रहे थे। लहुरिया दाह तक पानी की पाइपलाइन लाने का काम कितना कठिन था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उचित योजना के अभाव में करीब एक दशक पहले बीच में ही काम रोक दिया गया था।

आज के भारत में नक्सलवाद को नेस्तनाबूत करने का माद्दा : योगी

एजेंसी। कोरबा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि आज का भारत नक्सलवाद को नेस्तनाबूत करने का माद्दा रखता है। छत्तीसगढ़ के कोरबा में भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडे के समर्थन में आयोजित जनसभा में यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकता, बल्कि उसे नेस्तनाबूत करने का माद्दा रखता है। तमाम घोटाला करने वाली कांग्रेस ने यहां गोबर घोटाला भी कर दिया। कांग्रेस न सुरक्षा दे सकती है, न सुशासन। योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नक्सलवाद से साठगांठ किसी से छिपी नहीं है। इन लोगों ने युवाओं के हाथों में टेबलेट देने की जगह तमंचा थमा दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वह प्रभु श्रीराम की धरती का संदेश लेकर यहां माता कौशल्या

के मायके और श्रीराम के ननिहाल आये हैं। जब 500 साल बाद श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए तो सबसे ज्यादा उत्साह छत्तीसगढ़ में था। जब श्रीराम को वनवास जाना था तो सबसे पहले उन्होंने यहीं शरण ली थी। यहीं पर उन्होंने ऋषि-मुनियों और समाज के सज्जन प्रवृत्ति के लोगों की रक्षा और राक्षसों से मुक्ति का सिंहनाद किया था, जो भारत को रामराज्य की ओर ले जाने का संकल्प था। उन्होंने कहा, ₹प्रभु के ननिहाल के लोगों को बताने आया हूं कि निश्चिंत रहिए रामराज्य की स्थापना नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होने जा रही है।₹ योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 10 साल में सबने बदलते भारत को देखा है। एक ऐसा भारत जो अपने नागरिकों को सुरक्षा और संरक्षण देता है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। हाईवे, एक्सप्रेस, एम्स, आईआईटी भाजपा सरकारों की पहचान हैं।

आज का राशिफल

मेष — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

वृषभ — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है।

मिथुन — चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय का इन्तजार करें।

कर्क — थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा।

सिंह — पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

कन्या — प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

तुला — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

वृश्चिक — व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

धनु — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

मकर — रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ।

कुम्भ — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

मीन — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

पीएम पद को लेकर संजय राउत बोले

इंडिया अलायंस में बहुत सारे चेहरे उद्धव ठाकरे उनमें से एक

एजेंसी। नागपुर

उद्धव ठाकरे के प्रधानमंत्री बनने के सवाल पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की बड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इंडिया अलायंस में सभी पार्टी के प्रमुख लोग शामिल हैं। वह पीएम का नाम तय करेंगे। उद्धव ठाकरे ऑप्शन क्यों नहीं हो सकते? वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे हैं और अच्छा चेहरा है। इंडिया गठबंधन में में बहुत सारे चेहरे हैं, उसमें से उद्धव ठाकरे एक हैं। संजय राउत ने आगे कहा कि अगर हमें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलती है, तो हम उसका स्वागत करेंगे। इंडिया अलायंस में कांग्रेस सबसे बड़ी

पार्टी है। इसेक साथ और भी दल हैं, जो अपने-अपने राज्यों में चुनाव लड़ रहे हैं। उनके भी नेता हैं। ऐसे में नेतृत्व कौन करेगा, यह अब सवाल नहीं है, तानाशाही को हराना है। उन्होंने कहा कि भाजपा में तो एक ही चेहरा है। वही चेहरा 10 साल से चल रहा है और अब लोग उनको एक्सेप्ट नहीं करने जा रहे हैं। पीएम मोदी और उनकी पार्टी बुरी तरीके से चुनाव हारने जा रही है।

युवती से ज्यादती करने वाले के घर पर चला बुलडोजर

गुना । मध्य प्रदेश के गुना जिले में एक युवती के साथ ज्यादती करने वाले आरोपी के घर पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। मामला गुना जिले के नानाखेड़ी इलाके का है। यहां अयान पठान नाम के युवक ने एक युवती के साथ मारपीट की थी। युवती की आंखों में भी चोट आई है। आरोपी ने युवती के शरीर के जख्मों पर मिर्ची पाउडर भी डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रशासन ने रविवार को उसके अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से जमींदोज करा दिया। आरोपी ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण कर रखा था। इस पर पहले नोटिस भी दिया गया था। जवाब नहीं मिला, तो प्रशासन ने मकान के उस हिस्से को तोड़ दिया, जो अतिक्रमण कर बनाया गया था।

बेंगलुरु की लगातार छठी हार, रोमांचक मुकाबले में कोलकाता ने एक रन से हराया

एजेंसी। नई दिल्ली

कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल 2024 के 36वें मैच में एक रन से जीत दर्ज की है। इसी के साथ ही अब आरसीबी की प्लेऑफ की उम्मीदें भी खत्म होती आ रही हैं क्योंकि यह उनकी छठी हार थी। फिल सॉल्ट की आक्रामक शुरूआत के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ छह विकेट पर 222 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में शानदार बल्लेबाजी के बावजूद विल जैक्स (55) और रजत पाटीदार (52) के अर्धशतकों के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सॉल्ट और सुनील नारायण (10) ने एक बार फिर टीम को तूफानी शुरूआत दिलाते हुए चार ओवर में 55 रन जोड़ दिये। इस दौरान सॉल्ट ज्यादा आक्रामक दिखे। उन्होंने पहले ओवर में सिराज का छक्के से स्वागत करने के बाद चौथे ओवर में फर्ग्यूसन के खिलाफ दो छक्के और चार चौके की मदद से 28 रन बटोरे। सिराज ने पांचवें ओवर में हालांकि उनकी आतिशी पारी को खत्म कर टीम को बड़ी सफलता दिलाई। अगले ओवर में नारायण दयाल की गेंद को हवा में लहराकर विराट कोहली को कैच दे बैठे।



4 ओवर में 55 रन जोड़ दिये।

28 रनों की तूफानी पारी सॉल्ट ने खेली

35 गेंदों में श्रयस ने पूरा किया अपना अर्धशतक

कोलकाता नाइट राइडर्स : फिलिप साल्ट (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विराट कोहली, विल जैक्स, रजत पाटीदार, कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, लॉकी फर्ग्यूसन, यश दयाल, मोहम्मद सिराज

वेंकटेश अय्यर ने क्रीज पर आते ही दो चौके जड़े लेकिन दयाल ने अंगकृष रघुवंशी को आउट कर ओवर में दूसरी सफलता दर्ज की। पावर प्ले के बाद केकेआर का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन था। कप्तान श्रेयस अय्यर ने फर्ग्यूसन और कर्ण शर्मा पर चौके के साथ हाथ खोला तो वहीं नौवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये ग्रीन की शॉट गेंद को वेंकटेश लांग लेग की दिशा में खड़े महिपाल लोमरोर के हाथों में खेल गये। इसी ओवर में रिंकू सिंह के चौके से केकेआर ने रनों का शतक पूरा किया। श्रेयस के साथ कुछ ओवरों तक संभल कर बल्लेबाजी करने के बाद रिंकू ने कर्ण की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन वह दयाल की धीमी गेंद से सामंजस्य नहीं बिठा सके और 16 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हो गए।

श्रेयस ने इसी बीच कर्ण के खिलाफ स्विच हिट पर शानदार चौका जड़ने के बाद 17वें ओवर में दयाल के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर 35 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में ग्रीन की गेंद पर डुप्लेसी को कैच थमा बैठे।

झारखंड राज्य चौकबॉल टीम घोषित, कल जाएगी जालंधर

झारखंड राज्य चौकबॉल टीम

- **बालक वर्ग :** शुभम उरांव (कप्तान), अगस्टिन एलेन तिग्गा (उप कप्तान), प्रियांशु जोन तिर्की, राहुल कच्छप, अनुज कुमार मुंडा, असीम अनुराग मिंज, एबनेजर जोन मुंडू, मनीष कुमार महतो, ओमेंद्र, पियूष कुमार निर्मिकर, योगेंद्र साहु।
- **कोच :** अंदीप लकड़ा।
- **बालिका वर्ग :** अमिका मिंज (कप्तान), तन्नू केरकेट्टा (उप कप्तान), ऋषिका लकड़ा, अमीषा तिर्की, अंकिता तिर्की, श्रुति सपना टूटी, प्रिया पलक, सैफाली सिमरन नायक, रागिनी कुमारी, अंजली कच्छप, भुनेश्वरी कुमारी, दीप्ति कुमारी, जेनिस टोप्पो, सुधा गुप्ता।
- **कोच :** रेशमा कुमारी। मैनेजर : ब्रजेश गुप्ता।

नवीन मेल संवाददाता। रांची।

14वीं जूनियर अंडर 19 बालक/बालिका राष्ट्रीय चौकबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य चौकबॉल टीम की घोषणा रविवार को कर दी गई है। टीम की घोषणा झारखंड राज्य चौकबॉल संघ ने की है। अंडर 19 बालक टीम के कप्तान शुभम उरांव एवं बालिका टीम की कप्तान अमिका मिंज हैं। बता दें कि 13वीं सब जूनियर अंडर 15 बालक/बालिका तथा 14वीं जूनियर अंडर 19 बालक/बालिका राष्ट्रीय चौकबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 से 28 अप्रैल तक जालंधर के डीएवी पब्लिक स्कूल कैंपस में होगा।

इसका आयोजन इंडियन चौकबॉल फेडरेशन की देखरेख में पंजाब चौकबॉल संघ कर रहा है। झारखंड चौकबॉल टीम आगामी 23 अप्रैल को रांची रेलवे स्टेशन से हटिया-जम्मू तवी एक्सप्रेस द्वारा पंजाब के जालंधर के लिए प्रस्थान करेगी।

बलराज पंवार ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक नौकायन कोटा

चुंगजू : बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का पहला नौकायन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में 25 वर्षीय पंवार ने हीट में 7:17.87 और सेमीफाइनल में 7:16.29 का समय लेकर चुंगजू के फाइनल में जगह बनाई। बलराज पंवार 7:01.27 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6:59.46 समय के साथ रेस जीती, जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6:59.74 समय के साथ रजत पदक जीता। वह पिछले वर्ष चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे। इस बीच टोक्यो ओलंपियन अरविंद सिंह और उज्जवल कुमार ने भी पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स (एलएम2एक्स) में कांस्य पदक के साथ अपनी रेस समाप्त की। इस स्पर्धा में केवल शीर्ष दो को ही पेरिस 2024 कोटा हासिल किया।

झारखंड स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवं सीनियर कराटे चैंपियनशिप संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। रांची

स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड की स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवं सीनियर कराटे चैंपियनशिप 2024 का समापन रविवार को यहां हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में हुआ।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज कुमीते के वर्ग जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवं सीनियर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विजेताओं को स्पोर्ट्स कराटे ऐसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव सेंसाई हेजाज अकसद, राष्ट्रीय कोच शिहान रंजीत मेहता, राष्ट्रीय रेफरी कोशी नरेंद्र सिन्हा, शिहान शशि पांडे, सेंसाई धनंजय श्रीवास्तव ने मेडल प्रदान किया।

परिणाम

गोल्ड मेडल : अलीशा केरकेट्टा, स्नेहा बालमुची, अकंच्छा तिर्की, आहना मंडल, आर्या अग्रवाल, प्रिशा पंकज, तविशी वर्मा, रीया कुमारी, श्वेता कुमारी, शीतल तोपनो, राजा घोष, विवेक धान, मुकेश बोदरा, दिव्यांश श्रीवास्तव, संजय कुमार, ऋषी राज सिंह, अंकित धान, जॉनसन खेस, अविसेख, विवेक कच्छाप, बालाजी हीरो, रवि सोरेन, अमृत मुंडा एवं अमर।

सिल्वर मेडल : चंदन कुमार, प्रिंस गुप्ता, अमरजीत मुंडा, प्रिंस ठाकुर, शोषण बोदरा, प्रियांशु लकड़ा, अंशु मिश्रा, अरिसल हीरो, भूपेंद्र सिंह, राजा घोष, प्रमोद यादव, चंदन शाहनी, अमीश यादव, प्रियांशी कुमारी, अनुष्का आकांक्षा, सुहानी टोप्पो, कृतिका ठाकुर, निलिशा गुड़िया एवं सीतामनी उरांव।

ब्रांज मेडल : अपूर्व राज, पूजा तिर्की, प्रियंका कुमारी, विधि रवि, सोनमती कुमारी, संजना मिंज, अलका बारला, जितेश मुंडा, अनंत हस्सा, एडमिन टोपनो, सिवदत्त लोहरा एवं गौरव मुंडा।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी देहरादून में होने वाले नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेताओं को स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सीईओ सेंसाई केके सिंह, अध्यक्ष हंसी मानस सिन्हा, सेंसाई उदय कुमार ने बधाई दी है।

अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी : विनेश फोगाट

एजेंसी। नई दिल्ली

ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाये रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाये अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया। विनेश लंबे समय से इसी भार वर्ग में चुनौती पेश करते रही है। देश की सबसे सफल महिला पहलवान के पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी।' इस 29 साल की पहलवान ने कहा, मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है। मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं। मेरे पास चार महीने बचे हैं और हर दिन बहुत महत्वपूर्ण है।' विनेश ने कहा, मैंने वजन में बदलाव इसलिए किया क्योंकि मेरे पास कोई विकल्प नहीं था।

व्यापार/लाइफ व साइंस

79,999 का आईफोन अब 65999 में

नई दिल्ली। ऐपल आईफोन खरीदना एक महंगा सौदा है। अगर आप ऐपल के लेटेएस आईफोन 15 मॉडल को खरीदना चाहते हैं, तो आपको मोटी जेब ढ़ीली करनी होगी। हालांकि फ्लिपकार्ट डील में आप सबसे सस्ते में आईफोन 15 स्मार्टफोन खरीद पाएंगे। हम जिस स्मार्टफोन की बात कर रहे हैं, वो आईफोन 15 का 128 जीबी मॉडल है। इसकी कीमत 65,999 रुपये है, लेकिन डिस्काउंट ऑफर में यूजर्स आईफोन 15 को मात्र 15 हजार रुपये में खरीद पाएंगे।

सबसे सस्ते में खरीदें आईफोन 15

ऐपल आईफोन 15 की कीमत 79,999 रुपये है। फ्लिपकार्ट पर फोन को 17 फीसद छूट के बाद 65,999 रुपये में खरीदा जा सकेगा। फोन को इडइ कार्ड पर खरीदने पर 3,500 रुपये की छूट दी जा रही है। साथ ही फोन की खरीद पर 50,000 रुपये का एक्सचेंज ऑफर दिया जा रहा है। अगर आप फुल एक्सचेंज ऑफर का लुत्फ उठा लेते हैं, तो आईफोन 15 के 128 जीबी मॉडल की कीमत 15,999 रुपये रह जाती है। अगर एक्सचेंज ऑफर की बात करें, तो उसमें यूजर्स को पुराना फोन देना होता है, जिसके बदले ऐपल की ओर से अधिकतम 50 हजार का डिस्काउंट दिया जाएगा। हालांकि एक्सचेंज ऑफर में आपका पुराना फोन कितने कीमत में जाएगा? यह फोन की कंडीशन पर निर्भर करेगा।

स्पेसिफिकेशन्स

फोन में 6.1 इंच सुपर रेटीना एक्सडीआर डिस्प्ले दिया गया है। फोन के रियर में 48टढ मेन कैमरा के साथ 12टढ सेकेंड्री कैमरा दिया गया है। फोन के फ्रंट में 12टढ सेल्फी कैमरा मिलता है। साथ ही फोन अ16 इङ्मल्ल्रू चिपसेट के साथ आता है। फोन में पावरफुल बैटरी दी गई है। फोन खरीदने पर 1 साल वॉरंटी और 6 माह इन बॉक्स एसेसरीज वॉरंटी मिलती है।

गूगल ने लॉन्च किया नया एंटी वायरस सिस्टम

एजेंसी। नई दिल्ली

ऐसा माना जा है कि इस धरती पर ऐपल आईफोन सबसे सुरक्षित स्मार्टफोन है। यही वजह है कि दुनिया के हर पैसे वाले के पास आपको आईफोन देखने को मिलेगा। हालांकि अब आईफोन के इस गुरूर को गूगल ने तोड़ने का मन बना लिया है। यही वजह है कि गूगल की ओर से एक नया एंटी वायरस सिस्टम लॉन्च किया जा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि आईफोन की तरह ही एंड्रॉइड डिवाइस में सेंधमारी नहीं की जा सकेगी। नए अपडेट के बाद एंड्रॉइड डिवाइस को कोई पैसे नहीं उड़ा पाएगा।

आईफोन को दे सकता है मात

- **कोई नहीं चुरा पाएगा पैसे**
  गूगल की ओर से जल्द एंड्रॉइड 15 अपडेट दिया जाएगा। इसकी कुछ फीचर्स की जानकारी डेवलपर्स प्रीव्यू में मिली है। साथ ही बीटा अपडेट से कुछ फीचर्स की जानाकरी मिली है। लेटेस्ट एंड्रॉइड 15 बीटा अपडेट की मानें, तो एंड्रॉइड स्मार्टफोन में पहले से बेहतर सिक्योरिटी मिल सकती है। साथ ही गूगल प्ले स्टोर पर एक्स्ट्रा सिक्योरिटी दी जाएगी, जिससे यूजर्स को फर्जी ऐप्स से निजाद मिल जाएगी।
- **किन यूजर्स को होगा फायदा**
  नए लॉन्च होने वाले स्मार्टफोन में एंड्रॉइड 15 अपडेट दिया जाएगा। साथ ही कुछ पुराने स्मार्टफोन में एंड्रॉइड 15 अपडेट दिया जाएगा। कहने का मतलब है कि जिन स्मार्टफोन में नया अपडेट मिलेगा, उस स्मार्टफोन को नया एंटी वायरस अपडेट दिया जाएगा।
- **मिलेगा सबसे तगड़ा सिक्योरिटी अपडेट**
  गूगल की ओर से हर साल नया एंड्रॉइड सॉफ्टवेयर अपडेट दिया जाता है, जिसकी मदद से यूजर्स को एंड्रॉइड स्मार्टफोन में नए फीचर्स मिलते हैं। साथ ही नए सिक्योरिटी फीचर्स दिए जाते हैं। इस बार के एंड्रॉइड 15 अपडेट को लेकर दावा किया जा रहा है कि फोन में सबसे तगड़ा सिक्योरिटी अपडेट दिया जाएगा।

भारत में बढ़ी बड़ी कारों की मांग

एजेंसी। नई दिल्ली

इकनॉमिक ग्रोथ के साथ देश में लोगों की पसंद भी तेजी से बदल रही है। अब ज्यादा से ज्यादा लोग बड़ी कारों को चलाना पंसद कर रहे हैं। देश में भारत में कॉम्पैक्ट वीकल्स की मांग कम होती जा रही है। कॉम्पैक्ट वीकल्स का मतलब ऐसी गाड़ियों से है जिनकी लंबाई चार मीटर से कम होती है। देश में इस तरह की कारों को टैक्स में सबसे ज्यादा फायदा दिया जाता है। लेकिन इसके बावजूद चार मीटर से कम लंबाई वाली कॉम्पैक्ट गाड़ियों की हिस्सेदारी साल 2023 में गिरकर 50% रह गई जो साल 2021 में 62% थी। खंश्ङ्ग उ्रल्ल्रूं२ के आंकड़ों के मुताबिक इस सेगमेंट में लॉन्च किए जाने वाले मॉडलों की संख्या भी 2023 में घटकर 38 रह गई जो 2021 में 48 थी। इस सेगमेंट में हाइपर-कॉम्पिटिटिव एंट्री-लेवल एसयूवी कैटेगरी भी शामिल है, लेकिन ग्राहक अब बड़ी गाड़ियों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

रवि भाटिया ने कहा कि इस सेगमेंट में लोगों की दिलचस्पी कम हो रही है और शायद यही कारण है कि कंपनियां इसमें कम ही नए मॉडल ला रही हैं। जानकारों का कहना है कि ग्राहकों के बदलते मिजाज को देखते हुए ऑटो कंपनियों को भी अपनी रणनीति पर विचार करना पड़ रहा है। अब नीति-निमार्ताओं को भी नीतियों में बदलाव लाने की जरूरत है। साल 2006 में भारत ने एक नीति लागू की थी जिसके तहत 4 मीटर से कम लंबाई वाली कारों, 1200 सीसी से छोटे पेट्रोल इंजन और 1500 सीसी से छोटे डीजल इंजन वाली गाड़ियों पर उत्पाद शुल्क कम कर दिया गया था।

वित्त वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 फीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली। देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफा हुआ है। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये रहा है। मंत्रालय के मुताबिक आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 फीसदी) और संशोधित अनुमानों से 13 हजार करोड़ रुपये अधिक रहा है।

चीन ने आईफोन पर व्हाट्सएप और थ्रेड्स पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी। नई दिल्ली

ऐप्पल ने चीन में आईफोन से फेसबुक पैरेंट मेटा के व्हाट्सएप मैसेजिंग ऐप और इसके थ्रेड्स सोशल मीडिया ऐप को हटा दिया है। कंपनी ने चीनी अधिकारियों के आदेशों का पालन करने के लिए चीन में अपने ऐप स्टोर, ऐप स्टोर से वहां के ऐप्स हटा दिए हैं। आईफोन निमार्ता ने कहा कि चीन के इंटरनेट नियामक, साइबरस्पेस प्रशासन ने इन ऐप्स को हटाने का आदेश दिया है। यह कदम अमेरिका और चीन के बीच बढ़े तनाव के बीच उठाया गया है।

व्हाट्सएप और अन्य ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने पर चीन ने कहा :

हटाने के पीछे विशिष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताएं अस्पष्ट बनी हुई हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्थिति की जानकारी देने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि चीनी सरकार को व्हाट्सएप और थ्रेड्स पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे में सामग्री मिली थी , जो भड़काऊ थी और देश के साइबर सुरक्षा कानूनों का उल्लंघन करती थी। व्यक्ति ने कहा, सामग्री अस्पष्ट थी।

जबकि व्हाट्सएप और थ्रेड्स जैसे अमेरिकी स्वामित्व वाले ऐप ग्रेट फायरवॉल प्रतिबंधों के कारण चीन में व्यापक रूप से उपयोग नहीं किए जाते हैं, लेकिन इन्हें हटाना दोनों देशों के बीच चल रहे तकनीकी संघर्ष को उजागर करता है। अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को लेकर टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून लाने की धमकी दी है। लेकिन जबकि चीनी प्रौद्योगिकी फर्म बाइटडांस के स्वामित्व वाले टिकटॉक का उपयोग अमेरिका में लाखों लोगों द्वारा किया जाता है, व्हाट्सएप और थ्रेड्स जैसे ऐप आमतौर पर चीन में उपयोग नहीं किए जाते हैं।

वीचेट को हो सकता है बड़ा फायदा

चीन के अपने मैसेजिंग ऐप वीचेट का बाजार में दबदबा है। मेटा के अन्य ऐप जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम और मैसेंजर अभी भी चीन में डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन उनका उपयोग ग्रेट फायरवॉल द्वारा अवरुद्ध है।

रिपोर्ट के अनुसार, ऐपफिगर्स के हवाले से, शुक्रवार को चीन में ऐप्पल के ऐप स्टोर से कई अन्य वैश्विक मैसेजिंग ऐप भी हटा दिए गए थे, जिनमें सिग्नल, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित है, और टेलीग्राम, जो दुबई में स्थित है। प्रतिबंध पर एप्पल ने क्या कहा एप्पल ने असहमत होने पर भी स्थानीय कानूनों का पालन करने पर जोर दिया. कंपनी ने हाल ही में सैमसंग के हाथों अपनी शीर्ष स्मार्टफोन निमार्ता स्थिति खो दी है और उसे एक प्रमुख बाजार चीन में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एप्पल के सीईओ टिम कुक की दक्षिण पूर्व एशिया की हालिया यात्रा चीन से परे विनिर्माण में विविधता लाने पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव देती है। सिंगापुर और वियतनाम में उनकी बैठकें संभावित नए उत्पादन केंद्रों पर प्रकाश डालती हैं।

व्हाट्सएप बिजनेस अकाउंट पर परेशान नहीं करेंगे कंपनियों के मैसेज

एजेंसी। नई दिल्ली

व्हाट्सएप का उपयोग देश में बहुत से लोग अपने व्यवसाय का विज्ञापन करने के लिए करते हैं। बिजनेस मार्केटिंग के लिए संदेश भेजने के लिए व्हाट्सएप का उपयोग करना काफी आम बात है। हालांकि, ये व्यावसायिक संदेश उपयोगकर्ता के इनबॉक्स में भर जाते हैं। ऐसे में सरकार ने इन पर रोक लगाने का काम किया है। अब हम ऐसी स्थिति में बिजनेस के व्यावसायिक संदेशों को अनदेखा कर सकते हैं।

व्हॉट्सएप मैसेजिस से कैसे करें डील

व्हाट्सएप संचार का एक बहुत बड़ा मंच है। इस पर चैट के साथ-साथ टिकट, लेन-देन और प्रमोशनल कैंपेन भी चलाए जाते हैं। व्हाट्सएप ने हाल ही में यूजर कंट्रोल बढ़ाने के लिए एक टूल जारी किया है। ये मैसेज यूजर्स को ज्यादा पसंद नहीं आते। ऐसे में यूजर्स इन मैसेज से 3 तरह से निपट सकते हैं।

- **ब्लॉक करें :** उपयोगकर्ता की कार्रवाई उस नंबर को उस खाते पर निर्देशित कर देगी जिसे ब्लॉक कर दिया गया है। इस तरह से मैसेज भेजने वाले को सीधे यूजर को भेजने से रोका जाएगा।
- **रिपोर्ट :** उपयोगकताओं के पास रिपोर्ट करने का विकल्प भी है। यदि उपयोगकर्ता किसी संदेश को व्हाट्सएप संदेश नीति का उल्लंघन मानता है तो उसकी रिपोर्ट कर सकता है।
- **आगे बढ़ें :** इस विकल्प का चयन करके, उपयोगकर्ता संदेश के साथ अपनी बातचीत जारी रख सकते हैं।

एक नजर

ट्रैक्टर व बाइक में हुई टक्कर, तीन घायल

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद में शनिवार की अहले सुबह जपला दंगवार मुख्य सड़क के मंगलडीह गांव के समीप ट्रैक्टर व बाइक में हुई टक्कर में बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मुख्य रूप से अखिलेश कुमार (21 वर्ष), राहुल कुमार (20 वर्ष) अमित चौधरी (21 वर्ष) सभी ग्राम बरवाडीह के रहने वाले हैं। उक्त सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। बताया जाता हैं कि उक्त बाइक सवार शादी समारोह से अपने गांव दंगवार -बरवाडीह गांव जा रहे थे, जहां विपरीत दिशा से बालू लदे ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार तीनों घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर हुसैनाबाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई हैं। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई से अफीम तस्करों में मचा हड़कंप

चतरा। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय के पदस्थापन के बाद से पुलिस अवैध करोबार में लगे असमाजीक तत्वों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। महज डेढ़ माह में चतरा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से एक दर्जन नशो के कारोबार में संलीप्त तस्करों को पुलिस जेल भेज चुकी है। पाएसडीपीओ सिमरिया अजय कुमार केसरी ने इस संबंध में कहा कि चतरा पुलिस मादक पदार्थ के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। जिसमें पुलिस को सफलता भी मिल रही है। अफीम व ब्राउन शुगर के खिलाफ लगातार कार्रवाई होने से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। ज्ञात हो कि बीते 28 सितंबर 2023 को 515 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिद्धौर निवासी राजेदव दांगी व उसके पुत्र रोहित राज को गिरफ्तार किया गया था। हाल ही में पत्थलगड़ा व गिद्धौर के अलावे कुंदा थाना क्षेत्र से अफीम तस्कर को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया है।

डीजे साउंड लदा पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र के जपुआ फुटबॉल मैदान के समीप रविवार को डीजे साउंड सिस्टम लदा पिकप वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे साउंड सिस्टम क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हजारीबाग की ओर से बिहार की पिकअप वाहन आ रही थी। इसी क्रम में वाहन में कुछ तकनीकी खराबी आ गई और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ट्रेंच में जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में चालक व उपचालक को कोई नुकसान नहीं हुआ। दुर्घटना का कारण ज्यादा डीजे साउंड सिस्टम लोड होने के कारण वाहन में का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। घटनास्थल पर पुलिस अवर निरीक्षक रंजय सिंह पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी ली।

मगध खदान का तकनीकी निदेशक ने किया दौरा

लातेहार। सीसीएल के तकनीक निदेशक हरीश दूहान ने रविवार को मगध-संघमित्रा क्षेत्र के मगध परियोजना पहुंच कर व्यू पॉइंट से खनन गतिविधियों का जायजा लिया. उन्होंने खदान संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर महाप्रबंधक के साथ चर्चा की. उत्पादन व डिस्पैच संबंधी गतिविधियों और खदान के विस्तार योजना का भी जायजा लिया तथा लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देश दिए. दौरे के दौरान क्षेत्रिय महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा व खान प्रबंधक मो अकरम सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

अस्पताल के बहार शॉर्ट सर्किट होने से लोगों में है भय का मौहाल

एक माह पहले भी घट चुकी है घटना

अस्पताल के प्रबंधक ने इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी पर विभाग ने नहीं की कोई कार्यवाही

नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर

सदर अस्पताल के हेल्थ मैप सेंटर के समीप करीब 15 दिन से बिजली पोल पर शॉर्ट सर्किट हो रहा है। लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं है। अस्पताल में एक महीना पहले भी शॉर्ट सर्किट हुआ था जिसके कारण पोल से बिजली का तार टूट कर गिर गया था परंतु किसी को हानि नहीं पहुंची थी। अभी हाल में फिर से शॉर्ट सर्किट हो रहा है। अस्पताल प्रबंधक के द्वारा इसकी जानकारी बिजली विभाग को भी दी गई है। परंतु बिजली विभाग की लापरवाही के कारण अभी तक शॉर्ट सर्किट का काम नहीं हो पाया है। बताते चले की सदर अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में मरीज अपना इलाज करवाने आते हैं। यदि शॉर्ट सर्किट के कारण किसी दिन बिजली का तार टूट कर गिर गया तो मरीज के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना घट सकती है। वही अस्पताल के आसपास के दुकानदारों ने बताया कि आज

लगभग 15 दिनों से अस्पताल के बिजली पोल पर शॉर्ट सर्किट हो रहा है। दुकानदारों ने बताया कि इसकी जानकारी हम लोगों के द्वारा भी बिजली विभाग को दी गई है परंतु बिजली विभाग की लापरवाही होने के कारण अभी तक शॉर्ट सर्किट को बनाने का काम नही हुआ है। वही शॉर्ट सर्किट होने की वजह से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी आग, हुआ लाखों का नुकसान

नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद

प्रखंड के ग्राम पंचायत बेनीकला के सबानो गांव में पूर्व सरपंच केदारनाथ सिंह के गेहूं के खेत में आग लग गई। इससे किसान को 30 हजार रुपये मूल्य संपत्ति का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों व अग्निशमन कर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। परंतु खेत की गेहूं पूरी तरह से जल गई। बताया जाता हैं कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना देकर दमकल कर्मियों को बुलाया गया था, लेकिन तबतक खेत का सारा फसल जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों के सहयोग से अन्य किसानों के फसल की क्षति न हो,आग पर काबू पा लिया गया था। उधर समाजसेवी राजीव सिंह उर्फ डबल सिंह ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आये दिन ग्रामीण क्षेत्रों में शॉर्ट सर्किट के कारण खेतों में आग लग रही है । उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली तारों को दुरुस्त करने की आवश्यकता है।

टॉपर ज्योत्सना को थाना प्रभारी ने पाठ्य पुस्तक व डायरी देकर किया सम्मानित

गिद्धौर(चतरा)। अगर नशा करना ही है तो पढ़ाई का नशा करो और ज्योत्सना ज्योति की तरह। ताकि घर परिवार, प्रखंड, जिला, राज्य आपके ऊपर गर्व कर सके। उक्त बातें गिद्धौर के थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने रविवार को प्रखंड की मैट्रिक परीक्षा 2024 में राज्य में टापर ज्योत्सना ज्योति के घर कही। उन्होंने ज्योत्सना को पाठ्य पुस्तक के साथ डायरी देकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कुछ बच्चे पढ़ाई लिखाई छोड़कर दूसरे कार्यों में संलिप्त हो चुके हैं। उनसे मेरी अपील है की वैसे कार्य को छोड़ते हुए पढ़ाई के नशा में संलिप्त हो जाएं। ताकि आपके ऊपर आने वाला पीढ़ी गर्व कर सके।

न्यूज बॉक्स

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

मेदिनीनगर। पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर रामगढ़ थाना प्रभारी निलेश कुमार ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नावाडीह गांव निवासी सुधीर कुमार गुप्ता को अवैध शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुवे रामगढ़ थाना प्रभारी निलेश कुमार ने बताया की शनिवार 21 अप्रैल को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था की रामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नावाडीह गोरे बाजार अनिस्का मोबाइल दुकान के आड़ में नावाडीह गांव निवासी शिवनाथ प्रसाद गुप्ता के पुत्र सुधीर गुप्ता के द्वारा अवैध देशी शराब की विक्री की जा रही है। उक्त सूचना को वर्गीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए दलबल के साथ मोबाइल दुकान पहुंचे।अनिष्का मोबाइल दुकान में छापामारी के क्रम में भारी मात्रा में अवैध देशी शराब जब्त किया गया।पकड़े गए शराब में किंगफिसर स्ट्रांग बियर 650 एमएल 8 पीस, गॉड फादर क्लासिक स्ट्रांग बियर 650 एमएल 9 पीस, एवं काउन्टर से स्ट्रीलिंग रिसर्व बी-7 विस्की 180 एमएल 09 पीस, स्ट्रीलिंग रिसर्व बी-7 विस्की 375 एमएल 06 पीस, रायल स्टेज प्रीमियर विस्की 375 एमएल 01 पीस, रायल स्टेज प्रीमियर विस्की 180 एमएल 09 पीस अवैध देशी शराब शामिल है।

आपका एक वोट क्षेत्र की तकदीर लिखेगा : आनंद शंकर

मेदिनीनगर। शहर के मोहन सिनेमा स्थित होटल ज्योतिलोक के सभागार में रविवार को पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक महत्वपूर्ण बैठक शहरी क्षेत्र में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में की गई ' चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने अध्यक्षता करते हुए कहा गांव में वोट का प्रतिशत शहर से ज्यादा होना शहर के लिए चिंतनीय है जबकि शहरी क्षेत्र में वोट के महत्व समझने वाले पढ़े लिखे लोग ज्यादा रहते ' श्री शंकर ने वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यवसाईयों से कई सुझाव मांगे जिसमें कई महत्वपूर्ण सुझाव आई जिसमें ई-रिक्शा मित्र स्टैंड शहर के चार भाग में बनाने का सुझाव आया जहां लोग नंबर डायल कर महिलाएं बुजुर्ग असहाय के लिए ई रिक्शा मंगा कर बूथ तक जा सकते, सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में अपने कर्मियों को पेड हॉलीडे देने का निर्णय लिया गया बशर्ते सेल्फी के साथ उनके उंगली में वोटर इक लगा होना चाहिए , छोटी गाड़ियों बूथ से 100 मीटर पहले तक जाने की अनुमति प्रशासन से बात की जाएगी, व्हीलचेयर की व्यवस्था, प्रचंड गर्मी को देखते हुए बूथ में ठडे पानी, कुर्सी, टेंट एवं ग्लूकोज की व्यवस्था की जायेगी। चेंबर अध्यक्ष ने बताया जल्द चैंबर की महिला विंग 18 वर्ष से ऊपर की लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए जगह-जगह पर बैठक करेगा ' आज की बैठक का संचालन चेंबर के सचिव श्री इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री श्री निवेदन अग्रवाल ने किया '

रहड़ के बोझे में आग लगाने से हुई जल कर खाक

मेदिनीनगर। पलामू चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा गांव निवासी कुंदन दुबे के घर में रखे रहड़ के बोझे में आग लग गई। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। कुंदन दूबे झारखंड पुलिस के जवान हैं जिनके घर के सामने रहर के लगभग 150 बोझा रखा हुआ था जिसमें अचानक आग लग जाने से आसपास में हड़कंप मच गया । दमकल पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी क्योंकि बगल में ही ट्रैक्टर खड़ी थी जिसका आंशिक हिस्सा आग से क्षतिग्रस्त हुआ है । जैसे ही पड़ोसियों ने शोर सुनी सारे लोग बाल्टी और डब्बा में पानी लेकर आग बुझाने दौड़े और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया । हवा के तेज झोंको के बीच बगल में खपड़ैल मकान में आग फैलने का खतरा था लेकिन एकजुटता का परिचय देते हुए ग्रमीणों ने आग बुझाया। आग बुझाने वालों में संदीप दूबे, भरत दूबे,सौरभ दूबे, अविनाश, विक्रांत, सुमित, मनु, रिशु, बड़ू सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

बेटी की शादी के लिए लिया था ऋण, अगलगी में जल गये रुपए

लातेहार। मनिका थाना क्षेत्र के बरवईया खुर्द ग्राम निवासी सिपाही भुईया के घर में आग लग गई. घटना शनिवार रात की है। इस अगलगी में लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। पीड़ित सिपाही भुइयां ने बताया कि वह अपनी पुत्री की शादी के लिए एक लाख रुपया का ऋण लिया था। अगलगी में सब पैसा जलकर राख हो गया। घर का सारा अनाज भी जल गया। एक ही घर में 10 परिवार के लोग रहते हैं। अब उनके पास रहने के लिए कोई आशियाना नहीं है।

मरीज को दी जायेगी हर संभव मदद : पूर्व विधायक

मेदिनीनगर। पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर रविवार को मेदिनीनगर सदर अस्पताल में टीवी रोग से ग्रसित पाटन थाना क्षेत्र के अंगरा गांव निवासी अत्यंत गरीब शिव कुमार उरांव की हाल को जानने पहुंचे।बताते चले की शिव कुमार उरांव करीब 6 माह से टीबी रोग से ग्रसित है।शिव कुमार बहुत ही गरीब व्यक्ति है।बीमार होने के कारण घर का खर्चा चलाना भी इसके लिए मुस्किल हो गया है।सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है।मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर में बताया कि उन्हें किसी व्यक्ति के माध्यम से पता चला था कि एक गरीब व्यक्ति पाटन क्षेत्र के शिव उरांव कई महीनो से टीबी रोग से ग्रसित है इसकी सूचना पाकर वह रविवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंचे।अस्पताल पहुंच कर उन्होंने टीवी मरीज का देखरेख कर रहे डॉक्टर आरके रंजन से टीबी मरीज के बारे में स्वास्थ की जानकारी ली।पूर्व विधायक ने डॉक्टर से स्वास्थ की जानकारी लेने के बाद मरीज के परिजनो को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया और मरीज के परिजनों से कहा कि शिव को रांची लेकर जाए। वहां पर कोई भी सुविधा चाहिए तो हमसे संपर्क करे। वहां पर हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवाया जाएगा।

कोचिंग सेंटर के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिहरगंज। गुरुकृपा कॉन्वेन्ट पब्लिक स्कूल सह कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने मैट्रिक के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर प्रखंड का नाम रोशन किया है। कोचिंग सेंटर के बच्चों का रिजल्ट शत-प्रतिशत आया है। मैट्रिक के परीक्षा में जहां अनुराग कुमार 91 प्रतिशत अंक लाकर सीता टेन प्लस टू उच्च विद्यालय में टॉप किया है. वही आयुष 87, हिमांशु 86, अंकुर 85, सागर 84, धर्मेंद्र 83, प्रिंस 80, नवदीप 79.8, राखी 79, सीकेश 77, सुनिधि 76, सुभाष 76, जेबा 76, रिशु 75, रौशन 75, समर 74, शिवानी 74, निशा 72.2, मनदीप 70, अंजलि 69, कुमकुम 76, उषा 65, कोमल 61 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है. इसके अलावे निशा, गुनगुन, अर्पण, रौशन, प्रियांशु, अर्चना, जया सहित दर्जनाधिक विद्यार्थी का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है. सभी उतीर्ण विद्यार्थियों को कोचिंग सेंटर के संचालक मनोज कुमार सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया. उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की. साथ ही कहा कि परिश्रम से ही सफलता पायी जा सकती है. वही विद्यार्थियो ने सफलता का श्रेय. कोचिंग सेंटर के शिक्षको को दी है. इस अवसर पर बब्लू कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रंजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन

लातेहार। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर रविवार को मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मो अब्दुल नसीर व न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी राहुल कुमार मौजूद थे। मो अब्दुल नसीर ने बंदियों को कानून की कई बुनियादी जानकारी दी। उन्होने जमानत, वाद की प्रक्रिया, वादों का निपटारा और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया।

मतदाता सूची में नहीं है नाम तो जल्द-से-जल्द अपना नाम सूची में करा लें शामिल : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर गूगल मीट के माध्यम से रविवार को बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूचि में शामिल करने हेतु प्राप्त किए जा रहे प्रपत्र 6 की स्थिति (परियोजनाओ के श्रमिकों का भी फार्म 6 के माध्यम से मतदाता सूचि में नाम जोड़ने से संबंधित), सीएपीएफ लोकेशनवार मूलभुत सुविधाएं, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल द्वारा निर्माण कराए जा रहे स्नानागार एवं शौचालय आदि कार्यों, शौचालय निर्माण किस मद से कराया जा रहा है, जिले के सभी बूथों पर पेयजल

की समुचित व्यवस्था, स्वीप गतिविधि, विद्युत की उपलब्धता समेत अन्य की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सीएपीएफ लोकेशन पर किए जा रहे शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण करने का निर्देश सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ को दिया गया। साथ ही उन्होने कहा ससमय शौचालय निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाय। वैसे बूथ जहां पर विद्युत की उपलब्धता नहीं है, वैसे बूथों पर विद्युत आपूर्ति हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कर लिया जाय। कहा निर्वाचन के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही देखी जाएगी तो अविलम्ब अधिकारी और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कार्यों का निर्वहन इमानदारी पूर्वक करें। वर्ष 2019 के निर्वाचन के दौरान वैसे बूथ जहां 46 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है उसकी सूचि उपलब्ध कराते हुए वैसे बूथों पर विशेष रूप से स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

सीसीएल के तकनीकी निदेशक ने मगध परियोजना क्षेत्र का किया निरीक्षण

टंडवा (चतरा)। बेहतरीन कोयला उत्पादन लक्ष्यों को हासिल कर सर्वाधिक मुनाफा कमाने वाली सीसीएल की परियोजना क्षेत्र में शुमार टंडवा प्रखंड अंतर्गत मगध कोल परियोजना क्षेत्र का दौरा रविवार को सीसीएल के तकनीकी (संचालन) निदेशक हरीश दूहान ने किया। जहां मगध-संघमित्रा परियोजना क्षेत्र के व्यू पॉइंट से उन्होंने खनन गतिविधियों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान खदान संचालन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जीएम नृपेन्द्र नाथ से जानकारियां लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। सूत्रों की मानें तो नये खदानों के विस्तार संबंधित कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुवे कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं तकनीकि निदेशक द्वारा। निरीक्षण के क्रम में परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा, खान प्रबंधक मो. अकरम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

दुर्घटना में दिवंगत सहायक अध्यापक के परीवार को संघर्ष मोर्चा ने किया आर्थिक सहयोग

नवीन मेल संवाददाता

चतरा/प्रतापपुर। जिले के चतरा सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हेठ बैरियो के दिवंगत सहायक अध्यापक के परिजनों को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा चतरा के द्वारा पचास हजार की आर्थिक सहायता राशि रविवार को दी गई। बताते चलें कि दिवंगत ग्राम शेरपुर, पंचायत सिकिद, प्रखंड एवम जिला चतरा के रहने वाले जीवलाल दास की मौत 10 फरवरी 2024 को भुइयाडीह के समीप सड़क दुर्टघटना में घायल होने से हो गई थी। उनके मौत के बाद पूरा परिवार बेसहारा हो गया था, क्योंकि घर के इकलौता कमाउ सदस्य थे। इनके दो पुत्र और दो पुत्री और पत्नी सहित पूरा परिवार बेसहारा हो गया। ऐसे में सहायक शिक्षक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई चतरा ने आपसी सहयोग चंदा करने के बाद 50000 जमा राशि रविवार को स्वर्गीय जीवलाल दास की पत्नी को देकर आर्थिक सहयोग किया। दिवंगत के संबंध में सहायक अध्यापक नंदकिशोर यादव ने बताया कि इनका जन्म 1 जनवरी 1987 को हुआ था और वर्ष 2003 से पहले पहले अभियान विद्यालय और बाद में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोरेगड़ा में कार्यरत थे।

भगवान महावीर जयंती पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा

पुलिस सुरक्षा के साथ निकाली गयी थी भगवान महावीर की शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मेदिनीनगर दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई. भगवान महावीर के कलशाभिषेक एवं शांति धारा महेंद्र, रितेश, नितांत, पाटनी एवं सुभाष, सुनील, राजीव राजा द्वारा किया गया. तत्पश्चात भगवान महावीर को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर थाना रोड, अस्पताल चौक, कनीराम चौक, घास पट्टी, पोस्ट ऑफिस रोड, छह मुहान, जिला स्कूल चौक, बम पटाखा मोड, जय भवानी संघ चौक होते हुए वापस जैन मंदिर जाकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं शोभा भगवान महावीर की जयकारा लग रहे थे जबकि आगे आगे संगीत प्रस्तुत किया जा रहा था। रथ पर सारथी के रूप में धर्मचंद, सुनील रारा थे। आरती सुभाष चंद्र,सुमीत सागर लारा के द्वारा की गई। जैन उत्सव पर उन्होंने बालक के रूप में भगवान को पालना में झूलने का कार्य महिला मंडल सचिव बबीता कल काला के निर्देशन में संचालित किया गया। शोभा यात्रा में स्थानीय संगीतकार विनायक शर्मा के द्वारा बेहतर भजन प्रस्तुत किया गया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से अध्यक्ष सचिन सागर जैन उपाध्यक्ष पंकज जैन कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन पूर्व अध्यक्ष सुरेश जैन सहित कई लोग उपस्थित थे।

नगर निगम ने टैंकर से शुरू कराई जलापूर्ति

मेदिनीनगर। गर्मी के बढ़ते ही शहर के अधिकांश चापाकल सूखने लगे हैं. वहीं शहरी जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है। इन सब के बीच मेदिनीनगर नगर निगम प्रशासन ने शहर के 20 वार्डों को चिन्हित कर टैंकर से जलापूर्ति का कार्य शुरू कराया है। निगम प्रशासन द्वारा फिलहाल 35 वार्डों में से शहर के 20 वार्डो को चिन्हित कर जलापूर्ति कार्य शुरू कराया है। इनमें निमियां, बैरिया, आबादगंज, कांदू मोहल्ला के इलाके शामिल हैं। इधर बढ़ रही गर्मी वह पेयजल किल्लत को देखते हुए शहरवासियों ने निगम प्रशासन से टैंकरों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन ने बताया कि फिलहाल शहर के प्रभावित इलाके में टैंकर से 35 ट्रीप पानी का वितरण किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर इसकी संख्या बढ़ायी जायेगी।

पेज एक के शेष

संविधान की दुहाई देने वाले ...

में हिम्मत था, तो आज की रैली में पिछले 5 वर्ष का रिपोर्ट कार्ड देते। जनता को बताते कि पिछले 5 साल में उन्होंने झारखंड के लिए क्या किया है। पिछले 5 साल में उनके द्वारा किए गए दावे और वादे सब खोखले रहे। उन्होंने 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था। हर साल एक जेपीएससी कराने की बात कही थी। सरकार के मंत्री का कहना है कि अब तक झारखंड में महज जेपीएससी से 400 नियुक्तियां हुई है।

कदम-कदम बढ़ाए ...

फड़फड़ा रहे हैं। उन्होंने रैली को लेकर सोशल मीडिया पर कई और पोस्ट शेयर किए। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा है, मुंह में सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए इन नेताओं को झारखंड के आदिवासियों और जल-जंगल-जमीन से कोई सरोकार नहीं है, ये बस अपना अस्तित्व बचाने के लिए इकट्ठा हुए हैं। इन्हें लगता है कि जनता इनके कारनामे को नहीं जानती है, लेकिन इन्हें ये नहीं पता कि जनता इनके इरादे से अच्छी तरह वाकिफ है। उन्होंने आगे लिखा है, गरीब आदिवासियों की जमीन छीनने वाले आज लोकतंत्र को खतरे में बता रहे हैं।

कांग्रेस ने रांची से सुबोधकांत की...

ने यह सूचना दी है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही आंध्रप्रदेश के लिए नौ और उम्मीदवारों की भी घोषणा की गई है। मालूम हो कि गत 16 अप्रैल को गोड्डा से कांग्रेस ने दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया था लेकिन पार्टी के अंदर भारी विरोध के कारण उनका टिकट काट कर प्रदीप यादव को टिकट दिया गया है। इधर रविवार को राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय रैली के मंच पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यशस्विनी सहाय को पार्टी उम्मीदवार बनाए जाने पर बधाई दी।

कौन हैं यशस्विनी सहाय : यशस्विनी सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय व लोकप्रिय टीवी कलाकार रेखा सहाय की सुपुत्री हैं। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने मुंबई से बैचलर ऑफ लॉ की डिग्री हासिल की। तत्पश्चात ट्रांस्नेशनल क्राइम एंड जस्टिस, (यूनाइटेड नेशंस क्राइम एंड जस्टिस रिसर्च इंस्टीट्यूट), टुरिन, इटली से लॉ में मास्टर डिग्री प्राप्त किया। वर्तमान में यशस्विनी सहाय मुंबई फैमिली कोर्ट और मुंबई सेशन कोर्ट में बतौर अधिवक्ता अपनी सेवाएं दे रही हैं। वह राष्ट्रीय स्तर की गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन से भी जुड़ी हैं। मरूनालनी देशमुख (वरिष्ठ अधिवक्ता) के साथ जुड़कर लीगल एडवाइजर के रूप में वहां भी सेवाएं दे रही हैं। इसके तहत वह विशेष रूप से झारखंड में बाल श्रम, यौन शोषण की रोकथाम और पोक्सो एक्ट के सफल कार्यान्वयन के लिए कार्य कर रही हैं। हाल के दिनों में पीड़ित मानवता के सेवार्थ झारखंड में उनके कार्यों को सराहा गया है।

चमरा लिंडा कर सकते हैं ...

देने की मांग करती रही है। बहुत संभव है कि वह निर्दलीय के तौर पर नामंकन करें। इससे लोंरदगा में मुकाबला तीनकोणीय हो जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

आरक्षण खत्म कर देंगे पीएम मोदी : ओवैसी

हैदराबाद। एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को हैदराबाद में कहा कि चुनाव जीतने के बाद केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के आरक्षण छीन लेगी। एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मेरी बात याद रखियेगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान में संशोधन करेंगे, आरक्षण छीन लिया जाएगा। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत-चीन गतिरोध का जिक्र करते हुए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा, "मैं अमित शाह को चुनौती देता हूं कि चीन ने हमारे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है।

सलमान खान आवास पर फायरिंग मामले में लॉरेंस विश्नोई से करेगी पूछताछ

मुंबई। फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर हुई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई से पूछताछ करेगी। इस संदर्भ में मुंबई पुलिस जेल प्रशासन से उसे कस्टडी में लेने के लिए आवेदन देने वाली है। साथ ही लॉरेंस के भाई अनमोल विश्नोई को भी क्राइम ब्रांच ने वांटेड सूची में शामिल किया है और जल्द ही अनमोल के विरुद्ध लुकआऊट नोटिस जारी करने वाली है। पुलिस के अनुसार अब तक की जांच में बिश्नोई के खिलाफ कुछ सबूत और गवाह मिले हैं। जिसके आधार पर बिश्नोई भाइयों को मामले में आरोपित बनाया गया है।

बीजापुर मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, विस्फोटक व नक्सली सामग्री बरामद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत केशकुतुल के जंगल में रविवार सुबह 5.30 बजे सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर कर दिया। सुरक्षाबल के जवानों ने मुठभेड़ स्थल से नक्सलीद का शव बरामद कर मौके से हथियार, विस्फोटक एवं अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया है। जानकारी के अनुसार केशकुतुल-केशामुंडी के जंगल में नक्सलियों के डिविजन सप्लाई का टीम कमांडर कवासी पण्डरू एवं अन्य 15-20 नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर के जवानों ने सर्चिंग अभियान चलाया था। नक्सलियों के कोर इलाके में सुरक्षाबल के जवानों के पहुंचने पर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

सीएए पर राजनाथ सिंह, ममता बनर्जी में जुबानी जंग

एजेंसी। कोलकाता

विवादास्पद सीएए को लेकर रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीएए को पूरे देश में किसी भी कीमत पर लागू किया जाएगा, जबकि मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इसे कभी लागू नहीं होने देंगी। राजनाथ सिंह ने मुर्शिदाबाद के जलांगी में एक चुनावी रैली में कहा, सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए है जिन्होंने धार्मिक कारणों से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों को छोड़ दिया है। ममता बनर्जी और उनकी पार्टी इसका विरोध कर सकती है, लेकिन सीएए किसी भी कीमत पर देश में लागू किया जाएगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल धार्मिक तनाव को बढ़ावा दे रहा है। यह नेताजी सुभाष

चंद्र बोस और चैतन्य महाप्रभु की भूमि है। रक्षा मंत्री ने कहा, "पश्चिम बंगाल में अराजकता है।" उत्तर बंगाल के पड़ोसी बालुरघाट इलाके में एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पलटवार करते हुए कहा कि वह देश में सीएए लागू नहीं होने देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, वे (भाजपा) सीएए और एनआरसी को चुनौती देने के मेरे अधिकार पर सवाल उठा रहे हैं। वे कौन होते हैं मुझसे सवाल करने वाले? जब मैंने कहा कि हम सीएए और एनआरसी को लागू नहीं होने देंगे तो मेरा मतलब यही है। उन्होंने असम में एनआरसी लागू करने की कोशिश की, तृणमूल कांग्रेस इसका विरोध करने वाली एकमात्र राजनीतिक पार्टी थी।" उन्होंने भाजपा पर पिछले 10 वर्षों के दौरान केवल देश की संपत्तियों को बेचने पर ध्यान केंद्रित करने का भी आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा, आपने देश की संपत्ति बेच दी है। आपने देश का इतिहास बदल दिया है। क्या आपने कोई अच्छा काम किया है? आपने मनरेगा के तहत 100 दिन की नौकरी के लिए केंद्र से मिलने वाला पैसा भी रोक दिया।

सरकार बनी तो संसद के पहले ही सत्र में सीएए वापस लिया जाएगा : पी. चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनी तो नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को वापस लिया जाएगा। कांग्रेस ने भले ही अपने घोषणापत्र में इसका जिक्र नहीं किया लेकिन संसद से पहले सत्र में इसे वापिस लिया जाएगा। कांग्रेस के घोषणापत्र के जारी होने बाद कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि पार्टी ने आखिरी समय में इसे अपने घोषणा पत्र से हटाया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में सीएए का उल्लेख नहीं होने से पार्टी वाम दलों के निशाने पर है। केरल के मुख्यमंत्री पिनारई विजयन ने इसको लेकर पार्टी की आलोचना की थी। चिदंबरम ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा कि पार्टी कई कानूनों को वापिस लेगी। वे घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष रहे हैं। घोषणापत्र में भले ही इसका उल्लेख नहीं किया गया लेकिन इसे वापिस लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इसका विरोध में संसद में भी किया था। तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने इसके खिलाफ संसद में पार्टी की ओर से पक्ष रखा था। चिदंबरम ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर एक विशेष कानून लाया जाएगा। इसके तहत 'जमानत नियम, जेल अपवाद होगा। केरल के महान सपूत जस्टिस कृष्णा के शब्दों में जमानत नियम है, जेल अपवाद है। निचली न्यायपालिका, मजिस्ट्रेट और जिला न्यायाधीशों में इस नियम का शायद ही कभी पालन किया जाता है। हर कोई जमानत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकता है।

राजस्थान में शादी समारोह से लौट रहे नौ दोस्तों की सड़क दुर्घटना में मौत

एजेंसी। जयपुर

राजस्थान के झालावाड़ जिले में शादी समारोह से लौट रहे नौ लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। वे लोग जिस वैन में सवार थे, वह एक ट्रक से टकरा गई। वैन में 10 लोग सवार थे और वे मध्य प्रदेश के डूंगरी (खिलचीपुर) में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। यह हादसा जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में भोपाल रोड पर आज सुबह तीन बजे हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वैन में फंसे घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अकलेरा पुलिस थाने के निरीक्षक संदीप विश्नोई ने आईएएनएस को बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर ने कहा, अस्पताल ले जाए गए 10 घायलों में से नौ को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि एक का इलाज किया जा रहा है। वह खतरे से बाहर है। विश्नोई ने बताया, अकलेरा कस्बे से शुक्रवार

को एक बारात मध्य प्रदेश के खिलचीपुर इलाके में गई थी। वैन में सवार 10 लोग शनिवार देर रात शादी समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान "एनएच-52 पर अकलेरा के पास उनकी वैन एक ट्रक से टकरा गई।" मृतकों में से सात एक ही गांव के थे और उनका अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने मौतों पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हृदयविदारक सड़क हादसे की खबर सुनकर मन दुखी है। मैं ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं। उन्होंने कहा, ₹शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इस कठिन समय में हम आपके साथ हैं।

कांग्रेस ने परिवारवाद-भ्रष्टाचार का दीमक फैला देश को किया खोखला : पीएम मोदी

400 सीटें जीतने वाली पार्टी आज मात्र 300 सीटों पर चुनाव लड़ने को मजबूर

25 प्रतिशत सीटें देश में ऐसी हैं, जहां इस गठबंधन के लोग एक-दूसरे से लड़ रहे हैं

एजेंसी। जालोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में चल रहे अपने चुनावी महाअभियान के क्रम में रविवार को जालोर के भीनमाल में पार्टी प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान फिर एक बार कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि इन्होंने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया। इन्हीं पापों की सजा देश कांग्रेस को दे रहा है। देश का युवा इतने गुस्से में है कि वह दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता। प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा कि जिस पार्टी ने कभी 400 सीटें जीती थीं, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है, उसे उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे। इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। कहने को तो गठबंधन है, लेकिन अब हालत देखिए। देश में 25 प्रतिशत सीटें ऐसी हैं, जहां ये गठबंधन के लोग एक-दूसरे को मारने-काटने में लगे हैं। कांग्रेस की कभी नीयत ही नहीं रही कि किसानों, यहां के लोगों को पानी मिले। इसका एक उदाहरण है सालगांव बांध परियोजना, ये परियोजना साढ़े चार दशक पहले तब बनी थी, जब हर जगह कांग्रेस ही कांग्रेस थी, लेकिन यह योजना कभी पूरी नहीं हुई। अगर यह बांध समय पर बनता तो 30 लाख रुपये से कम में ही बन जाती। आज इसकी लागत ढाई सौ करोड़ तक पहुंच गई है। अब भाजपा सरकार इसे तेजी से पूरा करने में जुटी है। आपके इस सेवक ने किसान के हर खेत और हर बहन के घर तक पानी पहुंचाना अपना मिशन बनाया। इतिहास में पहली बार जल जीवन मिशन जैसा कार्यक्रम चल रहा है। सिर्फ पांच वर्ष में ही देश में 11 करोड़ से अधिक नए परिवारों को नल से जल दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी है, आपका सपना ही मेरा संकल्प है। मेरा पल-पल आपके नाम। मेरा पल-पल देश के नाम। शुरूआती इलाज के लिए आपको दूर न जाना पड़े, इसके लिए राजस्थान में 10 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। सिरोह में मेडिकल कॉलेज बनने से बहुत फायदा हुआ है। जालोर में भी मेडिकल कॉलेज बनकर जल्द तैयार होगा। मोदी का मिशन है आने वाले दिनों में ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज बने। मोदी ने कहा कि मकानविहीन लोगों को गारंटी दे देना कि मोदी तीसरी बार आएगा घर पक्का मिलेगा। मेरी बात पर भरोसा करना, मेरे लिए तो आप ही मोदी हैं आप बोलकर आ जाइए, मोदी इसको पूरा करेगा।

भगवान महावीर के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता दर्शाती है कि देश सही दिशा में जा रहा है : मोदी

नई दिल्ली। पीएम ने रविवार को भारत मंडपम में महावीर जयंती के अवसर पर 2550 वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक स्मारक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया। मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के समय में भगवान महावीर के मूल्यों के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता दर्शाती है कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम 2500 वर्षों के बाद भी भगवान महावीर का निर्वाण दिवस मना रहे हैं और उन्हें यकीन है कि देश आने वाले हजारों वर्षों तक भगवान महावीर के मूल्यों का जश्न मनाता रहेगा। दुनिया में जारी कई युद्धों के बीच हमारे तीर्थंकरों की शिक्षाओं ने एक नई प्रासंगिकता हासिल की है। उन्हीं की शिक्षाओं पर चलते हुए आज भारत विभाजित दुनिया में 'विश्व बंधु' के रूप में अपनी जगह बना रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने भगवान महावीर की मूर्ति पर चावल और फूलों की पंखुड़ियों से श्रद्धांजलि अर्पित की और स्कूली बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी पर वर्तमान में वर्धमान नामक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देखी।

ओडिशा : कांग्रेस ने दो लोस, 13 विस सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की

एजेंसी। भुवनेश्वर

कांग्रेस ने शनिवार को ओडिशा की दो लोकसभा सीटों और 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की एक नई सूची जारी की। पार्टी ने एक लोकसभा और तीन विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों को बदल दिया है, जिनके नाम पहले जारी सूची में शामिल थे। क्योंझर लोकसभा सीट पर मोहन हेम्ब्रम की जगह बिनोद बिहारी नायक को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह, कंधमाल संसदीय क्षेत्र के तहत कंटामाल विधानसभा क्षेत्र पर मनोज कुमार आचार्य के स्थान पर शरत कुमार प्रधान को मैदान में उतारा है। संजय कुमार मंडल ने अस्का संसदीय क्षेत्र के तहत कबिसूर्यानगर विधानसभा सीट पर बिपिन बिहारी स्वैन की जगह ली है। पार्टी ने जयंत कुमार भोई के स्थान पर भुवनेश्वर लोकसभा सीट के तहत जयदेव विधानसभा क्षेत्र के लिए कृष्णा सागरिया को भी नामांकित किया। कांग्रेस ने हाई प्रोफाइल संबलपुर लोकसभा क्षेत्र से दुलाल चंद्र प्रधान को मैदान में उतारा है, जहां भारतीय जनता पार्टी से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और बीजू जनता दल के दिग्गज नेता प्रणब प्रकाश दास पहले ही प्रचार अभियान में उतर चुके हैं। देवकांत शर्मा को कांग्रेस ने अस्का लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। एक अन्य बड़े घटनाक्रम में, पार्टी ने पुरी लोकसभा क्षेत्र के निमापारा विधानसभा क्षेत्र से निष्कासित वरिष्ठ नेता सुरेश कुमार राउत्रे के बड़े बेटे सिद्धार्थ राउत्रे को टिकट दिया है। कांग्रेस ने पूर्व बीजद विधायक सिप्रा मलिक को भी मैदान में उतारा, जो 18 अप्रैल को केंद्रपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी में शामिल हुई थीं। इस बीच, अमिता बिस्वाल, मनोज कुमार प्रधान और ज्ञान रंजन पटनायक को क्रमशः झारसुगुड़ा, खंडापाड़ा और पिपिली विधानसभा क्षेत्रों से नामांकित किया गया है। पार्टी ने अब तक 147 विधानसभा क्षेत्रों में से 136 और 21 लोकसभा क्षेत्रों में से 19 पर उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने सुंदरगढ़ जिले की दो विधानसभा सीटें बीरमित्रपुर और बोनाई निर्वाचन क्षेत्र भी क्रमशः झारखंड मुक्ति मोर्चा और माकपा के लिए छोड़ दी हैं।

परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकते हैं पुतिन : यूलिया नवालनी

एजेंसी। गमुंद (जर्मनी)

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी रहे विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की विधवा यूलिया नवालनी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बारे में चेतावनी देते हुए कहा कि इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि वह कभी भी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकते हैं। यूलिया नवालनी ने डीपीए से कहा, हम नहीं जानते कि उनसे क्या उम्मीद



करें। लेकिन वह ऐसा कर सकते हैं। यूलिया नवालनी ने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच मजबूत संबंधों को देखते हुए उन्हें उम्मीद नहीं थी कि पुतिन यूक्रेन पर हमला करेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा किया। वह लोगों को डरा कर रखना चाहते हैं। कोई नहीं जानता कि पुतिन आगे क्या करने जा रहे हैं। 2014 में क्रीमिया पर अवैध कब्जा करने के बाद पुतिन ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया। यूलिया नवालनी ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि पुतिन के पास वास्तव में कोई मजबूत रणनीति है। एलेक्सी नवालनी कई वर्षों तक रूस में सबसे प्रमुख विपक्षी नेता थे।

पूर्वी भारत में लू का कहर, झारखंड के 21 जिलों में तापमान 40 से ऊपर

सबसे ज्यादा तापमान सरायकेला खरसावां में 45.4 डिग्री दर्ज किया गया

बंगाल में रेड अलर्ट, ओडिशा और बिहार समेत कई राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

देशभर में बढ़ती गर्मी और लू से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। झारखंड के 21 जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा है। सिर्फ रांची 39.4 लातेहार 39.7 और साहेबगंज में तापमान 39.3 डिग्री दर्ज किया गया है। सरायकेला खरसावां में सबसे ज्यादा तापमान 45.4 डिग्री दर्ज किया गया है जबकि जमशेदपुर में तापमान 44.5 है। पूरे कोल्हान प्रमंडल में 43 डिग्री से ज्यादा के भीषण गर्मी ने लोगों का जिना मुहाल कर रखा है। उसी तरह पलामू में 43.6 और गढ़वा में 42.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। झारखंड में हिटवेव की चेतावनी जारी की गई है। वहीं कोलकाता में तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जबकि आसनसोल व दुर्गापुर में तामपान 41 डिग्री से ऊपर है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा, इस समय पूर्वी भारत में लू चल रही है। आने वाले चार-पांच दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। हीटवेव को देखते हुए पश्चिम बंगाल में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहां का तापमान सामान्य से पांच-छह डिग्री अधिक है। पश्चिम बंगाल में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक है। अनुमान है कि सोमवार से तापमान में गिरावट हो सकती है। उसके बाद चार दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट दिया गया है।'

ओडिशा में ऑरेंज अलर्ट

आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा कि ओडिशा में सोमवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बिहार में आने वाले पांच दिनों में लू का प्रकोप रह सकता है, जिसके लिए हमने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दो दिन के कमी के बाद फिर ओडिशा में गर्मी बढ़ेगी। वहीं दक्षिण प्रायद्वीपीय में लू का कोई अनुमान फिलहाल नहीं है, लेकिन हमारे द्वारा दी गई चेतावनी 'गर्म और आर्द्र' के लिए है और अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक है। केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के लिए हमने अगले चार-पांच दिनों के लिए 'गर्म एवं आर्द्र' चेतावनी जारी की है।'

हल्की बारिश की संभावना

आईएमडी दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा, 'दिल्ली में आने वाले दो-तीन दिनों तक तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इसके बाद इसमें धीरे-धीरे एक-दो डिग्री की वृद्धि हो सकती है और इसके साथ ही कल हल्की बारिश की संभावना है। उत्तर-पश्चिम भारत में इसके 40 या 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने की कोई उम्मीद नहीं है।'

पुलिस पर हमला मामले में अभिनेत्री कोरोबी शर्मा समेत दो गिरफ्तार

गुवाहाटी। गुवाहाटी में पुलिस अधिकारी पर हमला करने के मामले में अभिनेत्री कोरोबी शर्मा और मयूरी गौतम को रविवार को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, रविवार की सुबह गुवाहाटी के बसिष्ठ थाना क्षेत्र के एक बार में एक पुलिस अधिकारी पर बेरहमी से हमला किए जाने का आरोप लगा था। बताया गया कि प्रदीप बसुमतारी नामक पुलिस अधिकारी और ईसीएचओ स्थानीय बार के कर्मचारियों के बीच टकराव हुआ। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि पुलिस अधिकारी बसुमतारी के साथ पहले कहासुनी हुई। फिर मारपीट में बदल गयी। जिसके परिणामस्वरूप बसुमतारी की जमकर पिटाई की गई। बसुमतारी ने आरोप लगाया कि उस पर डीजल डालकर जलाने का भी प्रयास किया गया। इस मामले में अभिनेत्री कोरोबी शर्मा और मयूरी गौतम को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । मामले की जांच चल रही है।

गुरुग्राम में बड़ा हादसा

दीवार गिरने से दो लड़कियों समेत पांच लोगों की मौत

एजेंसी। गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार रात एक श्मशान घाट की दीवार गिरने से दो लड़कियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए । पुलिस ने आज यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों के हवाले से कहा कि दीवार के सहारे लकड़ियां खड़ी की गई थी, जिस कारण कल रात दीवार झुककर गिर गई। दीवार के अचानक गिरने से उसके समीप बैठे कुछ लोग और पास में खेल रहे बच्चे इसमें दब गए। मृतकों की पहचान तान्या (11), खुशबू (10), देवी दयाल (70), मनोज गाबा (54) और कृष्ण कुमार (52) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी प्राप्त होती ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

वेस्ट बैंक में चल रहे इजरायली ऑपरेशन में 14 फिलिस्तीनी मारे गए

रामल्लाह। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तुल्कर्म शहर और उत्तरी वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर में लगातार तीसरे दिन चल रहे इजरायली सैन्य अभियान के दौरान कम से कम 14 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को भेजे एक प्रेस बयान में कहा, मारे गए 14 फिलिस्तीनियों के शवों को शहर के पूर्व में नूर शम्स फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर से तुल्कर्म अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा, इजरायली सेना सैन्य बुलडोजरों के साथ गुरुवार को शिविर में घुस गई, कड़ी घेराबंदी की और मुख्य सड़कों, बुनियादी ढांचे, आवासीय घरों और दुकानों को ध्वस्त कर दिया। सूत्रों ने बताया कि शिविर में बिजली-पानी की कटौती, संचार और इंटरनेट नेटवर्क के व्यवधान के साथ चल रहा सैन्य अभियान सबसे गंभीर था।